


सूर्योदय प्रातः 6:21 सूर्यास्त संध्या 5:04 पखवाड़ा पौष कृ. अष्टमी, संवत 2082 तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 08°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025, वर्ष : 16, अंक : 295, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,818.13 | 426.86 (0.51%) |
| निफ्टी | 25,898.55 | 140.55 (0.55%) |

सर्राफा बाजार — प्रति 10 ग्राम, 24 carat

| | |
|---|---|
| सोना | 1,26,890.00 |
| चांदी | 2090.00 |

## एक झलक

### एनआईए ने दो फरार आरोपितों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2019 के चर्चित रामलिंगम हत्याकांड में सात वर्ष से फरार चल रहे दो मुख्य आरोपितों- मोहमद बुरहानुद्दीन और मोहमद नबील हसन को तमिलनाडु के वेल्लौर जिले के पलिकोंडा से गिरफ्तार किया है। साथ ही, इनके तीन सहयोगियों के. मोहिदीन, मोहमद इमरान और थमीम अंसारी को भी हिरासत में ले लिया, जिन्होंने हत्या के बाद आरोपितों को छिपाने में उनकी मदद की थी। एनआईए के अनुसार, दोनों मुख्य आरोपित प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े थे और उन्होंने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर रामलिंगम की हत्या की साजिश रची थी। इनपुट मिलने के बाद एजेंसी ने कार्रवाई करते हुए सभी को पकड़ा।

### आईएसआईएस से जुड़े जिहादियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता** : आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े पैडघा मॉड्यूल की जांच में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकातामें बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का मकसद उन लोगों की गतिविधियों की जांच करना है, जिन पर आतंक से जुड़े कामों को बढ़ावा देने, हथियार जुटाने और पैसे का इंतजाम करने का आरोप है। जांच एजेंसी ने सुबह से देशभर में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पैडघा-बोरीवली इलाके, रत्नागिरी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई शहरों के साथ ही कोलकाता स्थित घरों और दफ्तरों में तलाशी ली। मुम्बई में छापों के दौरान महाराष्ट्र एटीएस ने सुरक्षा दी, जबकि कोलकाता में केन्द्रीय बलों की मदद ली गयी।

### उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को 10 हजार के यात्रा वाउचर

**नयी दिल्ली** : परिचालन सम्बन्धी व्यवधानों से जूझ रही देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को राहत देने की घोषणा की है। कम्पनी डीजीसीए के मानदंडों के तहत दी जाने वाली धनराशि के अतिरिक्त प्रभावित यात्रियों को 10 हजार रुपये का यात्रा 'वाउचर' देगी।

## अंदर के पन्नों पर


3 राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में रांची जिले...

5 मानवाधिकारों की रक्षा, जागरूकता व न्याय के...

7 उपायुक्त ने की ग्रामीण योजनाओं की समीक्षा...

9 केसरिया बौद्ध स्तूप में टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर...

10 साउथ अफ्रीका ने भारत को 214 रन का दिया टारगेट...


## कार्टून कोना




झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गरमाया केन्द्रीय राशि का मुद्दा

# सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई तीखी नोक-झोंक

## ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा : मिलने के लिए समय नहीं देते केन्द्रीय मंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को केन्द्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जम कर नोक-झोंक हुई। मामले को उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से अधिकारियों की टीम को दिल्ली जाकर मिलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार कहा जाता है कि केन्द्रीय राशि के लिए विपक्ष सहयोग करे, लेकिन जब उन्होंने इस मामले की पड़ताल की, तो पता चला कि केन्द्र सरकार की ओर से दी जानेवाली राशि को लेकर कुछ गाइडलाइन्स होती हैं, जिनका पालन करना राज्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गाइडलाइन की जगह राज्य सरकार ने खुद की अपनी गाइडलाइन बना ली। इस वजह से केन्द्र और राज्य के बीच राशि को लेकर सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि वह भी जब क्षेत्र में जाते हैं, तो पंचायतों में मुखिया पैसे की कमी की बात कहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से एसटी और एससी के बच्चों को काफी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय राशि को लेने के लिए केन्द्र सरकार की कुछ शर्तें होती हैं, जिसे राज्यों को पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि राशि को लेकर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर या ग्रामीण विकास मंत्री या जरूरत पड़े, तो मुख्यमंत्री को दिल्ली जाना चाहिए और इस मामले पर केन्द्रीय मंत्रियों से बैठ कर मामले को सुलझाना चाहिए। इस मामले में हम सभी सहयोग को तैयार हैं।

**नेता प्रतिपक्ष को दी गयी है गलत सूचना : मंत्री**

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि वह सरकार की ओर से कई बार सुन चुके हैं कि 15 में वित्त आयोग की राशि केन्द्र की ओर से नहीं दी जा रही है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह मामला अनुपूरक बजट से सम्बन्धित है? यदि नहीं है, तो प्रश्नकाल को चलने देना चाहिए। वहीं, मामले ● शेष पृष्ठ 11 पर







### अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिये लोगों को मिलेगा तिलैया नहर का पानी : मंत्री

**अंडरग्राउंड** पाइपलाइन के जरिये तिलैया नहर का पानी स्थानीय लोगों को मिलेगा। इस योजना का डीपीआर यूडीपीएल के तहत तैयार किया रहा है। अंडरग्राउंड पाइपलाइन का उपयोग करने से स्थानीय लोगों से भूमि अधिग्रहण की झंझट नहीं रहेगी। ग्रामीण अपनी जमीन योजनाओं के लिए नहीं देना चाहते हैं। ये बातें जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि 1948 में डीवीसी का गठन हुआ था, ● शेष पृष्ठ 11 पर



### सदन में कुशवाहा मेहता-देवेन्द्र कुंवर ने उठाया ओबीसी आरक्षण का मुद्दा

**विधानसभा** शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को राज्य में ओबीसी आरक्षण शून्य करने से सम्बन्धित मामले को भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता और विधायक देवेन्द्र कुंवर ने गैर संकल्प के तहत सदन में उठाया। इसपर विभाग की ओर से तीन प्रभारी मंत्रियों दीपक बिरूआ, सुदिव्य कुमार और राधाकृष्ण किशोर ने बारी-बारी से जवाब दिया। मामले पर मंत्री राधा कृष्ण ने कहा कि ओबीसी आरक्षण मामले में हेमन्त सरकार भी चिन्तित है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## संथाल में दो अधिकारियों के बूते हो रहा सर्वे का काम, 50 वर्षों से काम पेंडिंग : हेमलाल

**झारखंड** मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को संथाल परगना प्रमंडल में पिछले 50 वर्षों से हो रहे सर्वे सेटलमेंट के अधूरे काम का मुद्दा उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत कहा कि संथाल में 1973 से सर्वे सेटलमेंट का काम हो रहा है, लेकिन यह अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 12,273 गांवों का सर्वे होना है। इनमें से केवल 687 गांवों का ही सर्वे हुआ है; शेष 11,586 गांवों का सर्वे का काम लम्बित है। विधायक ने कहा कि प्रमंडल में 25 के मुकाबले महज दो सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों के बूते यह कार्य हो रहा है। उन्होंने सरकार से संथाल में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कोयला खदान से उड़ते धूलकण पर होगा पानी का छिड़काव : योगेन्द्र



**सदन** में प्रभारी मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अब सभी कोयला खदान या आसपास की सड़कों पर वाहनों के चलने के कारण उड़ते धूलकण को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों में सुबह-शाम टैंकर से पानी का छिड़काव होगा। इसके साथ ही कोयला ढुलाई करनेवाले वाहनों को हर हाल में त्रिपाल ढकने के निर्देश दिये जायेंगे, ताकि लोगों को उड़ते धूलकण से श्वांस से सम्बन्धित बीमारियों से जूझना नहीं पड़े। मंत्री विधानसभा के शीताकलीन सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली में ● शेष पृष्ठ 11 पर

### डिजिटल एड्रेस इकोसिस्टम की विश्वसनीयता व राष्ट्रीय मानकीकरण पर डॉ. प्रदीप वर्मा ने उठाया महत्त्वपूर्ण प्रश्न

**राज्यसभा** के शून्यकाल के दौरान सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने देश में डिजिटल एड्रेस सिस्टम की विश्वसनीयता, उपयोगिता और भविष्य की योजनाओं से जुड़े एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की। उनके प्रश्नों का उत्तर संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेमासानी ने सदन में दिया। डॉ. वर्मा ने कहा कि देश के तेजी से विकसित होते डिजिटल ढांचे के बीच राष्ट्रीय डिजिटल एड्रेस इकोसिस्टम को अधिक भरोसेमंद, सुरक्षित और प्रभावी ● शेष पृष्ठ 11 पर

### रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पर जेएलकेएम विधायक ने उठाया सवाल



**विधानसभा** के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को झारखंड लोक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो ने सदन में झारखंड में 02 लाख 87 हजार रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया कब तक पूरा होगी, इससे सम्बन्धित सवाल उठाया। गैर संकल्प के तहत उठाये गये इस मुद्दे पर जयराम ने कहा कि वह हर बार सदन में सवाल उठाते हैं, लेकिन बार-बार विभागीय जबाव ● शेष पृष्ठ 11 पर

## त्योहार के साथ एक सभ्यतागत संदेश भी है दीपावली : राधाकृष्णन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सदन में दीपोत्सव दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर 2025 को घोषित इस प्रतिष्ठित मान्यता से हमारे देश और दुनियाभर में रह रहे भारतीयों के बीच खुशी और उल्लास का संचार हुआ है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं है; यह एक सभ्यतागत संदेश है।



राधाकृष्णन ने कहा कि यह अंधकार पर प्रकाश की, अज्ञान पर ज्ञान की, निराशा पर आशा की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसका सार्वभौमिक दर्शन आस्थाओं, क्षेत्रों और पीढ़ियों से परे है, जो भारत की मूल भावना अर्थात समावेशिता, कांति और दृढ़ता को दर्शाता है। दीपावली भारत का 16वां तत्त्व है, जिसे यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है, जिससे भारत की सभ्यतागत विरासत की आभा और संवर्धित हुई है।


### टीएमसी सांसद पर लोकसभा में ई-सिगरेट पीने का आरोप

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में गुरुवार को उस समय हंगामे के हालात बन गये, जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद पर सदन के भीतर ई-सिगरेट पीने का गम्भीर आरोप लगाया। ठाकुर ने बिना नाम लिये कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट प्रतिबंधित है, ऐसे में लोकसभा परिसर में इसका इस्तेमाल संसदीय मर्यादा का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला से पूछा कि क्या सदन में ई-सिगरेट के उपयोग की कोई अनुमति दी गयी है।

## अरुणाचल सड़क हादसे में 21 मजदूरों की मौत

**एजेंसी**

**इटानगर** : अरुणाचल प्रदेश के अंजॉओ जिले के मेतेंगलियांग गांव के पास सड़क से फिसलकर एक ट्रक लगभग 800 मीटर गहरी खाई में पलट गयी, जिसके चलते से 21 मजदूरों की मौत हो गयी। इस हादसे में घायल एक व्यक्ति के जरिये दो दिन बाद पुलिस को घटना की सूचना मिली, तब रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घटनास्थल से 17 शव बरामद किये जा चुके हैं और बाकी चार शवों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुराग द्विवेदी के अनुसार यह दुर्घटना 08 दिसम्बर की रात करीब 09 बजे हुई, जब असम के तिनसुकिया जिले से चागलागाम अपने कार्यस्थल की ओर जा रहे मजदूरों का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पूरे दो दिन बाद 10 दिसम्बर को जब मजदूर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे, तो मजदूरों के सहयोगियों ने हयूलियांग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी। इस पर हयूलियांग पुलिस ने लापता मजदूरों का पता लगाने के लिए स्थानीय सूत्रों से सम्पर्क किया।



हादसे में घायल एक व्यक्ति के जरिये दो दिन बाद पुलिस को घटना की सूचना मिली

## आजम खान आठ साल पुराने मामले में बरी...सेना को लेकर दिया विवादित बयान

**एजेंसी**

**रामपुर** : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री आजम खान के खिलाफ सेना पर विवादित बयान देने के आठ साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोप साबित न होने पर आजम को दोषमुक्त किया है। इस दौरान आजम वीडियो कान्फ्रेंस के द्वारा न्यायालय में उपस्थित रहे। आजम के अब तक 14 मुकदमे निस्तारित हो चुके हैं। इसमें सात में सजा मिली है, जबकि इतने ही मुकदमों में वे बरी हुए हैं।

दरअसल, सेना पर विवादित बयान का यह मुकदमा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जून 2017 को दर्ज कराया था। तब आजम खान सांसद थे। भाजपा विधायक का कहना था कि आजम सपा कार्यालय पर अपने कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। वह केन्द्र और प्रदेश सरकार के विरोध में बोल रहे थे। अचानक उन्होंने सेना के जवानों को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी कर दी। आजम खान के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने आरोप साबित नहीं होने पर दोषमुक्त कर दिया है।

## ई-20 पेट्रोल से वाहनों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं : गडकरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि ई-20 यानी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से वाहनों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि व्यापक परीक्षणों में यह ईंधन पूरी तरह सुरक्षित पाया गया है और इससे प्रदूषण कम करने तथा विदेशी मुद्रा बचाने में भी मदद मिलती है। लोकसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान एथनॉल मिश्रित पेट्रोल की प्रभावशीलता पर उठे सवालों का जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि सरकार द्वारा कराये गये विस्तृत परीक्षणों में ई-20 पेट्रोल से वाहनों की ड्राइवबिलिटी, स्टार्टबिलिटी, धातु और प्लास्टिक संगतता पर कोई नकारात्मक असर सामने नहीं आया है। ई-20 के प्रयोग से देश को महत्वपूर्ण आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ मिल रहे हैं। एथनॉल मिश्रण से अब तक 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक विदेशी मुद्रा की बचत हुई है, जबकि कच्चे माल के रूप में गन्ना और मक्का उपलब्ध कराने वाले किसानों को 40 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। गडकरी ने कहा कि एक अप्रैल 2023 से पहले बेचे गये वाहन ई-10 के अनुकूल हैं, जबकि इसके बाद बेचे गए वाहन ई-20 सामग्री-अनुपालन के मानकों पर खरे उतरते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पुराने वाहन को चरणबद्ध तरीके से हटाने या रेट्रोफिटिंग की आवश्यकता नहीं है और सामान्य घिसावट को नियमित सर्विसिंग में आसानी से सम्भाला जा सकता है।



## मुम्बई एयरपोर्ट पर विदेशी विमानों को उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ायी गयी



**एजेंसी**

**मुम्बई** : मुम्बई एयरपोर्ट के ईमेल पर गुरुवार को सुबह एक के बाद एक विदेशी विमानों को बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद एयरपोर्ट परिसर में पुलिस का तलाशी अभियान जारी है। इस धमकी के बाद एयरपोर्ट के आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। साथ ही, पुलिस धमकी भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की सुबह एयरपोर्ट के ईमेल पर अज्ञात शख्स ने मैसेज भेजा है। ईमेल भेजने वाले का दावा है कि जापान, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जाने वाली फ्लाइट्स में विस्फोटक पहले ही रखे जा चुके हैं। फ्लाइट्स के टेकऑफ करने के करीब आधे घंटे बाद वह एक के बाद एक फटेंगे।

राज्य सभा में 'वंदे मातरम्' पर चर्चा का सदन के नेता ने दिया जवाब

# कांग्रेस ने भारत की संस्कृति, सोच और मूल्यों से किया समझौता : नड्डा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राज्य सभा में गुरुवार को 'वंदे मातरम्' पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर 'वंदे मातरम्' गीत की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शुरू से ही कांग्रेस ने भारत की संस्कृति, सोच और मूल्यों से समझौता किया।

संसद में 'वंदे मातरम्' पर हुई चर्चा के समापन वक्तव्य में जेपी नड्डा ने कहा यह चर्चा दर्शाती है कि 'वंदे मातरम्' कितना प्रासंगिक और हमारे दिलों के कितना करीब है। यह बहस उन युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम की एक झलक देती है, जिन्होंने उन दिनों को अपनी आंखों से नहीं देखा है। यह गीत कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी है और इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम से उत्पन्न भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। यह हमें प्रेरित करता है और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति हमारे अंदर जोश भर देता है। जब अंग्रेजों ने हमारे स्कूलों में अपना राष्ट्रगान 'गॉड सेव द क्वीन' थोपना चाहा, तब बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने हमें 'वंदे मातरम्' गीत दिया, जिसका असर पूरे देश में हुआ। नड्डा ने कहा कि 'वंदे मातरम्' को वह सम्मान और स्थान नहीं मिला, जो मिलना चाहिए था और उस समय के नेता इसके लिए जिम्मेदार थे।

नड्डा ने नेहरू द्वारा 1937 में लिखे गये एक पत्र का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि गीत में कठिन शब्द हैं और यह आधुनिक राष्ट्रवाद के अनुरूप नहीं है। वह उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। नेहरू के नेतृत्व में साम्प्रदायिक तत्त्वों के दबाव में उन्होंने इस पवित्र गीत को बदला और उन अंतरों को हटा दिया, जिनमें भारत माता को मां दुर्गा के रूप में ● शेष पृष्ठ 11 पर



## भारत का लोकतंत्र जीवंत और सशक्त : सुधांशु त्रिवेदी

**राज्यसभा** में गुरुवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद अजय माकन ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, लेकिन आज शायद भारत में लोकतंत्र जीवित नहीं है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तीन तत्त्व होते हैं...सभी दलों के लिए समान अवसर, पारदर्शिता और विश्वसनीयता। निर्वाचन आयोग को अपनी विश्वसनीयता बहाल करनी चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि विश्वसनीयता में थोड़ी-सी कमी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर सकती है। पार्टियों के बैंक खातों में असमानताओं को उजागर करते हुए अजय माकन ने कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते 2024 चुनाव से पहले फ्रीज कर दिये गये थे और केवल चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उन्हें अनफ्रीज किया गया। पारदर्शिता को लेकर भी चिन्ताओं को उजागर करते हुए माकन ने कहा कि एक संशोधन के बाद अब मतदान केन्द्रों की सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच सम्भव नहीं रही। उन्होंने पूछा कि अगर कोई गलत काम नहीं हो रहा है, तो चुनाव अधिकारियों को प्रतिरक्षा (इम्युनिटी) क्यों दी जा रही है? जब विपक्ष महिलाओं ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया के तहत की गयी नियुक्ति

**बुढ़मू :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिला चुनाव प्रभारी की अध्यक्षता में बुढ़मू मंडल में अध्यक्ष जगलाल महतो, मंडल प्रतिनिधि राजू गोस्वामी और ठाकुरगांव मंडल अध्यक्ष संतोष यादव और मंडल प्रतिनिधि राम कुमार दुबे को चुनाव प्रक्रिया के तहत नियुक्त किया गया। इन नियुक्त होने पर बधाई व शुभकामनाएं देनेवाले में सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद प्रोफेसर आदित्य प्रसाद साहु, डा प्रदीप कुमार वर्मा, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, समरीलाल, मनोज वाजपेयी सहानंद यादव सहित अन्य शामिल है।

### सड़क दुर्घटना में कुंजला के युवक की मौत


**खूंटी :** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर अंगराबारी स्वास्थ्य उप केंद्र के पास बुधवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में दिलीप कुमार नामक 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक मुरहू थाना क्षेत्र के कुंजला गांव का रहने वाला। वैसे मूल रूप से उसका परिवार कर्रा थाना क्षेत्र के घासीबारी गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार अपने दोस्तों के साथ कृष्णा ढाबा में किसी का जन्मदिन मना कर वापस अपनी बाइक से कुंजला लौट रहा था। बाबा आमरेश्वर धाम के पहले स्वास्थ्य उप केंद्र के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इससे घटनास्थल पर ही दिलीप कुमार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मुरहू थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।

### जरूरतमन्दों व बुजुर्गों के बीच गर्म कम्बल का हुआ वितरण



**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से गुरुवार को अनगड़ा प्रखंड के सिरका पंचायत अंतर्गत गांधी ग्राम एवं महेशपुर गांव में जरूरतमंदों, बुजुर्गों के बीच गर्म कम्बल वितरित किये गये। कड़ाके की ठंड में यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत बनकर आई। कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन सिरका पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष समीम खान के कुशल नेतृत्व एवं अथक परिश्रम से संभव हो सका। समीम खान ने घर-घर जाकर सर्वे किया और सबसे ज्यादा जरूरतमंदों की सूची तैयार की। कार्यक्रम में अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष एतवा उरांव, विधायक प्रतिनिधि (मत्स्य विभाग) संजय नायक वा अन्य उपस्थित रहें।

### सुनील कुमार महतो बने भाजपा के अनगड़ा मण्डल अध्यक्ष



**अनगड़ा :** गुरुवार को महिलौंग में रांची जिला ग्रामीण के मंडल अध्यक्षों एवं मण्डल प्रतिनिधियों की अधिकारिक घोषणा प्रदेश के निदेशानुसार जिला चुनाव अधिकारी घूरण राम जी की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें अनगड़ा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो को मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा मैं सबों की अगुआई में मण्डल के अंतिम व्यक्ति तक भारतीय जनता पार्टी की विचार धारा जन जन तक पहुंचेगी 2029 की तैयारी अपने कंधे पर रहेगी। नई कार्यभार के लिए बधाई देने में पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,सुरेन्द्र महतो,जिला परिषद अनुराधा मुंडा,उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी,रामनाथ महतो, जगेश्वर महतो, संतोष महतो सहित अन्य बधाई दी।

## रामगढ़ उपायुक्त ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा

# नवनिर्मित 100 बेड के अस्पताल को हैंडओवर करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। दौरे के क्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बालिकाओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी बच्चों के शिक्षा संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय में फिल्ट्रेशन प्लांट लगाने का निर्देश दिया गया।कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू के उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त के द्वारा केंद्र के माध्यम से आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों से भी कई विषयों पर चर्चा की एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त के द्वारा पतरातू प्रखंड कार्यालय के समीप नवनिर्मित 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त के द्वारा भवन का निरीक्षण करते हुए भवन को हैंडोवर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया वहीं अस्पताल का संचालन शुरू कर आम जनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दौरे में उपायुक्त के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पतरातू का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कमरों का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यों से आने वाले आम जनों को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## आजसू छात्र संघ करेगा 'शिक्षा के लिए भिक्षा' आन्दोलन की प्रेसवार्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू छात्र संघ की प्रेसवार्ता युवा नेता पीयूष चौधरी की अगुवाई में हुई। जिसमें 17 दिसंबर सुबह 10 बजे से 'शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन' करने का औपचारिक ऐलान किया। इस दौरान पीयूष चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार की लापरवाही से छात्रवृत्ति का पैसा समय पर न मिलने से हजारों छात्रों की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। आर्थिक तंगी के कारण कई विद्यार्थी कॉलेज छोड़ने को विवश हो रहे हैं। यह आंदोलन सरकार को जगाने के लिए है। मौके पर आजसू प्रदेश संयोजक एवं रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,छात्र संघ जिलाध्यक्ष देव महतो, कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, युवा आजसू जिला सह-संयोजक मनोज महतो, रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष रोहित सोनी, हर्ष चौधरी, विशु रजवार, प्रभारी कुणाल महतो,अरुण दांगी, रुपेश महतो, लालू महतो, अजय आस्था, शंकर पासवान, अजय पांडेय, अमित महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



■ राजेश कच्छप गांव से लेकर सदन तक आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और सरना धर्म स्थलों के संरक्षण के लिए हमेशा मुखर रहे हैं : रिया तिर्की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी रिया तिर्की झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव ने प्रखंड के ग्राम सदमा, चन्द्रा एवं मधुकमा में सरना स्थल की पक्की घेराबंदी तथा सदमा-जरा में मुख्य पथ पर पुरानी पुलिया के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य विधायक निधि से हो रहा है। रिया तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि राजेश कच्छप जी गांव से लेकर सदन तक आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और सरना धर्म स्थलों के संरक्षण के लिए हमेशा मुखर रहे हैं। सरना स्थलों की पक्की घेराबंदी से इन पवित्र स्थलों की गरिमा बढ़ेगी और भावी पीढ़ी तक ये सुरक्षित रहेंगे। वहीं पुलिया के जीर्णोद्धार से ग्रामीणों को वर्षों से चली आ रही यातायात की बड़ी समस्या से स्थायी निजात मिलेगी। मौके पर जिला परिषद् सदस्य कमिशनर मुण्डा विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो विधानसभा सह प्रभारी अब्दुल रशीद अंसारी प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार विधायक प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग सफीउल्लाह अंसारी बाल विकास उमा देवी महिला अध्यक्ष अनीता देवी, प० स० स० रीण मुण्डा, मुखिया सीमा तिर्की, सुनील उरांव मंडल अध्यक्ष प्रदीप मुण्डा कांग्रेस नेत्री पूजा कच्छप, ललीता देवी, सुनिता देवी सदमा पंचायत अध्यक्ष रवि पहान 22 पहाड़ा अध्यक्ष बाबुलाल महली , सुरेश लोहरा, अक्षय स्वांसी, संजय कुमार, झिरगा पहान, राजाराम महतो,भगत उरांव,सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आरटीसी अनगड़ा में भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य आयोजन

# भारतीय भाषाएं हमारे देश की आत्मा : प्राचार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा,रांची में गुरुवार को भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य और रंगारंग समापन आयोजित किया गया। भारत की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक धरोहर और (Many Languages, One Emotion) की भावना का मनमोहक प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम में देखा गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा भारतीय भाषाएं हमारे देश की आत्मा हैं। विद्यार्थियों ने आज जिस उत्साह और गर्व से विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह उत्सव बच्चों में राष्ट्रीय एकता, भाषाई सम्मान और सांस्कृतिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका गायत्री सुदर्शी एवं स्नेहा शालिनी द्वारा किया गया। दोनों ने अपनी रचनात्मकता और समर्पण से पूरे आयोजन को आकर्षक व यादगार बना दिया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न भारतीय राज्यों के सांस्कृतिक स्टॉल रहे, जिनमें हर राज्य की भाषा, वेशभूषा, खान-पान, कला और लोक-संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर एक जीवंत Mini India जैसा प्रतीत हो रहा था। समापन अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बनाया। विद्यालय प्रशासन ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे

## ककरिया में एसीजी समूह ने समानता के अधिकार को लेकर निकाला कैंडल मार्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के ककरिया में जेंडर कैंपिंग के तहत एसीजी के महिला समुह व बुजुर्ग समुह के द्वारा एक साथ एक आवाज के तहत कैंडल मार्च निकालकर कर महिला पुरुष के समानता को लेकर संकल्प का आगाज किया गया। इस दौरान महिलाएं हाथों में बैनर व मोमबत्ती लिए समानता का अधिकार व लिंग हिंसा पर आधारित नारे भी लगाए। मौके जेंडर सीआरपी चांदमुनी कुमारी ने सभी को संकल्प दिलाया साथ ही कहा कि समानता को लेकर सभी महिलाएं एक स्वर में आवाज उठाएं। बेटे व बेटियों के जन्म में फर्क न करें। बेटे बेटियों में फर्क नहीं करने समेत कई तरह की बातें कहीं गई। मौके पर बिरजिनिया बालमोच, सिलीमा देवी, लक्ष्मी कुमारी, बोबी देवी, ममता देवी, मिनू देवी, कांती देवी, कविता देवी, प्रकाश साहु, विजय साहु, रामरतन साहु, नुनकरन साहु विभाष साहु, तुलसी साहु संजीत कुमार कुमार समेत कई लोग मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 के आयोजन को लेकर बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 के सफल आयोजन हेतु जिला खेल कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 19 दिसंबर को महार्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोठार में जिला स्तरीय युवा महोत्सव के प्रतियोगिता सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में वैसे प्रतिभागी जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रमण्डल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे, एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता एवं रजिस्ट्रेशन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता हैं। उक्त बैठक में रूद्र शेखर, प्रभारी जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, रामगढ़ राहुल सिंह, डॉ. अशोक राम एनएसएस, नितेश कुमार मोदी और महेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## गमगीन माहौल में हुआ मासूम अनु का अंतिम संस्कार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना से सटे वन विभाग कर्यालय परिसर में बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे वन विभाग के द्वारा लिप्ट्स का पेड़ काटने के दौरान एक लिप्ट्स विशालकाय पेड़ के गिरने से उसमें दबकर तीन साल की मासूम अनु कच्छप की दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं इस घटना से लोग डरे सहमे हुए हैं। घटना के दूसरे दिन पूरे वन विभाग मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ था। जहां गुरुवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद का शव प्रखंड मुख्यालय में पहुंचने पर गांव में मातम छा गया। हर किसी की जुबान पर बस इसी बात की चर्चा रही तथा नम आंखों से लोग मासूम के शव को देखते रहे। गांव में मासूम की हृदय विदारक मौत से हर किसी का कलेजा दर्द से बाहर आ गया। ग्रामीणों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। दहाड़े मार-मार कर रो रहे घायल मां रौशनी गोप व पिता विमल कच्छप भाई अभिषेक कच्छप व आर्यन कच्छप और स्वजनों के दर्द का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था। इधर गुरुवार की शाम गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार गांव के बेड़ो बस्ती स्थित बच्चा मसना में सरना रीति रिवाज से मिट्टी दिया गया। गांव की महिलाओं ने बताया कि अनु कच्छप के दो बड़े भाई बड़ा अभिषेक कच्छप छोटा आर्यन कच्छप है। वह दो भाईयों की छोटी बहन थी। मौके पर पंचायत की मुखिया सुशांति भगत, सुशील भगत, अनिल उरांव, चुमानी उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पाला गिरने से बढ़ी ठंड, सब्जी की फसल को नुकसान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** कड़ाके की पड़ रही ठंड में पाला गिरने से प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें, सब्जी व जनजीवन प्रभावित हो रही है। शीतलहर के कारण दुकानें व बाजार देर से खुल रहे हैं और जल्दी बंद हो रहे हैं। वहीं पाला पड़ने से किसानों की नींद उड़ गई।बेड़ो के किसान ब्रजेश महतो, प्रकाश भगत जुबी उरांव, सुनील उरांव व गोयन्दा भगत ने बताया कि पाला पड़ने से आलू के साथ गेहूं की फसल की पैदावार पर असर पड़ रहा है। आलू की तो पत्तियां सुख जा रही है। प्रखंड में सबसे अधिक आलू व मटर उत्पादन के साथ गेहूं की फसल की बुबाई होती है। जिस पर पाला पड़ गया। जिसका असर उत्पादन पर पड़ेगा। क्योंकि पाले के कारण आलू की फसल की पत्तियां गल जाती हैं। इसके कारण आलू का तो तना सूख जाता है। तना सूखने के साथ आलू की पैदावार पर सीधे असर पड़ता है। वहीं गेहूं की फसल पर भी पाले का असर दिखाई दिया है। वहीं सरसों की फसल पाला गिरने से झुलस जा रही हैं। कड़ाके की ठंड के चलते तापमान काफी कम रहा और सामान्य दिनों की तुलना में बाजार में चहल-पहल भी कम देखी गई। फिलहाल कड़ाके की ठंड ने आम जन जीवन को काफी प्रभावित कर दिया है और लोग ठिठुरने पर मजबूर हैं दिन में निकली धूप नें लोगों को राहत प्रदान की लेकिन शाम को फिर ठंड बरकरार रही।

## विद्या विकास समिति की टीम ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में बुधवार को विद्या विकास समिति झारखंड के एक टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम में विद्या विकास समिति रांची विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर काठीटांड के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्विवेदी बीजूपाड़ा के प्रधानाचार्य नीरज कुमार तिवारी उपस्थित रहे। जिन्होंने भैया- बहनों के आगमन से लेकर कक्षा शिक्षण, मध्यावकाश एवं समापन वंदे मातरम तक सूक्ष्म दृष्टि से निरीक्षण किया। अंत में विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे ने आचार्यों को सुझाव देते हुए कहा कि शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन शिक्षण में टीएलएम का उपयोग होना चाहिए। साथ में विज्ञान शिक्षण में लैब का अनिवार्य प्रयोग हो. शिशु वाटिका कक्ष से ही सुलेख पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ में प्रारंभ से ही अँग्रेजी स्पोकेन में पकड़ बनाने के लिए पूरे विद्यालय के कक्षा- कक्ष में अँग्रेजी से ही वातार्लाप हो.विद्यालय के प्रत्येक गतिविधि में अनुशासन झलके इसपर आचार्य को ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावे बीजूपाड़ा के प्रधानाचार्य निरज तिवारी एवं काठीटांड के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्विवेदी जी ने भी निरीक्षण के दौरान पाए गए कर्मियों को सुधार करने का सलाह दिया।निरीक्षण टीम द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ भी बैठक की। विद्यालय के विकास संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श कर उसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव वाणी कुमार रॉय, सह सचिव यमुना सिंह कोषाध्यक्ष भिखा उरांव सदस्य रविन्द्र वर्मा प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार के अलावे दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## रांची मास्टर प्लान 2037 व बिल्डिंग बाई-लॉज में सुधार की जरूरत : चैम्बर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की रियल एस्टेट, मास्टर प्लान एवं अर्बन डेवलपमेंट उप-समिति की संयुक्त बैठक आज चैंबर भवन में आयोजित की गई। उप समिति चेयरमैन अंचल किंगर ने कहा कि आरआरडीए से नक्शा पास की प्रक्रिया बाधित होने से रियल एस्टेट सेक्टर में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है, जिसपर सरकार द्वारा तत्काल संज्ञान लिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे निर्माण उद्योग और निवेश वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चचाओं के क्रम में चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने जल्द ही चैम्बर और क्रेडाई की संयुक्त पहल से रियल एस्टेट एक्सपो लगाने की बात कही। बैठक में रांची मास्टर प्लान 2037 एवं बिल्डिंग बाई-लॉज 2016 के कुछ प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता पर भी व्यापक चर्चा हुई। उप समिति चेयरमैन विकास मोदी ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार प्रत्येक पाँच वर्ष में प्रावधानों विशेषकर लैंड यूज की समीक्षा का प्रावधान है, किंतु पिछले दस वर्षों से इसके प्रावधानों की समीक्षा नहीं की गई है, जबकि इस अवधि में शहर का स्वरूप और जरूरतें काफी बदल चुकी हैं। सदस्यों ने प्रत्येक वर्ष फायर एनओसी लेने के प्रावधान में संशोधन की आवश्यकता बताई और कहा कि इसे पांच वर्ष किया जाना चाहिए। सदस्यों ने भवन योजनाओं में मल्टी लेवल स्टैक पार्किंग की अनिवार्यता तथा उसकी व्यवहारिक उपयोगिता पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया। यह कहा गया कि अन्य प्रमुख महानगरों की तरह झारखण्ड में भी भवन योजना अनुमोदन प्रक्रिया में स्टैक पार्किंग को शामिल किया जाना चाहिए ताकि शहरी यातायात, पार्किंग और स्थान प्रबंधन से संबंधित समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। स्मार्ट सिटी की भूमि का सीओ द्वारा म्यूटेशन नहीं किए जाने से उत्पन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। कहा गया कि तकनीकी कारणों से म्यूटेशन लंबित रहने से नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से भूमि प्राप्त करने वाले निवेशकों को भी म्यूटेशन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उप समिति चेयरमैन आलोक सरावगी ने झारखण्ड में स्टांप ड्यूटी को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स के रजिस्ट्रेशन संबंधी स्टांप ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन फीस पर विभाग द्वारा स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए जाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

## ओरमांझी में भाजपा का संगठनात्मक पुनर्गठन, दो नये मंडल अध्यक्ष नियुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** भाजपा रांची जिला ग्रामीण इकाई द्वारा गुरुवार को एक अहम संगठनात्मक निर्णय लेते हुए भाजपा ओरमांझी मंडल को दो हिस्सों में पुनर्संगठित किया गया।ओरमांझी पश्चिम और ओरमांझी पूर्वी से सदमा दोनों मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। ओरमांझी पश्चिम के लिए सदमा के मुखिया सुनील उरांव को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है,जबकि ओरमांझी पूर्व का दायित्व शंकर महतो को सौंपा गया। इसके साथ ही राजधाम साहू को भाजपा ओरमांझी मंडल का प्रतिनिधि चुना गया। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने शास्त्री चौक ओरमांझी में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर तथा मिठाइयां बाँटकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि यह पुनर्गठन संगठन को और मजबूत करेगा तथा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को नई गति और मजबूती प्रदान करेगा। मौके पर भाजपा रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता,पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता,मुखिया दीपक बड़ाइक,रमेश बेदिया, उप मुखिया संतोष गुप्ता रमेश भोलानाथ महतो,नेवालाल महतो, ग्राम प्रधान गोपाल राम बेदिया लाल मोहन करमाली ग्राम अध्यक्ष पंचायत पूर्व पंचायत समिति मनमोहन बेदिया अर्जुन खरवार राजेंद्र बिटिया राजन गोप नीलमोहन मुंडा आदि उपस्थित थे।

## एक झलक

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव के लिए 15 से निकलेगी प्रभातफेरी

**रांची** : खालसा पंथ के संस्थापक सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 359वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 15 दिसंबर से श्री गुरु सिंह सभा के दिशा निर्देशन में अलग-अलग गुरुद्वारों से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने गुरुवार को बताया कि मेन रोड गुरुद्वारा से 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सुबह 4.30 बजे से प्रभात फेरी निकालने का फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि पटना साहिब में होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव और नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए संगत का जत्था 24 दिसंबर को पटना श्री हरमंदिर साहिब के लिए रवाना होगा।

### विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन 11 मामले सुलझे

**रांची** : झालसा के निर्देश पर अध्यक्ष-सह-न्यायायुक्त, अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू हो गया है, जो कि 12 दिसम्बर, 2025 तक चलेगा। बताते चले कि, आज चौथे दिन कुल 58 मामले विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें, 11 वादों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये।

### झारखंड में कड़कड़ाती ठंड गुमला सबसे ठंडा, कांके में पारा 04 डिग्री के नीचे

**रांची** : उत्तर भारत में बर्फबारी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से झारखंड इन दिनों कड़ाके की ठंड से जूझ रहा है। रांची में ठंडी हवाओं का असर इतना बढ़ गया है कि पारा पिछले 24 घंटों में 2.4 डिग्री लुढ़ककर 8.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रहा। मेदिनीनगर, बोकारो और आसपास के क्षेत्रों में भी ठंड की मार तेज है। मेदिनीनगर का न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि बोकारो में पारा 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उधर, गुमला बुधवार को सबसे ठंडा जिला रहा जहां तापमान 5.3 डिग्री तक गिर गया।

### एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष ने ठंड को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने का किया आग्रह

**रांची** : गुरुवार को एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने राजधानी रांची में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को सभी प्रकार के विद्यालयों का संचालन सुबह 9 बजे से 3 बजे तक करने का आग्रह पत्र के माध्यम से किया। अमन अहमद ने पत्र में लिखा कि जिला में लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर में भी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा सुबह 7 बजे से 1 बजे तक तो कोई विद्यालयों में कक्षा 8 बजे से 2 बजे तक निर्धारित चल रही है, प्राचार्यों द्वारा अभी तक कोई समय सारणी का फेर बदल नहीं किया जाना दुर्भागपूर्ण है और जो कि छात्र हित में नहीं है। इससे काफी छात्र स्कूली बच्चे प्रभावित हो रहे है ; खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लगातार ठंड बढ़ रही है जैसे कांके, बुरमू, ओरमांझी, रातु आदि क्षेत्र। इसका सीधा असर स्कूली छात्र छात्राओं के सेहत पर पड़ता है। बच्चे सुबह स्कूल जाने में लेट हो जाते है जिससे उनकी कक्षा छूट जाती है एवं पढ़ाई में नुकसान हो रहा है। अभिभावको को भी इसका सीधा कसर पड़ता है। महोदय, यह मानवअधिकार एवं बाल अधिकार संरक्षण कानून का उल्लंघन है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है कि सभी प्रकार में विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 9 बजे से 3 बजे तक करने की कृपा करें।

राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में रांची जिले में शीतलहर से आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक अलाव व्यवस्था

# अलाव की कमी किसी भी हाल में न हो : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में शीतलहर और रात के तापमान में लगातार हो रही गिरावट को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर रांची जिला प्रशासन ने पूरे जिले में जरूरतमंद लोगों के लिए बड़े पैमाने पर अलाव की व्यवस्था की है। जिला प्रशासन की इस विशेष मुहिम के तहत न केवल रांची शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र एवं रात में खुली जगहों पर सोने वाले लोगों की बस्तियों में अलाव जलाए जा रहे हैं, बल्कि जिले के सभी प्रखंडों में भी व्यापक स्तर पर यह व्यवस्था की गई है। प्रखंड



मुख्यालयों, पंचायत भवन परिसरों, ग्रामीण हाट-बाजारों, धार्मिक स्थलों के पास, मजदूर चौकियों तथा बेघर एवं दिहाड़ी मजदूरों की अधिक संख्या वाले स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जल रहे हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पहले से ही सख्त निर्देश दे रखे हैं कि लकड़ी, कोयला की कमी किसी भी हाल में न हो। साथ ही मौसम की स्थिति को देखते हुए जरूरत पड़ने पर तुरंत अतिरिक्त अलाव की व्यवस्था की जाए। उपायुक्त ने कहा, ठंड के इस मौसम में किसी भी नागरिक, विशेषकर बेघर, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा-ठेला चालक एवं रात में ड्यूटी करने वाले लोगों को परेशानी न हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को दिसम्बर माह की पेंशन राशि का भुगतान सम्पन्न

**रांची** : सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को दिसंबर महीने की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, मंजूनाथ भजन्त्री निदेशानुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 28 हजार 349 लाभुकों के बैंक खाते में पेंशन राशि ऊइळ के माध्यम से ट्रांसफर कर दी गयी है। मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, ल्कश/अकऊर पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों हेतु मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में (एक-एक हजार रुपये) कुल 22 करोड़ 83 लाख 49 हजार की राशि का भुगतान किया गया है।

**दिसम्बर महीने में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों की संख्या निम्न प्रकार है**

- मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना - 340
- एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना - 419
- मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना - 179708
- मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना - 47874
- ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों हेतु मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना - 08
- योजना के लाभ के लिए लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग अनिवार्य

राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को इस वर्ष दिसंबर माह की पेंशन राशि का बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है।

रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

## रांची में रेल यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी का आग्रह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को नयी दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की इस मुलाकात के क्रम में सेठ ने रांची को दी जा रही रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया और रांची में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आग्रह पत्र भी सौंपा। अपने पत्र में सेठ ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। कई शहरों से सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी समस्या होती है। इसके समाधान हेतु विभिन्न ट्रेनों के परिचालन और फेरे बढ़ाने जैसे विषयों की तरफ सकारात्मक पहल आवश्यक है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि रांची से आनंद विहार को जाने वाली हटिया आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नं.-12825/12826) का विस्तार जयपुर तक किया जाए। इससे झारखंड और राजस्थान की कनेक्टिविटी सुगम हो जाएगा। रांची से अहमदाबाद के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए। इससे देश के कई राज्यों की कनेक्टिविटी हो सकेगी। इस ट्रेन के परिचालन से आम जनता का आवागमन भी सुगम हो सकेगा। रांची से लोहरदगा के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलती है। इस पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुगम यात्रा कर सकें। इसकी मांग भी क्षेत्र की जनता लंबे समय से कर रही है। रांची, सिल्ली, मुरी के लिए भी एक नई मेमू ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता है। प्रतिदिन इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी, नौकरी-पेशा से और व्यवसाय से जुड़े रांची आवागमन करते हैं। ऐसे में नई मेमू ट्रेन का परिचालन यात्रा को और भी सुगम बनाएगा। हटिया-सांकी पैसेंजर/एक्सप्रेस (ट्रेन नं०-58663/58664/58665/58666) का विस्तार बरकाकाना-हजारीबाग टाउन तक किया जाए। ऐसा किए जाने से आम जनता की यात्रा कम खचीर्ली और सुगम हो सकेगी। बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी। रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से रांची बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन वाया बक्सर होते हुए चलाने का आग्रह किया। उसके अतिरिक्त धरती आबा एक्सप्रेस, हटिया पुने एक्सप्रेस, हटिया एलटीटी एक्सप्रेस, हटिया बेंगलुरु एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने का भी आग्रह सेठ ने रेल मंत्री से किया है।

## ओबीसी के छात्रों को छात्रवृत्ति के नाम पर गुमराह कर रही है भाजपा : केशव महतो कमलेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांग्रेस भवन, रांची में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा छात्रवृत्ति के नाम पर ओबीसी के छात्रों को गुमराह कर रही है। एक ओर केन्द्र की सरकार राज्य को छात्रवृति का पैसा उपलब्ध नहीं करा रही है और भाजपा के नेता छात्रवृति पर विधवा विलाप कर संवेदना लेना चाहती है, जबकि हकीकत यह कि राज्य सरकार ने छात्रवृति के मद में केन्द्र सरकार से 2023-24 में 271 करोड़ रूपैया मांगा और केन्द्र सरकार ने भुगतान सिर्फ 77 करोड ही किया। पुनः 2024-25 में 253 करोड रूपैया मांगा गया और मिला



सिर्फ 33 करोड़, 2025-26 में 370 करोड मांगा गया और मिला 13 करोड रूपैया। भाजपा के नेताओं को इसपर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार इस पर काफी संजीदा है। हम छात्रों को छात्रवृत्ति का पैसा दिलवाकर रहेंगे इसके लिए 10 जनवरी 2026 को बडे पैमाने पर हमारी छात्र संगठन एनएसयूआई लोकभवन का घेराव करेगी और यह बताने का काम करेगी कि लोकभवन लोकहित में काम करे और छात्रों को छात्रवृति दिलाने में मदद करें और केन्द्र में फसी राशि राज्य सरकार को उपलब्ध करवायें। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने कहा कि केन्द्र यह इलजाम लगा रही है कि राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दी जिसके कारण छात्रवृति का पैसा रिलीज नहीं हुआ जबकि हकीकत यह है कि छात्रवृति में उपयोगिता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। मतलब झूठ बोलकर सिर्फ गुमराह करना, छात्रों को, युवाओं, महिलाओं को यही देश के प्रधानमंत्री और भाजपा का फितरत रही है। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी को बड़े पैमाने पर छात्र इकटठा होंगे और अगर विपक्ष छात्रवृति चाहती है तो दलगत भावना से उपर उठकर लोकभवन के घेराव में सम्मिलित हों। आज के संवाददाता सम्मेलन में महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, प्रवक्ता कमल ठाकुर, जगदीश साहु उपस्थित थे।

## 15 दिनों से झारखंड में म्यूटेशन का ऑनलाइन आवेदन अपलोड होना बंद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड भर के रैयत अपनी जमीन के म्यूटेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पा रहे हैं। प्रज्ञा केंद्रों में जाकर उन्हें लौटना पड़ रहा है। ऐसे में 15 दिन से अंचल कार्यालयों में म्यूटेशन के आवेदन ही नहीं पहुंच रहे हैं। इससे रैयतों के साथ ही अंचल कार्यालय और प्रज्ञा केंद्रों के संचालक भी परेशान हैं। रैयत बार-बार कभी अंचल कार्यालय तो कभी प्रज्ञा केंद्र दौड़ रहे हैं। प्रज्ञा केंद्र के संचालकों का कहना है कि सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण ऐसा हो रहा है।

इधर, अंचल कार्यालय के कर्मियों का कहना है कि झारनेट और एनआइसी के कारण यह स्थिति हो रही है। संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। केवल एनजीडीआरएस के माध्यम से संपत्ति रजिस्ट्री के बाद दस्तावेज म्यूटेशन के लिए अंचल कार्यालयों के पास पहुंच रहा है। यानी सुओ मोटो म्यूटेशन सिस्टम के तहत जो दस्तावेज भेजने हैं, केवल वही जा रहा है। बाकी म्यूटेशन के लिए कोई भी व्यक्ति प्रज्ञा केंद्रों या कहीं से भी आवेदन फाइल नहीं कर पा रहे हैं।

हिन्दी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की नवगठित कार्यसमिति की बैठक 21 को

## संगठनात्मक सशक्तीकरण पर होगी विस्तृत चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हिन्दी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए समर्पित संस्था हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की नवगठित कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आगामी 21 दिसंबर 2025 (रविवार) को राजधानी रांची में किया जाएगा। यह बैठक होटल सिटी पैलेस, सर्कुलर रोड, लालपुर में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर हिंदी साहित्य भारती के राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से बैठक की शोभा बढ़ाएंगे। उनके मार्गदर्शन से संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं एवं साहित्यिक गतिविधियों को नयी दिशा मिलने की सम्भावना है। बैठक में संगठन की नवगठित कार्यसमिति का परिचय, आगामी साहित्यिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, राज्य में हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार को लेकर रणनीति तथा संगठनात्मक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रदेश, जिला एवं स्थानीय स्तर पर साहित्यिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श होगा। हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की महामंत्री डॉ. सुनीता कुमारी एवं अध्यक्ष अजय राय ने संयुक्त रूप से प्रदेश के सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं जिला अध्यक्षों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल एवं सार्थक बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। दौरान लोगों ने कहा कि गुमला स्थित जारी गांव में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को बुलडोजर लगा कर तोड़ दिया था। जबकि इसे अनुशासनपूर्वक जमीन पर रखा जाना था। लेकिन गुमला प्रशासन ने प्रतिमा को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया। और प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई, प्रशासन और कारीगरों के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग। राज्यपाल और सीएम से भी इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है। रतन तिर्की ने कहा कि जयंती के अवसर पर देश के सैनिकों ने अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने नहीं पहुंचे, उन्हें श्रद्धांजलि तक नहीं दी। अलबर्ट एक्का की प्रतिमा टूटने को लेकर गुमला प्रशासन ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा अब आकर्षक और भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है। इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण भी करने का ऐलान किया है।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने जगन्नाथ मंदिर में पांच जोड़ों का कराया विवाह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : तुलसी विवाह एवं राम जानकी विवाह के उपलक्ष्य मे जरूरतमंद कन्याओं का घर बसाने का संकल्प लेते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की बहनों द्वारा जगन्नाथपुर के प्रभु जगन्नाथ मंदिर के परिसर मे पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह आचार्यो एवं पंडितों द्वारा पूरे विधि- विधान, मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह मे रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला जिले के वर- वधुओं में दिलीप स्वासी संग सैथी सांगा, मतियस तिरकी संग मटिलदा होरो,अभय सिंह विछिया संग सोनी कुमारी,अभय लोहरा संग पुजा तिर्की , गेंदा संगा संग रानी सोरों परिणय सूत्र में बंधे। यह आयोजन पिछले कई वर्षों से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के आह्वान पर होता आ रहा है। नीरा बथवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह में समाज मे समानता सादगी और एकता का प्रतीक बन गया है। तथा अब तक 50 से भी अधिक जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। इस बार भी पांच कन्याओं का विवाह किया गया। सामूहिक विवाह समारोह मे दूल्हा दुल्हन के कपड़े, चुनरी, कुर्ती, नाइटी, बेड, कोट पैंट, तकिया, गद्दा, फोल्डिंग बेड,1 महीने का राशन, घड़ी, केसरोल, स्वेटर, शॉल, मच्छरदानी, कंबल, बर्तन का सेट,जग, मग, बाल्टी, टब, बाथरूम का किट, पाटा, कुर्सी, टेबल, रामचरित मानस,आयरन, अटैची, बैग, मेकअप का सामान, अन्य कई सामग्रियां संस्था की तरफ से दी गई। तथा विवाह के बाद सभी को शादी का सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस कार्यक्रम में रमाशंकर बगड़िया, अशोक नारसरिया, मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने नव विवाहित जोड़ियां को आशीर्वाद दिया। कन्याओं का कन्यादान, पुष्पा अग्रवाल सुशीला अग्रवाल अनुराधा सरावगी, सुनीता मेवाड़ा अन्नू पोद्दार ने किया। विवाह के उपरांत सभी लोगों ने एक साथ जगन्नाथ मंदिर में महा प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, निवर्तमान सचिव रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अलका सरावगी, रांची शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, बीना मोदी, मंजू केडिया प्रीती बंका, छाया अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेनू छापरिया,विद्या अग्रवाल, बीना बुबना,मीरा टिंबरेवाल, करुणा अग्रवाल, मंजू गाड़ोदिया,ममता बूबना, डॉ अर्चना अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया, जया विजावत, नीरा नारसरिया,कमला विजयवर्गी, नेहा तुलसियान आदि बहनों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया।

## डीएवी हेहल की प्राथमिक शाखा में हुई अंतर-सदनीय इंग्लिश कविता पाठ प्रतियोगिता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की प्राथमिक शाखा में आज कक्षा III से V के विद्यार्थियों के बीच अंतर-सदनीय इंग्लिश कविता पाठ प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, अंग्रेजी उच्चारण में निपुणता लाना तथा साहित्यिक अभिरुचि का विकास करना था। चारों सदनों के प्रतिभागियों ने अत्यंत प्रभावी मंच कौशल,स्पष्ट उच्चारण, सुगठित अभिव्यक्ति तथा मनमोहक प्रस्तुति के साथ प्रसिद्ध अंग्रेजी कविताओं का वाचन कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। बच्चों की रचनात्मकता और तैयारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।



प्रतियोगिता का मूल्यांकन वरिष्ठ शिक्षिकाओं अनुपमा रानी एवं रंगना बनर्जी द्वारा किया गया। निर्णायकों ने वॉइस मॉड्यूलेशन, स्पष्टता, प्रस्तुति एवं संपूर्ण प्रभाव के आधार पर अंक प्रदान किए और बच्चों के उत्साह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

**परिणाम**

प्रथम स्थान -आनंद स्वामी सदन
द्वितीय स्थान-दयानंद सदन
तृतीय स्थान-श्रद्धानंद सदन

कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी बिपिन राय ने अपने संदेश में कहा कि कविता वाचन जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में भाषाई दक्षता, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राथमिक शाखा प्रभारी अनुपमा रानी ने भी सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों तथा शिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए समर्पित मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की भाषा-शुद्धि, साहित्यिक रुचि और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों, निर्णायकों और सहयोगी शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्रतियोगिता बच्चों की प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन रही और अंग्रेजी साहित्य के प्रति उनकी रूचि को और अधिक सुदृढ़ करने में सफल सिद्ध हुई। इस अवसर पर शीला रमेश, संगीता कश्यप, शालनी प्रसाद, सुलोचना शर्मा, संजीता मित्रा, सलोनी, इतु, बबिता गुप्ता सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## चाय बगान क्षेत्र के परिवारों की फरियाद लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन तक पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने असम में रहनेवाले आदिवासी समुदाय के विभिन्न समस्याओं एवं उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि आदिवासी समुदायों के प्रति असम सरकार की उदासीनता से समाज की दुर्दशा हुई है। असम में निवास कर रहे आदिवासी समाज यहां हर क्षेत्र में निरन्तर पिछड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि



झारखंड सरकार असम में रह रहे आदिवासी समुदायों को उनका हक-अधिकार एवं पहचान की संरक्षा के लिए सकारात्मक पहल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परमापरा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए हमारी सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रह रहे आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए हम तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कदम से कदम मिला कर उनके साथ सदैव खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहा कि जल्द झारखंड सरकार का एक डेलिगेशन असम में रह रहे आदिवासियों की वर्तमान स्थिति से अवगत होने असम दौरे पर जायेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने असम के चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासियों को एसटी का दर्जा दिलाने की बात को दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासी समुदायों के लोगों के दैनिक वेतन में वृद्धि हो सके इस निमित्त हमारी साकार सकारात्मक पहल करेगी तथा वहां रह रहे आदिवासियों के भूमि सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए भी कदम आगे बढ़ायेगी। विदित हो कि अंग्रेजी शासन के दौरान झारखंड से आदिवासी समाज के परिवारों को ले जाकर असम में बसाया गया था एवं वर्तमान ने उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनका नेतृत्व करने का आग्रह किया, जिससे कि उनकी आवाज को केन्द्र एवं राज्य सरकार तक पहुंचाया जा सके। मौके पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा, आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) के जीतेन केरकेट्टा, बिरसा मुंडा, तरुण मुंडा, गणेश, अजीत पूर्ति, राजेश भूरी, बाबूलाल मुंडा, मंगल हेम्ब्रम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## झारखण्ड का बकाया 19,080 करोड़ का भुगतान करे केन्द्र सरकार : नायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : केन्द्र की भाजपा सरकार झारखण्ड का ब ा क ा य ा 19,080 करोड़ राशि रोक कर राज्य के विकास को धीमा करने का षडयंत्र कर संविधान की भावना और सहकारी संघवाद का अपमान कर रही है। उपरोक्त बातें गुरुवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने केन्द्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहीं। इस सम्बन्ध में आज भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, जनजातीय मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, खनन मंत्रालय, जलशक्ति मंत्रालय, नीति आयोग एवं सभी संबंधित विभागों के केन्द्रीय मंत्रालय /सचिव को विस्तृत पत्र इमेल के माध्यम से भेज कर तत्काल भुगतान की मांग की है। नायक ने कहा कि केन्द्र सरकार को जवाब देना चाहिए कि क्या झारखंड दोयम दर्जे का राज्य है? क्या झारखंड के गरीबों के अधिकार बाधित करने की कोई नीति है? क्या आदिवासी मूलवासी गरीब बहुल राज्य को आर्थिक रूप से कमजोर करने का इरादा है? नायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केन्द्र तुरन्त भुगतान नहीं करता, तो झारखंड की जनता एक व्यापक आन्दोलन करेगी और केन्द्र को इसका राजनीतिक व सामाजिक जवाब मिलेगा।

## एक झलक

### कार व टेम्पो की जोरदार टक्कर से दम्पति हुए घायल

**दारु** : दारु हजारीबाग- गुरुवार कि सुबह एनएच 522 पर बढ़ती ठंढ में कम्बल के अंदर घुसे लोग तेज धमाके कि आवाज सुनकर जाग गये तब उन्हे पता चला कि दो गाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी है जिसमे इचाक निवासी दम्पति घायल हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि इचाक निवासी ब्रजेश कुमार सिन्हा अपनी कार जे एच 01 डी कियु 4855 से अपने दारू स्तिथ मामा घर आ रहे थे जबकी जेनरेटर लदा टाटा मैजिक वाहन संख्या जे एच 01 एफ आर 7192 धनबाद से लातेहार जा रहा था तभी पेटो चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गायी। इस दुर्घटना में इचाक निवासी ब्रजेश और उनकी पत्नी घायल हो गयी। ग्रामीण और उनके परिजनों कि मदद से तत्काल उन्हे आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया जहां जांच के बाद उनके चेहरे कि हड्डी टूटी पायी गयी यहां से उनके परिजन बेहतर इलाज के लिए रांची के अस्पताल ले गये। घटना के बाद थाना प्रभारी इकबाल हुसैन दलबल के साथ पहुंचे और रास्ते में खड़ी छतीग्रस्त दोनो वाहनों को किनारे करवा कर आवागमन को सुचारु रूप से चालू करवाया।

### चीचीखुर्द गांव के खेत में मंदबुद्धि की मिली लाश

**चुरचू** : चुरचू प्रखड के चीचीखुर्द गांव में बृहस्पतिवार को धान के खेत में ताले सोरेन का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने उसकी पहचान करायी तो ताले सोरेन, पिता महतो मांझी उम्र लगभग 58 वर्ष गांव चीची खुर्द के रूप में हुई। शव की स्थिति देखकर मंदबुद्धि आशंका पुलिस ने जताई। चीची खुर्द निवासी के खेत में बृहस्पतिवार सुबह धान की कटाई के लिए कुछ श्रमिक गए थे। खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव देख शोर मचाने लगे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी ने बताया कि मंदबुद्धि था। कई वर्षों से रोग से भी पीड़ित था। बुधवार दोपहर से ही घर से गायब था, जिसकी खोजबीन की जा रही थी। मृतक काही कलर का टी शर्ट और लोवर पहने हुए था। उसके गले में गमछा लपेटा हुआ था। गांव में धान के खेत में वह कैसे पहुंचा, इसे लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा है। मौके पर पहुंचे स्थानीय मुखिया ने बताया कि परिजनों के अनुसार वह मंदबुद्धि है।

### उप विकास आयुक्त ने किया पदमा प्रखंड का दौरा, योजनाओं का किया निरीक्षण

**हजारीबाग** : बुधवार को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने पदमा प्रखण्ड के विभिन्न योजनाओं एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मनरेगा योजनाओं, अबुआ आवास योजना, विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्य प्रगति, अधोसंरचना की स्थिति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता, लाभुकों को उपलब्ध सुविधाओं, विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण तथा कस्तूरबा विद्यालय में आवासीय व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के उपरांत प्रखण्ड सभागार में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के निष्पादन, पारदर्शिता, समयबद्धता और लाभुकों तक सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्राथमिकता के साथ पहुँचाने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन हजारीबाग जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर निगरानी एवं समीक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### सरकारी बीज को लेकर बड़ा विवाद आया सामने

**चूरचू** : चुरचू प्रखंड में बुधवार की शाम सरकारी बीज को लेकर बड़ा विवाद सामने आया। प्रखंड मुख्यालय से निकल रही बिना नंबर प्लेट की एक पिकअप वैन को ग्रामीणों ने शाम करीब 6:30 बजे रोक लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गेहूं और सरसों के बीज, जिन्हें किसानों के बीच वितरण किया जाना था उन्हें कथित तौर पर कालाबाजारी की नीयत से ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि बीज वितरण के लिए प्रशासन द्वारा समय निर्धारित किया गया है, लेकिन देर शाम अंधेरे में गुपचुप तरीके से बीज ले जाना कई संदेह खड़े करता है। स्थिति संदिग्ध लगने पर ग्रामीणों ने बीज से भरी गाड़ी को चुरचू थाना के हवाले कर दिया। गुरुवार को बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण चुरचू थाना पहुंचे और प्रखंड कृषि पदाधिकारी काशी नाथ गुप्ता के खिलाफ लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यालय बंद होने के बाद बीज को कहीं और भेजने की कोशिश की जा रही थी। इस मामले पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी काशी नाथ गुप्ता ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा लगाये गये आरोप पूरी तरह गलत हैं।

# एनएचएआई व एनटीपीसी से सम्बन्धित भू-अर्जन मामलों की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में एनएचएआई एवं एनटीपीसी से संबंधित भू-अर्जन मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएच एवं एनटीपीसी की कोल माइनिंग परियोजनाएँ पकरी बरवाडीह, केरेडारी, बादम एवं चट्टीबारियातू कोल परियोजना से जुड़े स्टेटमेंट-6, म्यूटेशन की प्रगति, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, पैक्स केन्द्र एवं विद्यालयों के स्थानांतरण, मेजरमेंट, एफ.आर.ए., लीज बंदोबस्ती, भारत माला परियोजना, कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर, पी.एच.सी. स्थानांतरण समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने केरेडारी कोल परियोजना के अधिकारी को ग्रामसभा करते हुए सड़क से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने और कम्युनिटी डेवलपमेंट करने का निर्देश दिया। वहीं, एनटीपीसी की विभिन्न कोल परियोजनाओं में हाउस मिजरमेंट एवं डिमोलिशन से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एसडीओ के स्तर से अंचलाधिकारी एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने परियोजना से विस्थापित परिवारों के कम्युनिटी डेवलपमेंट का कार्य डीएमएफटी मद से कराने की बात कही। पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के अधिकारी को एफआरए, स्कूल शिफ्टिंग से संबंधित मामलों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बड़कागांव सीओ एवं भू अर्जन कार्यालय के अधिकारियों को बादाम कोल परियोजना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जीएम लैंड का वेरिफिकेशन के लिए अंचल कार्यालय में कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बरही, सदर, इचाक और पदमा सीओ को एनएच से संबंधित म्यूटेशन के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। सभी लंबित कार्यों की प्रगति में तीव्रता लाने को कहा है। उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय समन्वय करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता, संबंधित अंचल अधिकारी, एनएचएआई एवं एनटीपीसी के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा की

**हजारीबाग** : बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत उपायुक्त के जनता दरबार में प्राप्त मामलों की प्रगति की समीक्षा से हुई। उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसके उपरांत आपकी योजनाझआपकी सरकारझ आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य जाति, आय, आवासीय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्गतीकरण तेज गति से सुनिश्चित करना था। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में प्राप्त आवेदनों का एक सप्ताह के अंदर शून्यीकरण किया जाये। बैठक के दौरान म्यूटेशन, जमीन मापी, परिशोधन, ई-कोर्ट, सुओ-मोटो म्यूटेशन, पीजी पोर्टल के मामलों तथा सरकारी भूमि अतिक्रमण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों में गति लाते हुए सभी मामलों का तत्परता एवं गंभीरता से निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने हाई कोर्ट से जुड़े भू अर्जन के मामले को सावधानी पूर्वक हल करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल एवं म्यूटेशन के लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व से संबंधित सभी मामलों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## 150 बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैरौन में गुरुवार को स्कूली कीट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए मुखिया प्रतिनिधि बिशेश्वर यादव। इस दौरान विद्यालय में नामांकित लगभग 150 छात्र-छात्राओं को बिशेश्वर यादव ने स्कूली किट का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव तुलसी कुमार दास एवं अध्यक्ष अशोक सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में बिशेश्वर यादव ने कहा कि ह्नविद्यालय के बच्चों में निरंतर प्रगति देखने को मिल रही है। आने वाले समय में यही बच्चे गांव और देश का नाम रौशन करेंगे। वहीं भोला सिंह ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में काफी सहायता मिल रही है। कार्यक्रम में अशोक सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रद्युम्न सिंह, लोकेश सिंह, शंभू सिंह, उमेश सिंह, अवध सिंह, चूरामन सिंह, राधेश्याम सिंह, प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास, सहयोगी शिक्षक अरुण कुमार दास, बहादुर मिस्त्री, कुमारी विनीता सिंह, बाल संसद प्रधानमंत्री मयूर कुमारी, सुप्रिया, सृष्टि, प्रिया, मेंहदी, सौरभ, आकांक्षा, शिवराज दास, सूरज, सन्नी, प्रतिविन्द, आर्या रानी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की खास मुलाकात

## राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई परियोजनाओं पर की विस्तार से वार्ता



**हजारीबाग** : बुधवार की देर शाम को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने नई दिल्ली में एक बार फिर केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर उनसे विस्तृत और सार्थक चर्चा की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने एनएच-2 के चोरदाहा-गोरहर खंड के 6-लेन प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति से भी अवगत कराया गया। इस परियोजना की कुल लंबाई 59.66 किमी है, जिसमें चौपारण और बरकट्ठा में दो बड़े फ्लाईओवर, एक मेजर ब्रिज तथा कई छोटे पुलों का निर्माण शामिल है। क्षेत्र के लोगों की लगातार चल रही परेशानी, रोष एवं असंतोष को मंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। जिसपर मंत्री नितिन गडकरी ने 2 महीने के भीतर समीक्षा कर ठेकेदार की जवाबदेही तय करते हुए कार्य पुनः शुरू कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही क्षेत्र में दो प्रमुख ब्लैक स्पॉट जिसमें चोरदाहा एवं चरही का विषय भी सांसद मनीष जायसवाल ने उनके समक्ष रखा और बताया कि यहां फिलहाल अस्थायी कार्य हुआ है, जबकि दनूआ ब्लैक स्पॉट पर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है। इस पर स्थायी समाधान की मांग उन्होंने रखी गई है, जिस पर शीघ्र कार्य प्रारंभ होने का आश्वासन मिला है। सांसद के प्रयास के फलस्वरूप दो नई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी जल्द आकार लेने जा रही हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने के पश्चात हर्ष जताते हुए बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए खुशखबरी है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुल्ताना से लेकर कटकमसांडी होते हुए एनएच-33 बाईपास से एनएच-100 तक रिंग रोड निर्माण की मांग रखी गई है। जिसपर मंत्री जी ने इस प्रस्ताव को मंतव्य हेतु राज्य सरकार को भेज दिया है और शीघ्र ही इस पर सकारात्मक निर्णय आने की पूरी संभावना है।

## सरकार किसानों की आवाज सुने व कृषि विरासत की रक्षा के लिए नीतिगत पुनर्विचार करे : मनीष जायसवाल

**हजारीबाग** : संसद के शीतकालीन सत्र के ग्यारहवां दिन गुरुवार को बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के किसान जिन्हें विस्थापित करने का कवायद चल रहा है उनकी आवाज बनकर उनकी आजीविका और क्षेत्र की कृषि विरासत पर मंडरा रहे गहरे संकट को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सदन में जोरदार ढंग से आवाज बुलंद किया। अत्यंत भावुक और गंभीर शब्दों में सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार का ध्यान बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के उपजाऊ 'तीन-फसली' कृषि भूमि पर किए जा रहे बड़े पैमाने के कोल ब्लॉक आवंटन और अधिग्रहण की ओर आकर्षित किया। सांसद मनीष जायसवाल जायसवाल ने विशेष रूप से बड़कागाँव (गोंदलपुरा, बादम, हरली, महूगाई, चंदौल, अंबाजीत, रतवे) और केरेडारी ब्लॉक की उन जमीनों का उल्लेख किया, जिन्हें कोल माइनिंग के लिए आवंटित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सामान्य भूमि नहीं है, बल्कि तीन-फसली उपजाऊ जमीन है, जो न केवल स्थानीय किसानों का भरण-पोषण करती है, बल्कि पूरे हजारीबाग ज़िले में सबज़ियों की आपूर्ति का मुख्य केंद्र है। यह इलाका अपने उच्च गुणवत्ता वाले गुड़ के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन को बताया कि किसान के लिए यह जमीन महज संपत्ति नहीं, बल्कि उसकी पहचान होती है और पहचान छीनना किसी भी नागरिक के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है।

## हजारीबाग यूथ विंग का शीतकालीन राहत अभियान 14 दिसम्बर से होगा शुरू, फरवरी 2026 तक चलेगा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतकालीन राहत अभियान का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 14 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर फरवरी 2026 तक लगातार चलाया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर रविवार को 100-100 कंबलों का वितरण किया जायेगा, ताकि कड़ाके की ठंड से परेशान परिवारों को राहत मिल सके। संरक्षक चन्द्र प्रकाश जैन के निर्देशानुसार गुरुवार को अध्यक्ष करण जायसवाल के कार्यालय सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता स्वयं श्री जायसवाल ने की। बैठक में इस वर्ष के राहत अभियान को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं व्यापक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था का लक्ष्य है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कम-से-कम 1200 या उससे अधिक कंबलों का वितरण किया जाए और जरूरतमंदों तक बिना किसी भेदभाव के सहायता पहुंचाई जाए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ठंड अपने चरम पर पहुंचने पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों अन्य स्थानों पर शाम के समय अलाव की व्यवस्था भी नियमित की जाएगी, ताकि राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों तथा बेघर लोगों को सर्द रातों में राहत मिल सके। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म है। हजारीबाग यूथ विंग का यह अभियान सिर्फ कंबल वितरण नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास है। इस बार टीम की ऊर्जा और योजना देखकर विश्वास है कि हम पिछले साल से बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगे।

## फेडरेशन ऑफ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बांटा वस्त्र




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा ग्राम स्थित बिरहोर टांडा में गुरुवार को फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बीच स्वेटर, टोपी, मौजे, चप्पल एवं कंबलों का वितरण किया। लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय समुदाय के लिए राहत और सहारे की महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। वितरण के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव राकेश ठाकुर तथा संयुक्त सचिव नीरज अग्रवाल उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बिरहोर समुदाय के बच्चों, महिलाओं और वृद्धजन से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझा और आगे भी सहायता जारी रखने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाना फेडरेशन का प्रमुख उद्देश्य है। ठंड के इस कठिन मौसम में जरूरतमंद परिवारों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। सचिव राकेश ठाकुर ने कहा कि बिरहोर टांडा जैसे दूर-दराज इलाकों में रह रहे परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाना बेहद आवश्यक है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शोध शिखर बाल विज्ञान पर्व 2025 का भव्य आयोजन

नवाचार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग सभागार में बाल विज्ञान पर्व 2025 का सफल और प्रेरणादायी आयोजन किया गया। परिवर्तन के नवाचार : विकसित भारत हेतु हरित तकनीक और सतत विकास की दिशा में कदम, थीम पर आधारित इस विज्ञान उत्सव में जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 600 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। पंजीकरण कराने वालों में इंटर साइंस कॉलेज, हजारीबाग, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, संत रॉबर्ट स्कूल, जैक एंड जिल स्कूल, हिंदू प्लस टू स्कूल समेत अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। नन्हें वैज्ञानिकों की उत्सुकता, जिज्ञासा और प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुत नवाचारों ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा और उमंग से भर दिया।

**वर्किंग मॉडल और वैज्ञानिक प्रयोगों ने खींचा ध्यान**

**विज्ञान** उत्सव में बच्चों ने अपने वर्किंग मॉडल, प्रोटोटाइप और प्रयोगों के जरिए समाजोपयोगी तकनीकों का शानदार प्रदर्शन किया। सोलर एनर्जी सिस्टम, वेस्ट मैनेजमेंट, वाटर रीसाइक्लिंग, बायो-कन्सर्वेशन जैसे मॉडल दर्शकों और विशेषज्ञों के केन्द्र में रहे। छात्रों की रचनात्मकता और उनकी नयी सोच को सभी ने सराहा।

**विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने की प्रतिभाओं की सराहना**

**आईसेक्ट** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि शोध शिखर बाल विज्ञान पर्व हमारे भविष्य के वैज्ञानिकों की पहचान का प्रमुख माध्यम है। विद्यालय स्तर से नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना विकसित भारत की मजबूत नींव है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आज के युवा शोधकर्ता कल की हरित तकनीक और सतत विकास के मार्गदर्शक बनेंगे। छात्रों की सोंच और उनकी मेहनत प्रशंसनीय है। समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन स्कूल और विश्वविद्यालय के बीच नवाचार की मजबूत कड़ी तैयार करता है।

## विभावि युवा महोत्सव झूमर 2025 के आयोजन को लेकर हुई बैठक

आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर कला एवं संस्कृति पर्षद, की मेजबानी में 15-17 दिसंबर को आयोजित होने वाली अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव, झूमर-2025 के सफल आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न समितियों के अध्यक्ष, संयोजक एवं सदस्य गण अच्छी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने की। बैठक में अलग-अलग समिति के अध्यक्ष, संयोजक तथा सदस्यों ने अपनी अपनी समिति की तैयारी की जानकारी दी। अभी तक शेष रह गये कार्यों के बारे में भी बताया गया। यह भी बताया गया कि यह कार्य क्यों लंबित है। छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष ने सभी के सुझावों को लिपिबद्ध करवाया तथा आश्वासन दिया कि वह सारे रुके हुए कार्यों को गतिमान बनाने की दिशा में पहल करेंगे। संयुक्त आयोजन सचिव डॉ अमिता कुमारी तथा अर्चना रीना धान ने बताया कि अभी तक 24 दलों से प्रवेश की प्राप्ति हुई है। कुल प्रतिभागियों और संगत करने वालों की संख्या 850 के लगभग होगी। सभी दलों का पंजीकरण 14 दिसंबर को होना है। इसके लिए पांच अलग-अलग उप समितियों का गठन किया गया है। बैठक के दौरान मंच का संचालन स्नातकोत्तर कला एवं संस्कृति पर्षद के सचिव डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से लगायी गुहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत में प्रदूषण, बेरोजगारी और फैक्ट्रियों की मनमानी को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। इन्हीं समस्याओं को लेकर गुरुवार को बेस पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण पूर्व बेस मुखिया प्रत्याशी विक्की कुमार धान के नेतृत्व में हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे। ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक दोनों के नाम ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि बेस पंचायत इलाके में स्थित मरहन्द स्पंज आयरन प्लांट, नरसिंहम्हा आयरन स्पंज प्लांट, झारखंड सेल्स आयरन स्पंज प्लांट, जगतारिणी स्पंज आयरन प्लांट और पोल फैक्ट्री लगातार पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाली भारी धूल, धुआं और राख के कारण गांव का वातावरण पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। जंगल का रंग काला पड़ गया है, जंगली जानवर बीमार होकर मर रहे हैं और ग्रामीण गंभीर स्वास्थ्य संकट झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इन फैक्ट्रियों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के बजाय बाहरी राज्यों विशेषकर बिहार के लोगों को काम दिया जा रहा है। बेस पंचायत के युवाओं को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है, और जिन्हें काम दिया भी गया, उन्हें आधिकारिक आईडी कार्ड तक नहीं दिया गया। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गये ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी बेस पंचायत के स्थायी निवासी हैं और नरसिंहम्मा आयरन प्लांट में 2019 से करीब 25-30 महिला एवं पुरुष मजदुर स्पंज मैगनेटिक डस्ट मैगनेटिक का कार्य कर रहे थे। लेकिन वर्ष 2024 में कंपनी ने अचानक उन्हें यह कहकर हटा दिया कि चिंतपूर्णी पावर प्लांट में नई मशीन लगा दी गई है, इसलिए मजदूरों की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इस निर्णय से उनके सामने बेरोजगारी और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जबकि विक्की कुमार धान ने कहा कि बेस पंचायत के लोग सालों से प्रदूषण और बेरोजगारी दोनों झेल रहे हैं, लेकिन फैक्ट्रियों की ओर से न तो कोई सुविधा दी जाती है, न ही कोई जिम्मेदारी निभाई जा रही है।

## अब डीलरों को मिलेगा 4जी मशीन, वितरण में होगा सुधार



**बरही** : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत जन वितरण प्रणाली व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने को लेकर सरकार एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार अब पीडीएस सिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से डीलरों को बहुत जल्द ही 4जी मशीन उपलब्ध करा रही है। राज्य के कई जिलों में 4जी ईपोश मशीन की वितरण भी शुरू हो गया है। इस सम्बंध में बरही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं त्रुटि रहित बनाने को लेकर पूरे हजारीबाग जिला में बहुत जल्द ही 4जी से मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वितरण व्यवस्था में परेशानी नहीं हो।

## नेमचंद महतो के निधन पर राजू महतो ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के बकसपुरा पंचायत अंतर्गत रखवा निवासी नेमचंद महतो का बुधवार को निधन हो गया। इस संबंध में बताया जाता हैं कि नेमचंद महतो कुछ दिन से बीमार चल रहे थे और लंबे समय तक इलाज के बाद उनका निधन हो गया। उनके असमय निधन की खबर से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, वही उसकी मौत से उसके परिवार में गहरे शोक में डूब गया है। मृतक अपने परिवार में पहले ही अपने पिता, बड़े भाई और अन्य सदस्यों को खो चुका है, और अब उनके पास कोई सहारा नहीं बचा है। इस कठिन समय में, बकसपुरा पंचायत के युवा समाजसेवी एवं पूर्व मुखिया प्रत्याशी राजू महतो ने मृतक के परिवार से मिलकर उनका दुख साझा किया।

## दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव बरामद


**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत के नावाटांड़ निवासी पचास वर्षीय कौशल कुमार पिता स्व० बालेश्वर महतो की शव गुरुवार को बनासो के कुबरी तालाब से बरामद की गई। बताया जाता हैं कि कौशल मंगलवार की शाम घर विष्णुगढ़ के लिए निकले थे, मगर घर नहीं लौटे, इस बीच घरवालों ने संबंधियों से उनकी जानकारी ली। आसपास के इलाको में उनकी तलाश की गयी, पर कुछ पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह बीएड कॉलेज के करीब कुबरी तालाब में शव होने की खबर मिली।

## पत्रकार को पितृशोक, गांव में पसरा मातम

**विष्णुगढ़** : प्रखण्ड के सवांददाता मिथिलेश बर्मन के पिता कांग्रेसी नेता जगदीश बर्मन 70 का निधन गुरुवार को अहले सुबह हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रिया समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये। शोक व्यक्त करने वालो में स्थानीय पत्रकार, समाजसेवी समेत कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। शोक व्यक्त करने वालो में आजसू के दीपू अकेला, अजय कुमार मंडल, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, गौतम वर्मा के अलावा स्थानीय पत्रकार ललित कुमार मिश्र, बटेश्वर मिश्र, जीवन सोनी, संतोष शर्मा, श्री सोनी, घनश्याम पाठक, धीरज शर्मा, भास्कर दुबे, सुबोध मिश्रा, राजेश कुमार दुबे, सुशांत पाठक, राजेश्वर महतो आदि ने श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# जल संसाधन एवं कृषि-पशुपालन विभाग की खामियों पर विधानसभा में विधायक ने जतायी गम्भीर चिन्ता

शीतकालीन सत्र




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा जल संसाधन विभाग तथा कृषिझपशुपालन विभाग से संबंधित पूछे गए अल्पसूचित प्रश्नों पर सरकार ने अपने उत्तर प्रस्तुत किए। इन उत्तरों से यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि हजारीबाग सहित राज्य के कई जिलों में निर्धारित सिंचाई क्षमता के लक्ष्य को अब तक प्राप्त नहीं किया जा सका है। विधायक प्रसाद ने इसे राज्य के कृषि ढांचे की चिंताजनक स्थिति बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं कागज पर तो सक्रिय हैं, किंतु जमीनी स्तर पर उनकी प्रगति अत्यंत धीमी है। सरकार ने स्वीकार किया कि कटकमदाग प्रखंड में स्थित गोदा डैम सहित कई पुराने बांध वर्षों से अनुपयोगी पड़े हैं। इनकी जल संचयन क्षमता में भारी कमी आई है, जिससे सिंचाई व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। कई डैमों का निर्माण, मरम्मत और सफाई कार्य अधूरा है तथा क्षमता-वृद्धि के लिए कोई ठोस निर्णय अब तक नहीं लिया गया है। विधायक प्रसाद ने कहा कि यह स्थिति किसानों के हितों के विपरीत है और राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विकास पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा दिए गए उत्तर में यह भी स्वीकार किया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पशुधन योजना संचालित होने के बावजूद हजारीबाग समेत कई जिलों में बिचौलियों और अव्यवस्थित प्रक्रियाओं के कारण लाभार्थियों तक योजना का लाभ पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया कि पशु क्रय की प्रक्रिया अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से संचालित होती है तथा जिलों में स्वतंत्र खरीद स्थानीय प्रशासन के अधीन है। वर्तमान बेडक सिस्टम को हटाने पर सरकार विचार नहीं कर रही है, जिससे कई व्यवहारिक चुनौतियां बनी हुई हैं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरकार के इन उत्तरों से साफ है कि जल संसाधन, सिंचाई, कृषि और पशुपालन जैसे किसानों के जीवन से जुड़े मुख्य क्षेत्रों में राज्य अभी भी अपने लक्ष्यों से पीछे है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह सिंचाई क्षमता-वृद्धि, डैमों की मरम्मत, जल संचयन सुधार और पशुधन योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन पर तत्काल ठोस कदम उठाए, ताकि हजारीबाग सहित पूरे राज्य के किसानों और पशुपालकों को वास्तविक लाभ मिल सके। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि वे इन मुद्दों पर सदन और सड़क—दोनों स्तरों पर सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवाज उठाते रहेंगे। किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े किसी भी विषय को अनदेखा नहीं होने दिया जायेगा।

## सरकार की उदासीनता से बेटियों की शिक्षा प्रभावित 37 करोड़ का भवन वर्षों से पड़ा है बंद : प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा के बाहर सिलवार में बने पॉलिटेक्निक भवन को बालिका महाविद्यालय के रूप में शुरू करवाने की मांग को लेकर धरना दिया। हाथों में तख्ती लिए विधायक प्रसाद प्रसाद विधानसभा के बाहर बैठे दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा और उनके भविष्य के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है विधायक ने बताया कि सदर प्रखंड के सिलवार में वर्ष 2011 में लगभग सैंतीस करोड़ रुपये की लागत से एनबीसीसी द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराया गया था। वर्ष 2015 में भवन पूरी तरह बनकर तैयार हो गया, लेकिन आज तक इसे चालू नहीं किया गया। लंबे समय से बंद और उपेक्षित रहने के कारण भवन का रखरखाव नहीं हो पा रहा है और अब इसकी छतें व संरचनाएं क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति यूं ही बर्बाद हो रही है जबकि क्षेत्र की हजारों बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए आज भी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि इस भवन में बालिका महाविद्यालय शुरू किया जाए तो स्थानीय और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को पढ़ाई में भारी राहत मिलेगी। यह कदम न केवल शिक्षा को सुलभ बनाएगा बल्कि बालिकाओं की सुरक्षा, सुविधा और भविष्य के रास्ते भी खोलेगा। उन्होंने सरकार पर यह आरोप लगाया कि वह बेटियों की शिक्षा को लेकर संवेदनहीन है और तैयार भवन को वर्षों से जानबूझकर बंद रखकर जनता के पैसे की अनदेखी कर रही है। धरने के दौरान विधायक प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक बंद पड़े भवन की नहीं बल्कि क्षेत्र की बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती तो वह इस मुद्दे को बड़े आंदोलन का रूप देंगे।

## एक झलक

### सड़क हादसे में वृद्धा गम्भीर रूप से घायल, इलाजरत

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जामाडोबा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा उस समय हो गया जब भौरा गोरखुट्टी निवासी 65 वर्षीय मालती देवी और उनकी बेटी प्रतिमा देवी डिसेबिलिटी केयर सेंटर, जामाडोबा में कार्ड बनवाने जा रही थीं। जानकारी के अनुसार दोनों मां-बेटी सेंटर के बाहर सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी अचानक तेज रफ्तार हाइवा संख्या JH04 4380 ने मालती देवी को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाइवा बिना खलासी के चल रहा था और चालक तेज रफ्तार में वाहन को कंट्रोल नहीं कर सका। हादसा इतना भीषण था कि हाइवा का अगला चक्का मालती देवी के दाहिने पैर पर चढ़ गया, जिससे उन्हें गहरी चोटें आईं और उनका पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत गंभीर रूप से घायल मालती देवी को नजदीकी टाटा सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया। शाम में धनबाद अस्पताल से भी उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर जोरापोखर थाना ले आई। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक व ट्रेलर के बीच भिड़ंत में गम्भीर रूप से घायल

**बाघमारा (धनबाद) :** गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे राजगंज थाना क्षेत्र स्थित कोलकाता-दिल्ली मुख्य मार्ग पर महेशपुर के नजदीक एक ट्रक और ट्रेलर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक विनोद कुमार ऊंज, निवासी भदोनी (उत्तर प्रदेश), गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक विनोद कुमार ने बताया कि वह धनबाद में ट्रक खाली कर यूपी की ओर लौट रहा था। महेशपुर में उसने अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा करने का प्रयास किया, इसी दौरान दूसरी लेन से आ रही एक ट्रेलर जो गोविंदपुर से सामान लेकर भिवंडी, राजस्थान जा रही थी। ट्रेलर ने ट्रक के चालक वाली और जोरदार टक्कर मार दी।

### इमर्जिंग झारखंड बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन 13 व 14 दिसम्बर को

**धनबाद :** झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन और एल्यूर सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 13 एवं 14 दिसंबर को धनबाद के गोविंदपुर स्थित राजविलास लग्जरी रिसॉर्ट में इमर्जिंग झारखंड बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसमें नॉलेज पार्टनर के तौर पर आईआईटी आईएसएम की बड़ी भूमिका है। इसी संदर्भ में गुरुवार को यूनियन क्लब में प्रेस वार्ता आयोजन कर झारखंड इंडस्ट्री ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष अमितेश सहाय एवं महासचिव राजीव शर्मा ने मीडिया को बताया कि इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं संस्कृति, स्वास्थ्य, उद्योग एवं व्यवसाय तथा खनन क्षेत्र पर विचार-विमर्श करना है, ताकि झारखंड की औद्योगिक प्रगति को नई गति प्रदान की जा सके।

### सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चला सघन जांच अभियान

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले में बुधवार को व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह अभियान पूरे जिले के सभी थाना एवं ओपी क्षेत्रों में देर शाम तक एक साथ संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 1414 वाहनों की जाँच की गई, जिनमें 993 दोपहिया तथा 421 चारपहिया वाहन शामिल थे। पुलिस टीमों ने सभी वाहनों की गहनता से तलाशी ली तथा प्रत्येक वाहन में सवार लोगों की पहचान की विधिवत सत्यापन प्रक्रिया अपनाई। एसएसपी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों की पहचान करना तथा नागरिकों के बीच सुरक्षा और भरोसे का माहौल उत्पन्न करना है। ऐसे अभियान आगे भी नियमित अंतराल पर जारी रहेंगे ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

### विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय राजगंज में नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन

**बाघमारा (धनबाद) :** गुरुवार को संकल्प एजुकेशन, विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय राजगंज मे जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वाधान नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें राजगंज क्षेत्र के 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मॉक टेस्ट में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने कहा कि परीक्षा कक्ष में एकाग्रता का होना सफलता का परिचायक होता है। जब कोई छात्र अपने मन पर नियंत्रण कर अपने आप को एकाग्र करते हुए प्रश्न पत्रों में लीन हो जाता है और उसके उत्तर ढूंढने का प्रयास करता है।

# मानवाधिकारों की रक्षा, जागरूकता व न्याय के प्रति जतायी प्रतिबद्धता

**अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस**




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद द्वारा धनबाद में भव्य कार्यक्रम का आयोजन उत्सव भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हौसला प्रसाद दुबे एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। उनकी उपस्थिति में कार्यकर्ताओं में इतिहास का संचार किया और मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद के प्रति संगठन को प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। कार्यक्रम की सुनवाई प्रदेश अध्यक्ष दिलीप रवानी, धनबाद जिला अध्यक्ष संजीत सिंह, धनबाद जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कुमार महतो, प्रदेश अध्यक्ष (२ू २३) किस्मत भुइयां ने की ,वहीं महिला प्रकोष्ठ की ओर से जिला उपाध्यक्ष अनीता देवी, महिला प्रभारी शिल्पी सिंह, संगठन सचिव बबीता देवी, संगठन सचिव बैजनाथ पंडित, उमेश कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मानवाधिकारों की रक्षा जागरूकता और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर चिल्ड्रन क्लासेस ने बांटा स्वेटर



**झरिया (धनबाद) :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर झरिया स्थित सामाजिक परियोजना कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस ने झरिया के दूरदराज कोलियरी क्षेत्रों में दो दिवसीय अभियान चलाया, स्वेटर वितरित किए और लोक कला शैली से दीवार चित्रकला बनाई।

ये अभियान में झरिया शहर के उत्तरी क्षेत्र में दोबारी-साहानापाहारी, बंगाली कोठी में छात्र छात्राओं ने कुछ आकर्षक लोककला शैली से दीवार चित्रकला बनाई है। छोटे छोटे ग्रुप में बच्चों को अधिकार और कर्तव्य के बारे में बताया गया। कहा कि जीवन में सपना को साकार करने के लिए शिक्षा के अधिकार सब को है पर हर रोज बच्चों को स्कूल भेजना माता पिता का कर्तव्य है। दोवारी के क्लास 12 पास आउट स्टूडेंट सोनाली कुमारी और सपना कुमारी ने कहा, हर वर्ष कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस सीसीसी की तरफ से, हम अपने इलाके को सजाने के लिए दीवार चित्रकला बनाते हैं, आमतौर पर हमारा इलाका कोयले से जुड़े कामों से भरा रहता है और हर समय वहन आते-जाते रहते हैं, धूल उड़ता है, यहां दीवार चित्रकला सभी के लिए बहुत खुशी देने वाला है। लोग गाड़ी रोक कर देखते हैं। सर्दियों को देखते हुए संस्थान ने 15 गरीब बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया, बच्चे स्वेटर पाकर खुश हुए। पिनाकी रॉय और संजय पंडित ने बच्चों के मानव अधिकारों पर बात की, चित्रकला कला के माध्यम से मानव अधिकारों के संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक पिनाकी रॉय, आर्टिस्ट संजय पंडित, शिक्षिका मौसमी राय, सुमन कुमारी, सोनाली कुमारी, सपना कुमारी, खुशी कुमारी, समीर कुमार, रोहित कुमार, बंगाली कोठी के जीवन कुमार, अंशु कुमार, सुमित कुमार, बिकाश कुमार, प्रतीक कुमारी आदि उपस्थित थे।, छोटो कुमार, बड़कू कुमार मौजूद थे।

## स्टीलगेट में 13 दिसम्बर से सजेगा 'हरि कथा' का दरबार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** स्टीलगेट स्थित दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर प्रांगण में आगामी 13 दिसंबर से सात दिवसीय भव्य हर के आँगन में हरि कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। उक्त जानकारी गुरुवार को आयोजन समिति के हित नयन कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। आयोजन समिति ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 13 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। श्रद्धालु प्रत्येक दिन कथा श्रवण कर सकेंगे। वही बताया कि 13 दिसंबर को झांकी के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा न्यू बैंक कॉलोनी से कार्यक्रम स्थल तक निकाली जाएगी।कार्यक्रम में वृंदावन के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पूज्य श्री हित ललितवल्लभ नागार्च अपने मुखारविंद से श्रीकृष्ण लीलाओं एवं हरि कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। कथा के समापन के अगले दिन 20 दिसंबर (शनिवार) को भव्य महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान न्यू बैंक कॉलोनी, स्टीलगेट निवासी मोहन गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी किरण देवी हैं। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार कथा में उपस्थित होने का आग्रह किया है। प्रेस वार्ता सरायढेला चेंबर अध्यक्ष श्रवण सिन्हा,कोषाध्यक्ष संजय सोनी, अरुण गुप्ता, मंटू, राजु गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा, योगेश गुप्ता, निताई कुंभकार, कुश भारती, मुकेश कुमार, मुकुल पांडेय, अमृत मंडल, अशोक विश्वकर्मा, प्रकाश गुप्ता मौजूद थे।

## समाहरणालय में कार पर्किंग निर्माण कार्य प्रगति पर, 64 कार व 80 दुपहिया हो सकेंगे खड़े

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर समाहरणालय आने वाले आगंतुकों के लिए समाहरणालय के पूर्वी हिस्से में विशाल पार्किंग शेड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पार्किंग का फ्रेमवर्क पूरा हो चुका है। शीघ्र शेड लगाने का कार्य आरंभ होगा। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन बड़ी तादाद में आम लोग अपने विभिन्न कार्यों से समाहरणालय आते हैं। आम जनों के साथ पदाधिकारी, मीडिया कर्मी भी समाहरणालय आते हैं। अक्सर उनके वाहन खुले में खड़े रहते हैं। इसलिए चार पहिया और दुपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग शेड युक्त विशाल पार्किंग एरिया बन रहा है। पार्किंग शेड बन जाने के बाद उसमें 64 चार पहिया तथा 80 से अधिक दुपहिया वाहनों को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पार्क किया जा सकेगा। उपायुक्त ने बताया कि पार्किंग शेड के साथ-साथ आगंतुकों के लिए सिटिंग व वेटिंग एरिया एवं पार्क का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## पहला कदम स्कूल में त्रिदिवसीय सीआरइ कार्यक्रम दूसरे दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गुरूवार को पहला कदम स्कूल में आयोजित त्रिदिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के दूसरे दिन का प्रशिक्षण सत्र आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि गंगोत्री कुजू (पूर्व विधायक, मांडू) एवं भोगन सोरेन (सचिव, एस.के.एस.एन. ट्रस्ट) की गरिमामयी उपस्थिति रही। दिनभर चले प्रशिक्षण सत्रों का संचालन सीआरसी रांची से पधारे विशेषज्ञ मुकेश कुमार, सहायक प्रोफेसर (वाक एवं श्रवण) द्वारा किया गया।प्रशिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में पहला कदम स्कूल की टीम सुधा पांडेय, मेघा गुप्ता, जय भारत कुमार और एम.डी. अनवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरे सत्र में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्रतिभागियों ने दूसरे दिन श्रवण बाधित बच्चों की शीघ्र पहचान एवं प्रबंधन, प्रारंभिक हस्तक्षेप में फिजियोथेरेपी की भूमिका, प्रारंभिक हस्तक्षेप से स्कूल तैयारी तक संक्रमण, तथा सहायक उपकरणों एवं डिजिटल साधनों के उपयोग जैसे विषयों पर आधारित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन सत्रों ने प्रशिक्षुओं को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के समर्थन हेतु आवश्यक सिद्धांत, व्यावहारिक ज्ञान और नवीन तकनीकों की बेहतर समझ प्रदान की।नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और पहला कदम स्कूल विशेष बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सेवाओं और समग्र विकास के अवसर सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। इसी उद्देश्य की दिशा में यह सीआरइ कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर रहा है।

## फुटपाथ दुकानदारों ने निगम कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद शहर में फुटपाथ व सड़क किनारे दुकान लगाकर अपनी जीविका चलाने वाले फुटपाथ दुकानदारों ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम बिना पूर्व सूचना के उनकी रेहड़ियों व छोटे स्टॉलों को हटा रहा है। इससे उनके समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों का कहना था कि न तो उन्हें व्यवस्थित रूप से कारोबार करने दिया जा रहा है और न ही वैकल्पिक स्थल उपलब्ध कराया जा रहा है। दुकानदारों ने कहा कि हाल ही में धैया क्षेत्र में अभियान के दौरान कई दुकानदारों के साथ अधिकारियों ने दुर्व्यवहार किया और उनकी रेहड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी के विरोध में सैकड़ों फुटपाथ व्यापारी नगर निगम कार्यालय पहुंच गए और जोरदार नारेबाजी की। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं निकलता, आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन उन्हें व्यवस्थित व सुरक्षित स्थल पर पुनर्स्थापित करे, साथ ही शहर में व्यापार करने के लिए उन्हें लाइसेंस प्रदान किया जाए। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सभी पक्षों से चर्चा कर जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जायेगा। नगर निगम की कार्रवाई व दुकानदारों के विरोध के बीच विवाद बढ़ गया है। फुटपाथ दुकानदारों ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

## लोडिंग अनलोडिंग मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर एफसीआई गोदाम गोशाला में हड़ताल

**सिन्दरी (धनबाद) :** भारतीय खाद्य निगम का गौशाला स्थित गोदाम में बकाया भुगतान को लेकर गुरुवार को लोडिंग अनलोडिंग मजदूरों ने हडताल कर दिया । जिस कारण दस ट्रक खाद्यान अनलोड नही हो सका है। लोड ट्रक गोदाम के बाहर खडे हैं। गुरुवार को एजीएम के हस्तक्षेप के बाद संवेदक ने कुल 28 मजदूरों का बकाया राशि का भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद आज मजदूर काम पर जब वापस आए तभी झामुमो के महानगर सचिव रामू मंडल के नेतृत्व में स्थानीय मजदूरों ने काम बंद करा दिया। रामू मंडल ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम का गोदाम उनके जमीन पर बना है। इसलिए स्थानीय लोग भी गोदाम में काम करेंगे और सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान संवेदक को करना होगा। गोदाम में कार्यरत ठेका मजदूरों का नेतृतव कर्ता सहदेव यादव ने कहा कि संवेदक हमलोगों का काम छिनकर स्थानीय लोगों को देना चाहता है।

## बीआईटी विद्युत अभियंत्रण विभाग में एम टेक के छात्रों को दी गयी विदाई

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिन्दरी के विद्युत अभियंत्रण विभाग में एम टेक के पास आउट विद्यार्थियो के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के प्रधानाध्यापक ने छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विदाई उनके परिश्रम, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रतिवद्धता का सम्मान है। प्रध्यापकों ने अपेक्षा की है कि वे अपनी सीखी हुई तकनीकों और मूल्यों को वास्तविक जीवन में ईमानदारी, उत्कृष्टता और जिम्मेदारी के साथ लागू करेंगे। इस अवसर पर निदेशक डॉ पंकज राय, सह प्रध्यापक आईआईटी आईएसएम धनबाद डॉ. बी मुखर्जी एवं ब्राह्य परीक्षक डॉ मोहम्मद अब्दुल कलाम डॉ डीके तांती, प्रो रेखा झा, डॉ राजेंद्र मुर्मू व अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे।

## सुरक्षा प्रहरियों के लिए राजभाषा कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोरापोखर (धनबाद) :** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा प्रहरियों के लिए राजभाषा कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। उद्धघाटन लोदना क्षेत्र के अवर महाप्रबंधक परवेज आलम ने किया जबकि इनका स्वागत क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) दीपक कुमार सिंह ने पुस्तक और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किए। मुख्यालय से आये बीसीसीएल के प्रबंधक (राजभाषा) उदयवीर सिंह, अनुवादक अनिरुद्ध नोनिया का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं पुस्तक देकर किए। इसके बाद अवर महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) नोडल अधिकारी (राजभाषा) सौरभ सिंह, मुख्यालय के हिंदी अधिकारियो ने मैथिलि शरण गुप्त के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इसके बाद राष्ट्र गान एवं कोल इंडिया गीत बजाया गया इसके सम्मान में उपस्थित सभी प्रतिभागी खड़े हुए। कार्यशाला का संचालन बिश्वनाथ धीबर वरीय लिपिक राजभाषा ने किया। क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) दीपक कुमार सिंह ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने के लिए अपील की। सुरक्षा निरीक्षक राम जी पाण्डेय ने स्वागत भाषण दिए। (प्रबंधक) राजभाषा उदयवीर सिंह ने राजभाषा नीति नियम के बारे मे विस्तार से बताया। अनुवाद अनिरुद्ध नोनिया ने शब्दावली अंग्रेजी से हिंदी में करने को बताएं। इसके बाद हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## रागिनी सिंह ने शीतकालीन सत्र में उठाया 27 गांवों का मुद्दा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** 11 दिसंबर झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में झरिया विधायक रागिनी सिंह ने धनबाद नगर निगम में शामिल किए गये 27 ग्रामीण गांवों के मामले को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जीतपुर, डुमरी, भूतगड़िया, सिरगुज्जा, कपुरगढ़ा, पैरों, गौरखुटी, मोहलबनी, जोड़ापोखर, जामाडोभा, परघाबाद और नुनुडीह सहित कुल 12 गांव पूरी तरह ग्रामीण चरित्र वाले हैं। इन गांवों में आज भी ग्रामीण संरचना, मकानों का ढांचा और लोगों का रहन-सहन पूरी तरह गांव जैसा है। बिना किसी उचित जमीनी जांच-पड़ताल के इन्हें नगर निगम की सीमा में शामिल कर लिया गया, जो स्पष्ट रूप से सीमा निर्धारण में गंभीर त्रुटि दर्शाता है। श्रीमती सिंह ने सदन में मांग की कि इन 12 ग्रामीण क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से नगर निगम की सीमा से बाहर कर पुनः ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत लाया जाये। उन्होंने कहा कि नगर निगम में शामिल होने के बावजूद इन गांवों को सड़क, नाली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। विधायक ने सरकार से स्पष्ट आग्रह किया कि किसी भी क्षेत्र को शहरी या ग्रामीण दर्जा देने से पहले उसकी जमीनी हकीकत की गहन जांच होनी चाहिए, न कि केवल कागजी प्रक्रिया के आधार पर फैसला लिया जाये। इन गांवों की अलग सूची तैयार कर पुनः जांच कराई जाए और इन्हें ग्रामीण दर्जा बहाल किया जाये।

### आरएसपी कॉलेज भवन निर्माण कार्य का मुद्दा भी सदन में उठाया

गुरुवार को शीतकालीन सत्र के दूसरी पाली में झरिया विधानसभा क्षेत्र के जेलगोरा स्थित आर.एस.पी. कॉलेज के भवन निर्माण कार्य में हो रही देरी व अनियमितता को लेकर आज झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सदन में सूचना के तहत मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में टेंडर जारी होने और भूमि उपलब्ध होने के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किए जाने की मांग की है, ताकि झरिया के छात्रों को बेहतर कॉलेज की सुविधा मिल सके।

## चोरों के आतंक से परेशान डुमरा के ग्रामीण

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा में चोरों के आतंक से स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं। बेखौफ चोरों का हौसला इतना बुलंद हो गया है की एक ही रात में तीन दुकानों पर चोरी करने का प्रयास किया है। चोरों ने एक दुकान में चोरी कर घटना को अंजाम भी दिया है। वही दो दुकानों में चोरी करने में चोर असफल रहे। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। वही गुरुवार सुबह जब दुकानदार अपने अपने दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा ताला देख होश उड़ गया। जिसके बाद पीड़ित दुकानदारो ने घटना की जानकारी डुमरा दक्षिण मुखिया जीवन लाला महतो को दिया। मौके पर मुखिया पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। इस घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने दुकानदारों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।

## तीन दिवसीय रजत जयंती महोत्सव में बहेगी श्याम भक्ति की धारा




**झरिया (धनबाद) :** झरिया लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में इस वर्ष आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री श्याम बाल मंडल की ओर से 17 दिसंबर से तीन दिवसीय रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक झरिया में श्याम प्रभु की भक्ति, कीर्तन और आध्यात्मिक उल्लास की अविरल धारा बहने वाली है। उक्त बातें लाल बाजार श्याम मंदिर के समीप झरिया बजरंग लाल कटेसरिया भवन में आज प्रेस वार्ता के दौरान बाल मंडल के अध्यक्ष प्रवीण भिवानी वाला ने कहीं। महोत्सव की शुरूआत श्री राम मंदिर, जोड़ाफाटक धनबाद परिसर से निकलने वाली भव्य निशान शोभायात्रा से होगी। हजारों की संख्या में झरिया, धनबाद सहित आसपास के क्षेत्रों के भक्त इस दिव्य यात्रा में शामिल होंगे। यह शोभायात्रा श्याम प्रभु के प्रति समर्पण तथा आस्था का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेगी। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होगा 25वां श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ। प्रसिद्ध कथा वाचक अनिल जानी (मेरठ) अपने दिव्य और भावपूर्ण स्वर में पाठ का वाचन करेंगे। इसके साथ ही नृत्य-नाटिका के माध्यम से श्याम लीला के विभिन्न प्रसंगों का आकर्षक मंचन किया जायेगा। इस अवसर पर बाबा को विविध प्रकार के भोग लगाए जाएंगे तथा भव्य जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केक काटकर प्रभु का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। तीसरे दिन आयोजित होगा 16वां सुंदरकांड पाठ, जिसका वाचन जयपुर (राजस्थान) से पधार रहे महेन्द्र स्वामी करेंगे। इस दिन बाला जी महाराज को 108 किलो लड्डू का विशेष भोग अर्पित किया जायेगा। शाम को होने वाले भजन-कीर्तन में मेरठ के विख्यात भजन गायक आयुष कंसल और हिसार के प्रसिद्ध गायक अभिनव ऐरन अपने मधुर भजनों से भक्तिमय वातावरण को और अधिक दिव्य बना देंगे। श्री श्याम बाल मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य इस महोत्सव को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने में जुटे हुए हैं।

# जियोलॉजी डिपार्टमेंट की टीम ने किया केन्दुआडीह गैस रिसाव वाली जगह का निरीक्षण

**गैस रिसाव मामला**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड रांची ने जियोलॉजी मैनेजर भुवनेश कुमार गुप्ता और उनकी टीम ने इलाके का और उस जगह को मापने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया, जहां से गैस रिसाव हो रही है। उन्होंने तापमान भी रिकॉर्ड किया और निकलने वाली गैस की मात्रा की जांच की। केंदुआडीह में गैस रिसाव की घटना को नौ दिन हो गए हैं। वैज्ञानिकों की अलग-अलग टीमें रोजाना गैस लीक की स्थिति पर नजर रख रही हैं। फिलहाल, स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैनेजर भुवनेश गुप्ता ने मीडिया को बताया कि अभी मौसम ठंडा है, अधिकतम तापमान 22 से 22 डिग्री सेल्सियस है। उन्होंने बताया कि अगर तापमान सामान्य से ज्यादा होता, तो इसका कारण गैस रिसाव हो सकता था। टीम ने इलाके की आबादी और घरों की संख्या के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए भी ड्रोन का इस्तेमाल किया। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि आज जो प्रक्रिया पूरी हुई है, उसे दोहराया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही आकलन के लिए दूसरी जांच और रिपोर्ट जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि पूरी रिपोर्ट तैयार करने में 15 से 20 दिन लगेंगे। इस बीच, केंदुआडीह गैस लीक वाली जगह पर जांच प्रक्रिया जारी है। विशेषज्ञ वैज्ञानिक गैस लीक के कारणों का पता लगाने में लगे हुए हैं। नौ दिन बाद भी गैस का स्तर कम होता नहीं दिख रहा है।

## झामुमो के नेताओं ने गैस रिसाव स्थल का किया निरीक्षण



**धनबाद :** जिले के केंदुआडीह में गैस रिसाव की भयावह स्थिति को देखते हुए झामुमो शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी की केंद्रीय समिति के नेताओं ने गुरुवार को प्रभावित इलाकों का दौरा किया।दौरे में झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य डॉ. नीलम मिश्रा व जिला कमेटी के अन्य पदाधिकारी शामिल थे। समिति के सदस्यों ने सबसे पहले केंदुआडीह थाना प्रभारी से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद टीम गैस प्रभावित इलाकों में पहुंची। सदस्यों ने घर-घर जाकर गैस रिसाव की मौजूदा स्थिति, बीसीसीएल द्वारा लगाए गए चेतावनी के पोस्टर समेत हर बिंदु पर जानकारी ली। समिति ने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं, शिकायतें व घटनाक्रम को लेकर उनके मन में उठ रहे विचारों को जाना। केंद्रीय समिति सदस्य डॉ. नीलम मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रभावित इलाकों में गैस रिसाव का उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है।उन्होंने बीसीसीएल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गैस रिसाव को रोकने की तकनीकी पहल पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन स्थानीय लोगों को सिर्फ विस्थापित करने पर जोर दे रहा है, जो सरासर अन्यायपूर्ण है। साजिश के तहत लोगों को हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस रिसाव की घटना में दो लोगों की जान जा चुकी है और कई लोग बीमार हैं। ऐसे में पहली प्राथमिकता लोगों को हटाना नहीं, बल्कि गैस रिसाव को बंद करना होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर बेहद गंभीर हैं और उनके ट्वीट के बाद ही वे लोग यहां आए हैं। झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि बीसीसीएल सिर्फ कोयला खनन पर ध्यान दे रही है।

## सम्पादकीय.....

## 'वंदे मातरम्' : किसके पास कितना ज्ञान !

**'वंदे मातरम्'** पर संसद में खूब गरमागरम बहस हुई। सरकार और विपक्ष ने एक-दूसरे पर तीक्ष्ण आरोप लगाये। इसे देखते हुए यह जानना अत्यन्त आवश्यक है कि आजाद भारत का राष्ट्रगान बनने के लिए 'वंदे मातरम्' दौड़ में सबसे आगे था। लेकिन, चुना गया 'जन गण मन' को। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को 'जन गण मन' के पहले छंद को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया। तब उन्होंने कहा था, 'जन गण मन' के रूप में पहचाने जानेवाले शब्दों और संगीत से युक्त रचना भारत का राष्ट्रीय गान है...और 'वंदे मातरम्', जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभायी, उसे भी 'जन गण मन' के साथ समान रूप से सम्मानित किया जायेगा और समान दर्जा मिलेगा। 'जन गण मन' को पहली बार 27 दिसम्बर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वार्षिक सत्र के दूसरे दिन एक सार्वजनिक समारोह में गाया गया था। एक महीने के भीतर ही जनवरी 1912 में यह छंद बंगाल की 'तत्त्वबोधिनी पत्रिका' में प्रकाशित हुआ। इसका शीर्षक था, 'भारत विधाता'। इसे ब्रह्म संगीत के रूप में वर्गीकृत किया गया था। ब्रह्म समाज की इस पत्रिका का सम्पादन किया था रवीन्द्रनाथ टैगोर ने। इसके बाद 25 जनवरी 1912 को कलकत्ता में हिन्दू महीने माघ के जश्न पर हुए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 'जन गण मन' की प्रस्तुति हुई। 1911 में पहली सार्वजनिक प्रस्तुति के बाद कुछ अखबारों ने छापा था कि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने किंग जॉर्ज पंचम के सम्मान में यह गीत लिखा है। जॉर्ज पंचम दिल्ली में राज्याभिषेक समारोह के लिए भारत आनेवाले थे। लेकिन, स्वयं टैगोर ने इसका खंडन किया। संदर्भ को लेकर उन्होंने 1939 में गुस्से से भरा एक पत्र लिखा था, 'मैं केवल अपने आप को अपमानित करूंगा, अगर मैं ऐसे लोगों को जवाब देने की परवाह करता हूं, जो मुझे इतना मूर्ख समझते हैं कि मैं जॉर्ज चतुर्थ या पंचम की प्रशंसा में गीत गाता हूं।' बाद में 'जन गण मन' का अन्य भाषाओं में अनुवाद किया गया। एक तरफ 'वंदे मातरम्' लगातार लोकप्रिय हो रहा था, वहीं 'जन गण मन' को भी पहचान मिल गयी थी। अगस्त 1941 में रवीन्द्रनाथ टैगोर का निधन हो गया। इसके 06 वर्ष बाद देश को आजादी मिली। भारत की स्वतंत्र सरकार पर विदेशी दूतावासों, डिफेंस सर्विसेज और दूसरी जगहों से दबाव बनने लगा कि आधिकारिक समारोह में हिन्दुस्तान का राष्ट्रगान बजाया जाये। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और उनकी कैबिनेट इस बारे में कोई निर्णय नहीं ले पाये, क्योंकि यह काम संविधान सभा को करना था। उस समय तक भी राष्ट्रगान की दौड़ में 'वंदे मातरम्' सबसे आगे था। 1947 में संयुक्त राष्ट्र में 'जन गण मन' बजाया गया। पंडित नेहरू ने एक पत्र में उल्लेख किया है कि इस गीत की बहुत सराहना हुई। इसकी धुन और ताल ने भी राष्ट्रगान के तौर पर इसे चुनने में मदद की। नैशनल और इंटरनैशनल इवेंट्स में आर्केस्ट्रा की जरूरत के हिसाब से बाद में इसमें थोड़ा बदलाव किया गया। पंडित नेहरू का मानना था कि 'जन गण मन' में एक निश्चित जीवन और आन्दोलन है। 25 अगस्त 1948 को उन्होंने संसद में कहा, 'कुछ लोगों ने सोचा था कि 'वंदे मातरम्' की धुन अपने महान आकर्षण और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ विदेशों में आर्केस्ट्रा पर बजाने के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसे में 'वंदे मातरम्' राष्ट्रीय गीत के रूप में जारी रहना चाहिए। राष्ट्रगान 'जन गण मन' ही होना चाहिए।' दुखद आश्चर्य है कि इस विषय पर संसद में सत्ता पक्ष की ओर से शीर्ष नेताओं समेत अन्य वक्ताओं ने जो सम्बोधन दिये, उनमें निशाने पर केवल पंडित जवाहर लाल नेहरू रहे। जबकि, जिन बिन्दुओं को लेकर उन्हें निशाना बनाया गया, उनके लिए वह कतई जिम्मेवार नहीं हैं।

## किसने क्या कहा



कांग्रेस ने भारत की संस्कृति, सोच और मूल्यों से किया समझौता

जेपी नड्डा
नेता, राज्यसभा



शिमला रेलवे स्टेशन को मास्टर प्लानिंग के तहत किया जा रहा विकसित

अश्विनी वैष्णव
रेल मंत्री

# बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

विशेष — ललित गर्ग

> यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिन्दू अपनी संस्कृति, परम्परा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे, तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा। इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिन्दू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिन्दू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

**पश्चिम** बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोचाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है। पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके। निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। 'गजवा हिंद' के प्रलापों के प्रतिकार में 'भगवा हिंद' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है।

साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि 'यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा। इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि 'राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा। इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है।

# यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर घोषित किया

गौरतलब — ललित गर्ग

> दीपावली के केन्द्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की सम्भावना छिपी होती है। हिन्दू, जैन, बौद्ध और सिख परम्पराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्त्व है, मगर संदेश एक ही है...प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है।

**यूनेस्को** द्वारा दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक चेतना का ऐसा महत्त्वपूर्ण क्षण है, जो न केवल भारतीयों को गौरवान्वित करता है बल्कि यह सिद्ध करता है कि भारतीय सभ्यता की आत्मा आज भी मानवता का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखती है। दीपावली मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, आत्मा, संबंध, समरसता और विश्वबंधुत्व का प्रकाशग्रंथ है। यह वह विरासत है जो हजारों वर्षों से मानव को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, ईर्ष्या से प्रेम और भय से विश्वास की यात्रा पर ले जाती रही है। दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे 'अमूर्त' कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है। जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है। दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है। भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है। दीपावली यूनेस्को के उस उद्देश्य को पूर्ण रूप देती है जिसमें कहा गया है कि मानवता की सबसे बड़ी शक्तियाँ वे परंपराएँ हैं जो समय के साथ खो न जाएँ। दीपावली भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संरचना को एक गहरा संदेश देती है। एक छोटा कुम्हार, जो अपने हाथों से दीए बनाता है, उसी दीये की रोशनी से करोड़ों घर रोशन होते हैं।

## आज का इतिहास

- गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश ने 1232 में ग्वालियर पर कब्जा किया।
- पेनसिल्वेनिया अमेरिका के संविधान को अंगीकार करने वाला 1787 में दूसरा प्रांत बना।
- वाशिंगटन डीसी को 1800 में अमेरिका की राजधानी बनाया गया।
- अमेरिका द्वारा मेक्सिको को 1822 में एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गयी।
- ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1884 में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- भारत की राजधानी 1911 में कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गयी।
- जॉर्ज पंचम और 1911 में मेरी भारत के सम्राट के रूप में भारत आये।
- चीन के राष्ट्रपति युवान शी की ने 1915 में राजतंत्र को पुनः बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया।
- फ्रेंच आल्प्स में 1917 में फ्रांसीसी सेना की ट्रेन के पटरी से उतरने से 543 लोगों की मौत हो गयी।
- इटली में 1923 में पो नदी बांध फटने से 600 लोगों मारे गये।
- चीन के नेता च्यांग काई शेक ने 1936 में जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- इरानी शाही सेना ने 1947 में अजरबाइजान में सत्ता पर पुनः अधिकार कियाकर लिया।
- गिनि 1958 में संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
- केन्या 1963 में स्वतंत्र हुआ।
- भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधायें 1971 में रद्द कर दी गयी।
- पेरू के पूर्व प्रतिनिधि जेवियर पेरेज द कुइयार 1981 में सं.रा. संघ के महासचिव निर्वाचित।
- टी. एन. शेषन 1990 में मुख्य निर्वाचन आयुक्त हुए।
- भारत एवं बांग्लादेश के मध्य 1996 में गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर।
- भारत ने 2001 में नेपाल को दो चीता हैलीकॉप्टर और हथियार दिये।

## अंकजाल - 8116

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।



अंकजाल 8115 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## व्यवहार की दुनिया

**बहुत** बड़ा कवि था इमरसन। वह घूमने निकला। अकस्मात वर्षा आ गई। उसके पास अपनी कविताओं की एक पांडुलिपि थी। भीगने के डर से उसने वह पांडुलिपि एक दुकानदार के पास रख दी। इमरसन चला गया। दुकानदार ने कहा कि पन्ने भरे हुए हैं, कुछ खाली हैं वह भरे हुए पन्नों में वस्तुएं लपेटकर ग्राहकों को देता रहा। कुछ देर बाद जब वर्षा रूकी, इमरसन आया। पांडुलिपि मांगी। दुकानदार ने कहा, माफ करना, भरे पन्नों का मैंने उपयोग कर लिया है। खाली पन्ने ज्यों के त्यों हैं। भरे काम के नहीं थे। खाली लिखने के काम आ सकते हैं। यह सुनते ही इमरसन का माथा ठनका। उसकी महत्वपूर्ण कविताओं के पन्ने निकल चुके थे। शेष बचे थे केवल कोरे कागज। व्यवहार की दुनिया में खाली का मूल्य नहीं होता, भरे का मूल्य होता है। खाली पन्ने का क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? इसी प्रकार खाली चित्त और खाली मन का भी क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? व्यवहार में जीने वाले यही चाहते हैं कि ये सब सदा भरे ही रहें, कभी खाली न हों। जब अध्यात्म की यात्रा शुरू होती है तब भरे का क्या मूल्य है और खाली का क्या मूल्य है, स्पष्ट हो जाता है। उस यात्रा में अनुभव होता है कि लिखा हुआ कागज चला गया, अच्छा हुआ।

## सुविचार

दूब की तरह छोटे बन कर रहो। जब घास-पात जल जाते हैं, तब भी दूब जस की तस बनी रहती है।
**गुरु नानक**

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है, मगर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।
**तुलसीदास**

# सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को गति देते मोहन यादव

प्रमोद भार्गव

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री मोहन यादव पद की शपथ लेने के बाद से ही सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार की कोई निंदा-आलोचना किए बिना, उनके द्वारा खींची गई लकीर को बड़ा करने का काम किया है। इस परिप्रेक्ष्य में हिंदुत्व की वैचारिकता को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, नगरीय विकास से लेकर ग्रामीण विकास और सुशासन को सशक्त बनाने के बाबत उनकी प्राथमिकताएं देखने में आई हैं। हिंदुत्व और सनातन संस्कृति उनके अजेंडे के प्रमुख आधार रहे हैं। अतएव उज्जैन और अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प के साथ राम वन गमन और कृष्ण पाथेय परियोजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है। अब भगवान श्री कृष्ण से जुड़े मध्यप्रदेश के स्थलों को एक नवीन पहचान दी जाएगी। प्रदेश में बड़ा पूंजी निवेश कराकर उद्योगों की स्थापना हेतु कई इंवेस्टर मीट कराए गए हैं। इससे नए रोजगार व तकनीकी विकास के रास्ते जल्दी ही खुलेंगे। चीता पालन परियोजना श्योपुर के कूनो और मंदसौर के गांधी सागर में उन्हीं के कार्यकाल में भलीभूत हुई है। अब इसका विस्तार सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती बाघ आरक्षित क्षेत्र में भी होगा। मोहन यादव मंत्रिमंडल की पहली बार बैठक बुंदेलखंड के खजुराहो में संपन्न हुई है। इसके दूरगामी परिणाम निकलने की उम्मीद की जा रही हैं। अतएव इस अंचल में पर्यटन और औद्योगिक विकास के नए रास्ते जल्द खुलेंगे। प्रदेश में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संगम की त्रिवेणी बह रही है। दुनिया के सामने 'श्री कृश्ण पाथेय' योजना के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम उज्जैन, पीवड़िया-खातेगांव देवास, एरण सागर, चंदेरी, अशोकनगर जामगढ़ रायसेन, सागर, जनापाव इंदौर और अमझेरा धार सहित आठ जिलों में उन पुरातन स्थलों को धार्मिक पहचान दी जाएगी, जो भगवान कृश्ण से जुड़े रहे हैं। इन स्थलों पर कृश्ण के श्रीचरण विद्यार्जन, यात्रा के समय विश्राम और विवाह के लिए रुक्मणी हरण से जुड़े हैं। इन यात्राओं में कृश्ण के साथ उनके बड़े भाई बलराम अर्थात बलदाऊ भी साथ रहे हैं। कृश्ण और बलराम ने एक साथ उज्जैन के सांदीपनि आश्रम के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी। दोनों भ्राताओं में यहां 64 कलाएं और 14 विद्याएं गुरु सांदीपनि से प्राप्त की थीं। मित्र सुदामा भी उनके साथ रहे थे। भागवत पुराण के अनुसार गुरु सांदीपनि के पास जितनी भी शिक्षाएं थीं, सब सिखा दी थीं। शिक्षा प्राप्ति के बाद कृष्ण ने गुरु से गुरु दक्षिणा लेने को कहा, लेकिन उन्होंने कुछ भी लेने से मना कर दिया। तब कृष्ण और बलराम गुरु माता के पास पहुंचे। उन्होंने रोते-रोते अपने पुत्र के अपहरण की कहानी कह दी। पुत्र का अपहरण समुद्र के किनारे से हुआ था। कृष्ण और बलराम समुद्र किनारे पहुंचे और उन्होंने समुद्र का आवाहन किया। समुद्र ने सामने आकर बताया कि पंचजन्य नाम के असुर ने गुरु सांदीपनि के पुत्र का अपहरण किया है। कृष्ण ने अंततः पंचजन्य राक्षस को खोज लिया और उसको दंडित करते हुए गुरु पुत्र को वापस मांगा। पंचजन्य ने जब कृष्ण के पुरुषार्थ और उनकी दैवीय शक्तियों को जाना तो तुरंत गुरु पुत्र को लौटा दिया। कृष्ण और बलराम ने इस पुत्र को उज्जैन जाकर गुरु माता को दक्षिणा के रूप में सौंप दिया। इस यात्रा के दौरान कृष्ण और बलराम धार जिले के अमझेरा होते हुए समुद्र तक पहुंचे थे।

## राशिफल

**मेष:** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देख कर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष:** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**वृश्चिक:** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**मिथुन:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पायेंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**धनु:** कार्य सार्थक दिन है, व्यर्थ न गंवाये। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**कर्क:** शनैः शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा।

**मकर:** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह:** विकास के लिए बनायी योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कुंभ:** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिन्तन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या:** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी।

**मीन:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

# भारत-रूस सम्बन्ध और बदलता वैश्विक समीकरण

गौरतलब — डॉ. प्रियंका सौरभ

> पश्चिमी देशों द्वारा लगाये गये कड़े प्रतिबंधों ने न केवल रूस की अर्थव्यवस्था और उसकी रक्षा-उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है, बल्कि भारत जैसे साझेदार देशों के लिए भी अभूतपूर्व कूटनीतिक चुनौतियां पैदा की हैं। एक ओर अमेरिका, यूरोप और इंडो-पैसिफिक साझेदार भारत से पश्चिमी मानदंडों का पालन करने की उम्मीद करते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत रूस से ऊर्जा, रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संतुलन की जरूरतों को अनदेखा नहीं कर सकता।

**रूस** के साथ भारत के संबंध दशकों से सामरिक साझेदारी, रक्षा सहयोग और राजनीतिक विश्वास की मजबूत नींव पर टिका रहा है। शीतयुद्ध के दौर से लेकर वर्तमान तक रूस उन कुछ देशों में रहा, जिसने कठिन समय में भी भारत के हितों का समर्थन किया। परंतु साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, वित्तीय ढांचे और सामरिक गठबंधनों को जिस तरह बदल दिया है, उसने भारत-रूस संबंधों को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों ने न केवल रूस की अर्थव्यवस्था और उसकी रक्षा-उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है, बल्कि भारत जैसे साझेदार देशों के लिए भी अभूतपूर्व कूटनीतिक चुनौतियाँ पैदा की हैं। एक ओर अमेरिका, यूरोप और इंडो-पैसिफिक साझेदार भारत से पश्चिमी मानदंडों का पालन करने की उम्मीद करते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत रूस से ऊर्जा, रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संतुलन की जरूरतों को अनदेखा नहीं कर सकता। इस दोराहे पर भारत की सबसे बड़ी परीक्षा है कि कैसे रूस के साथ संबंधों को बनाए रखते हुए अपनी सामरिक स्वायत्तता को मजबूती से स्थापित किया जाए। आज की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि रूस धीरे-धीरे चीन के करीब जाता दिख रहा है और यह समीकरण भारत के हितों की दृष्टि से पूरी तरह अनुकूल नहीं कहा जा सकता। चीन के साथ रूस का बढ़ता आर्थिक, तकनीकी और सैन्य सहयोग उस क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है, जिसमें भारत अपनी सुरक्षा रणनीति का निर्माण करता है। भारत जानता है कि चीन की मंशा केवल एशिया प्रभुत्व तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को बदलने की है। ऐसे में रूस-चीन निकटता भारत की सामरिक गणना को कठिन बनाती है।

पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी भारत के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। रूस से होने वाले रक्षा आयात और महत्वपूर्ण स्पेयर पाट्र्स पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण धीमे पड़ रहे हैं। भारत की वायुसेना और थलसेना जिन कई प्रमुख प्रणालियों पर निर्भर हैं, वे रूस द्वारा निर्मित या रूस के सह-उत्पादन वाले हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी रक्षा उद्योग पर जो दबाव बढ़ा है, उसने भारत को कई सैन्य परियोजनाओं की समय-सीमा को लेकर चिंतित कर दिया है। कुछ हथियार प्रणालियों और मिसाइल डिलीवरी में देरी भी इसे दर्शाती है। यह स्थिति भारत को मजबूर करती है कि वह दीर्घकालिक रूप से अपने रक्षा स्रोतों को विविध बनाए और घरेलू उत्पादन पर अधिक ध्यान दे। इसी बीच व्यापारिक असंतुलन भी भारत-रूस संबंधों का एक गंभीर पहलू बनकर उभरा है। कच्चे तेल के आयात में भारी वृद्धि ने रूस के साथ भारत के व्यापार को एकतरफा बना दिया है। रूस को भारत से निर्यात बेहद कम है और भुगतान प्रणाली भी स्पष्ट ढंग से स्थिर नहीं हो पाई है। रुपयाझरूबल व्यापार व्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नियमों के कारण अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाई है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### चंदवा-बालूमाथ मार्ग पर डीटीओ ने चलाया विशेष जांच अभियान

**लातेहार** : जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में गुरुवार को चंदवा थाना क्षेत्र के सिकनी पुलिस पिकेट और बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड पुलिस पिकेट के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान का फोकस दुपहिया और भारी वाहनों की जांच पर रहा, ताकि ओवरलोडिंग, कागजात की कमी, हेलमेट व अन्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन जैसे कारणों को चिन्हित कर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। जांच के दौरान कुल 80 वाहनों की पड़ताल की गयी। इनमें से नियम उल्लंघन में दोषी पाए जाने पर 19 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालान किया गया। इसमें 10 दुपहिया वाहन और 9 भारी वाहन शामिल रहे। इसके अलावा एक वाहन को मौके पर ही जप्त किया गया। सभी मामलों में कुल 1,30,500 रुपये की दंड राशि वसूली गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग लगातार सख्त कदम उठा रहा है और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें और वैध कागजात के साथ ही वाहन चलायें।

### श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में भव्य साइंस लैब का उद्घाटन

**झुमरी तिलैया** : पानी टंकी जैन मुहल्ला स्थित श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में साइंस लैब का उद्घाटन विद्यालय के संयोजक सुनील जैन छाबड़ा, सह संयोजक पियूष जैन , ईशान जैन , किरण जी सेठी के कर कमलों से किया गया ।साइंस लैंब के इंचार्ज व्रजेश सर ने कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला की मुख्यता (महत्व) अनुभवात्मक शिक्षा, व्यावहारिक कौशल विकास, वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझना, नवाचार को बढ़ावा देना और स्व-निर्देशित सीखने को प्रोत्साहित करना है, जहां छात्र प्रयोगों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं और उसे स्थायी बनाते हैं, जिससे वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने में सक्षम बनते हैं। मौके पर विद्यालय के इंचार्ज अभिषेक जैन ने साइंस लैंब के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त की। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सांइस लैंब खुलने से छात्रों में वैज्ञानिक सिद्धांतों का विकास होगा। मौके पर सुप्रिया गौरव, वसंत कुमार मानसी जैन, विनय गिरी, ऋतु जैन जूही सिंह, सौम्या जैन, ममता जैन, चांदनी कुमारी, प्रतीक्षा सिंह, सूरज प्रकाश, सतीश सिन्हा, शुभम दारूका, अंजली मैम, मुस्कान गुप्ता, मुस्कान सिंह, सनाया मैम, शालनी मैंम, अरुण सर, राकेश शर्मा सर, चौरसिया सर, आयुष सिंह आदि मौजूद रहे।

### आजाद बस्ती वार्ड नम्बर 09 में तेज गति से किया जा रहा है आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण

**गुमला** : आजाद बस्ती, वार्ड नंबर 9 में .आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आजाद बस्ती डीलर मुनव्वर जमा, सहिया सय्यदा खातून की अध्यता में यह कैम्प वार्ड के राशन डीलर के दुकान पर लगाया गया, जहां वार्ड नंबर 9 की 02 राशन डीलर शबनम खातून, मंनौववर जमा की राशन कार्ड धारियों की लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य सदर अस्पताल गुमला के आयुष्मान मित्र फ्लेमिंग बरला द्वारा किया गया। कैम्प के दौरान लोगों को सहिया सय्यदा खातून नें आयुष्मान भारत योजना के महत्व, इसके लाभ तथा इसका कार्ड बनवाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## उपायुक्त ने की ग्रामीण योजनाओं की समीक्षा बैठक

# समयबद्ध कार्य निष्पादन के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला ग्रामीण विकास शाखा और पंचायती राज कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जाति, आय, स्थानीय निवासी, विवाह प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों और वृद्ध तथा विधवा पेंशन जैसी योजनाओं से जुड़े आवेदनों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जनसुविधाओं और पेंशन व प्रमाण-पत्र निर्गमन से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और प्रखंडवार संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अबुआ आवास, मिट्टी-मोरम रोड, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड सत्यापन, एरिया ऑफिसर ऐप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एनआरएम व्यय, सोशल ऑडिट, जियो टैगिंग और मनरेगा से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, पंचायत स्तर पर चल रही गतिविधियों, ग्राम सभाओं, निगरानी व्यवस्था, पंचायत भवनों से जुड़े कार्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही जनसुविधाओं का भी बिंदुवार आकलन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जिला टास्क फोर्स ने घुटाम की 12 नम्बर खदान के पास 720 टन अवैध कोयला किया जब्त



**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला टास्क फोर्स ने बालूमाथ थाना क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। एसडीओ अजय रजक के नेतृत्व में घुटाम पंचायत के 12 नंबर खदान के पास छापेमारी की गई, जहां टीम को गहरे गड्ढों में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन के निशान मिले। मौके से करीब 720 टन अवैध कोयला बरामद किया गया, जिसे बालूमाथ थाना के हवाले कर दिया गया है। टीम ने हरैयाखांड में भी जांच की, लेकिन वहां कोई बरामदगी नहीं हुई। एसडीओ अजय रजक ने बताया कि उपायुक्त को गुप्त सूचना मिली थी कि घुटाम क्षेत्र में फिर से अवैध उत्खनन हो रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर तत्काल टास्क फोर्स गठित कर कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला कारोबार में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पहचान होने पर सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। जिस जमीन पर उत्खनन हुआ है, उसके मालिक को भी चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। छापेमारी दल में बालूमाथ और हेरहंज के सीओ, खान निरीक्षक पद्मलोचन पोद्दार और पुलिस जवान शामिल थे।

## सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान दो वाहनों को जब्त कर लाया गया गुमला थाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 11 नवंबर, 2025 को एक सघन सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। यह पहल उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों पर की गई, जिसका नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ), ज्ञान शंकर जायसवाल ने डी.ए.बी मोड में किया। अभियान का मुख्य लक्ष्य और दायरा इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य उन चालकों पर नकेल कसना था जो बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करके दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे। जांच अभियान का मुख्य फोकस ओवरलोडिंग टेंपो एवं टोटो वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को लादना, जो सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। कड़ी कार्रवाई और जागरूकता, अभियान के दौरान, नियम तोड़ने वाले टेंपो और टोटो को पकड़ा गया। विशेष रूप से, ओवरलोड पाए गए दोनों वाहनों को जब्त कर गुमला थाना परिसर में रखा गया है। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से चालकों को लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया और उन्हें भविष्य में सभी यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी।

## लातेहार में आज लगेगा विशाल रोजगार मेला



■ 27 कम्पनियों में युवाओं के लिए 4,146 नौकरी के अवसर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए आज का दिन उम्मीद लेकर आने वाला है। जिला खेल स्टेडियम में दंतोपंत ठेंगरी रोजगार मेले का आयोजन होना है, जिसमें देश के पांच राज्यों से आई कंपनियों के साथ-साथ झारखंड की कई स्थानीय कंपनियां भी शामिल होंगी। प्रशासन की मानें तो इस बार मौके कहीं ज्यादा हैं और तैयारी भी पूरी कर ली गई है। इस सम्बंध में जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मेले में कुल 27 कंपनियां युवाओं को मौके देने के लिए पहुंच रही हैं। इसके अलावा तीन कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र भी स्टॉल लगाएंगे, जहां स्किल बढ़ाने की इच्छा रखने वाले युवा सीधे जानकारी लेकर नामांकन करा सकेंगे। श्री कुमार के मुताबिक, इस रोजगार मेले में 4,146 पदों पर नियुक्ति की संभावना है। शैक्षणिक योग्यता और जरूरत के हिसाब से युवाओं को मौके प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां ऑन-स्पॉट इंटरव्यू कर चयन करेंगी, जिससे युवाओं को तुरंत फायदा मिल सकता है।आगे बताया कि रोजगार के अलावा मेले का एक उद्देश्य यह भी है कि जिन युवाओं के पास अनुभव या स्किल कम है, उन्हें आगे बढ़ने के रास्ते दिखाए जाएं। इसी वजह से कौशल विकास केन्द्रों को शामिल किया गया है, ताकि युवा प्रशिक्षण लेकर भविष्य में बेहतर अवसर हासिल कर सकें। संतोष कुमार ने आगे कहा, जो भी युवा अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी तलाश रहे हैं, उनके लिए यह मौका काफी उपयोगी होगा।

## एमटीसी डुमरी में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी का औचक निरीक्षण

**गुमला** : जिला प्रशासन एवं द हंस फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) डुमरी में गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अति गंभीर कुपोषित बच्चों को दिए जा रहे डाइट, हेल्थ सप्लीमेंट और देखभाल की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा की तथा केंद्र में तैनात कर्मियों और पूरे परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को संतोषजनक बताया। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता पर और भी विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों के उपचार में अधिक प्रभावशीलता लाई जा सके। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए समुदाय आधारित गतिविधियां बेहद आवश्यक हैं।

## अवैध अफीम खेती पर सख्त वार, पुलिस ने ट्रैक्टर चला कर फसल की नष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : पुलिस ने हेरहंज थाना क्षेत्र के जंगली इलाकों में छिपाकर की जा रही अफीम की खेती पर एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने पांच ट्रैक्टरों की मदद से करीब 15 एकड़ में फैली अवैध फसल को मौके पर ही नष्ट कर दिया। यह ऑपरेशन अचानक नहीं था इसके पीछे कई दिनों से जुटाई जा रही गुप्त जानकारी और मैदान स्तर पर तैयार की गयी रणनीति शामिल थी। एसपी कुमार गौरव को सूचना मिली थी कि मारी और पाडरम गांव के बीच जंगलों में अफीम की खेती फिर से सक्रिय हो रही है। निर्देश मिलते ही थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया की टीम मौके पर रवाना हुई और खेतों को पूरी तरह तबाह कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है ।एसपी ने बताया कि पिछले साल पुलिस ने लगभग 800 एकड़ में फैली फसल नष्ट की थी। उसके मुकाबले इस बार खेती कम दिख रही है, जिसे पुलिस कड़ी निगरानी और लगातार दबाव का परिणाम मान रही है। फिर भी अभियान को लेकर किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जा रही है। हेरहंज और बारियातु प्रखंड के बॉर्डर इलाकों में अफीम तस्करी की पुरानी सक्रियता को देखते हुए पुलिस चौकन्नी है।

## नकली विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद, 04 तस्कर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पांकी थाना क्षेत्र में पुलिस एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली विदेशी शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया। छापामारी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई तथा चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले का खुलासा लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। टीम पांकी-बलियारी रोड पर वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान सफेद रंग की एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी के क्रम में वाहन से 28 पेटी ओल्ड मॉक और थ्री-एक्स रम सहित भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप बरामद की गयी। क्षेत्र से लोड कर बिहार ले जा रहे थे, जहां इसकी अवैध बिक्री की जाती है। दोनों ने बताया कि नकली शराब बनाने का कारखाना सालमदीरी में संचालित होता है। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने कारखाने में छापामारी की। वहां से विभिन्न कंपनियों की नकली शराब, स्प्रिट, केमिकल तथा शराब निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य सामग्रियाँ बरामद की गईं। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और सभी को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ मनोज कुमार झा, पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पु.अ.नि. आशुतोष रजक, श्याम भगत, राहुल राय, अनूप टोपनो, गोपाल कुमार राय, प्रमोद कुमार राय, इंद्रदेव पासवान समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

### जाम की समस्या, अतिक्रमण मुक्त करे प्रशासन

**पलामू** : नवनियुक्त खनन विभाग के चतरा सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी कुमार अविनाश सिंह उर्फ प्रिंस सिंह ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पांकी मे जाम, अतिक्रमण और कड़ाके की ठंड को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद प्रतिनिधि प्रिंस सिंह ने कहा कि पांकी मुख्य मार्ग कपूरी ठाकुर चौक से भगत सिंह चौक तक प्रतिदिन जाम लगने पर गंभीर समस्या बताते हुए कहा की स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और आम यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। श्री सिंह ने कहा कि सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण उसे हटाने एवं पुलिस जवानों की स्थाई तैनात की प्रशासन से मांग करता हूं। परन्तु इसे विधानसभा मे क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा उठाया जा चूका है। इसलिए विभागीय प्रतिक्रिया का इंतजार करना भी आवश्यक है। प्रिंस सिंह ने कहा की पांकी की जनता ने हमारे परिवार को मुखिया से लेकर मंत्री तक बनाया है। हमारे लिए पद से बड़ी जनता का प्यार है। मुझे पद की कोई लालसा नहीं है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में क्लास 10 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : ज़िला मुख्यालय के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दस के विद्यार्थियों के लिए श्री कृष्ण चन्द्र गांधी ऑडिटोरियम में करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लातेहार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पाण्डेय और प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव रंजन ने विद्यार्थियों से करियर निर्माण के विभिन्न रास्तों पर बात की। उन्होंने विषय चयन से लेकर आगे आने वाले नौकरी के अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय का सही उपयोग, डिजिटल साक्षरता और जीवन कौशल तक कई जरूरी पहलुओं को छुआ। बदलती दुनिया में कौशल-आधारित शिक्षा और लगातार सीखते रहने की जरूरत पर भी उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और नियमित अभ्यास ही हर विद्यार्थी को अपने लक्ष्य तक पहुँचाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने खुलकर प्रश्न पूछे। मुख्य अतिथि ने हर सवाल का जवाब ऐसे उदाहरणों के साथ दिया, जिन्हें छात्र आसानी से अपनी पढ़ाई और रोजमर्रा की जिंदगी में जोड़ सके। कुछ विद्यार्थियों ने नगर में चल रही स्वच्छता, बिजली व्यवस्था और प्रशासनिक सुधारों पर भी अपनी प्रतिक्रिया साझा की, जिसकी उन्होंने सराहना की।

## भूमि संरक्षण विभाग के प्रखंड विधायक प्रतिनिधि बने नकछेदीकांत, विधायक अनंत प्रताप देव ने किया मनोनयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा/डंडई** : प्रखंड क्षेत्र के रारो गांव निवासी नकछेदी कांत राम को विधायक अनंत प्रताप देव के द्वारा प्रखंड डंडई के भूमि संरक्षण विभाग का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। पत्रांक 233 आर एन सी 25 दिनांक 18 अक्टूबर को उस बाबत जारी किए अपने पत्र की प्रतिलिपि विधायक ने नकछेदीकांत राम को भेजा है। वही प्राप्त हुए चिट्ठी को नकछेदी ने पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह सहित अन्य कार्यकताओं की उपस्थिति में गुरुवार को उसे बीडियो देवलाल करमाली व सीओ जयशंकर पाठक के हाथों में थमाया। उसके बाद दोनों पदाधिकारीयो के कार्यालय कक्ष में बैठ उन्होंने मिली विभागीय जिम्मेवारी पर घंटे देर उनसे बातचीत किया। बातचीत के दौरान नकछेदीकांत ने कहा कि विधायक के द्वारा जिस उम्मीद के साथ मुझे प्रखंड के भूमि संरक्षण विभाग का जिम्मेवारी दिया गया है उसे मैं बिना कलंक लगे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग खासकर किसानों से लगाव रखने वाला विभाग है मुझसे प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए जितना बन पड़ेगा उसे पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

### घटिया सड़क निर्माण पर उपाध्यक्ष अनीता देवी का औचक निरीक्षण

# संवेदक को भुगतान रोकने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बालुमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत में बनियों ग्राम की सड़क और हाथड़ीह-बरनी मार्ग के घटिया निर्माण को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए लातेहार जिला परिषद की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने गुरुवार को देखने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्हें पता चला कि काम मानकों से काफी नीचे है। जहां सड़क की मोटाई 3 इंच होनी चाहिए थी, वहां मुश्किल से 2 इंच पाया गया। अलकतरा की मिक्सिंग ठीक से नहीं की गई थी और रोलर से वाइब्रेशन भी नहीं चलाया गया था, जिसके चलते सड़क की सतह शुरूआती चरण में ही उखड़ने लगी है। अनीता देवी ने मौके से ही अभियंता से संपर्क किया, लेकिन वे किसी अन्य कार्य में व्यस्त होने के कारण साइट पर नहीं पहुंच पाए। इसके बाद उपाध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता को फोन कर पूरी स्थिति बताई और निर्देश दिया कि जब तक सड़क पुनः मानकों के अनुसार नहीं बनाई जाती, संवेदक को कोई भुगतान न किया जाए।

## अफीम तस्करी के मामले में 03 अभियुक्तों को 08-08 साल की सजा

**लातेहार** : अफीम तस्करी के पुराने मामले में जिला अदालत ने तीन आरोपियों को कठोर सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा ने एनडीपीएस केस (संख्या 8/2016) में सुनवाई पूरी करते हुए गुरुवार को तीनों अभियुक्त–नारायण यादव, महेंद्र यादव और लाल बिहारी यादव–को आठ-आठ साल का सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपये जुमार्ना लगाने का आदेश दिया। जुमार्ना न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला अभियोजन पदाधिकारी शिव शंकर राम ने कुल नौ गवाहों को अदालत में पेश किया। मामले की शुरूआत 17 जुलाई 2016 को उस समय हुई थी, जब तत्कालीन थाना प्रभारी कमलेश्वर पांडेय के बयान पर टोरी रेलवे स्टेशन में अफीम तस्करी की सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम स्टेशन पर पहले से ही मौजूद थी।

## जिन्दगी की न टूटे लड़ी, रक्तदान कर लो घड़ी दो घड़ी : अशोक त्रिपाठी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला के जाने माने समाजसेवी शानदार बेजोड़ एनाउंसर, खेल प्रेमी रक्तदान करने वाले शतकवीर अशोक त्रिपाठी ने फिर एक बार मानवता का परिचय देते हुए रिंची हॉस्पिटल रांची में अपने मित्र घाघरा निवासी शैलेस सिंह की ग्यारह वषीर्या बेटी के लिए रक्तदान किया। विदित हो कि पिछले वर्ष 2024 में भी इन्होंने 6 दिसम्बर को रक्तदान करने के बाद 17 दिसंबर को अपना 117 वा रक्तदान अपने मित्र शास्त्री नगर निवासी सुरेन्द्र साहू के कार एक्सीडेंट होने पर किया था रक्तदान को मानवता का परम आभूषण मानने वाले और आज अपना 122 रक्तदान महादान करने वाले अशोक त्रिपाठी का कहना है कि जानकारी होने पर यदि मित्र के काम न आ सका तो हमारी बेकार जिंदगानी है। इतना ही नहीं इन्होंने पिछले कई वर्षो से बिना कोई संकोच के जाति धर्म से ऊपर उठकर सैकड़ो लोगों को अपना रक्त का दान किया है और कई जिंदगियों को बचाने का कार्य क्या है इन्होंने कहा है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह का कोई कमजोरी और ना कोई परेशानी होती है सिर्फ आदमी का सोच और वह भी बिना तथ्य के होने से लोग रक्तदान करने में आनाकानी करते हैं।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं के त्वरित निष्पादन व शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य निर्धारित

# आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को सफल बनाया जाये : डीडीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की विस्तृत उपायुक्त के आदेश पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा जनकल्याण कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन गुमला, एसडीओ चैनपुर, बसिया, एल आर डी सी गुमला, बसिया सहित सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के 106 आयुष्मान मंदिरों तक पहुंच मार्ग दुरुस्त नहीं है। इस महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी स्थलों का सर्वेक्षण कर पहुंच मार्ग निर्माण की सूची तैयार करें तथा निर्माण हेतु आवश्यक एस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं सिकल सेल अभियान की समीक्षा करते हुए सभी बीडीओ एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करें। कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं, धूमकुड़िया भवन, सरना-मसना स्थल, छात्रवृत्ति योजनाएं एवं ग्रामीण कल्याण अस्पताल नागफेनी के मरम्मत कार्यों की समीक्षा की गई। धूमकुड़िया भवन निर्माण हेतु सभी अंचल अधिकारियों को उपयुक्त भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभुकों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने एवं छात्रवृत्ति योजना के तहत मैपिंग में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। उप विकास आयुक्त ने बैंकों को यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। एम आई योजना अंतर्गत लंबित आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में सभी अंचल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में गति लाने का निर्देश भी दिया गया। जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में 82 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। संबंधित विभागों को लंबित कार्यों के तुरंत निष्पादन और भूमि संबंधी मुद्दों के समाधान के निर्देश दिए गए। अंचल स्तरीय योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अंचल कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी और प्राथमिकता के साथ निष्पादन किया जाए, ताकि नागरिकों को समयबद्ध सरकारी सेवाएं उपलब्ध हों।

## टाउन हॉल में जेएसएलपीएस ने किया ग्रामीण उद्यमिता सह ऋण वितरण कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जेएसएलपीएस की ओर से ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम सह ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मेदिनीनगर एसडीओ सुलोचना मीणा, एनडीसी नीरज कुमार, डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने किया। इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता करकेटा द्वारा बताया गया की जेएसएलपीएस के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को छोटे-छोटे उद्यम कराया जा रहा है साथ में बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में इस वित्तीय वर्ष में 14000 से ज्यादा उद्यम शुरू किया गया है जैसे किराना दुकान, चाय समोसा, चूड़ी-बाला निर्माण, खाद सामग्री नमकीन, चुडा, सरसो तेल, आटा पैकिंग, पनीर दूध दही इत्यादि जैसे छोटे छोटे उद्यम विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा समय-समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। एसडीओ सुलोचना मीणा के द्वारा सखी मंडल के दीदी को कुछ नवाचार करने का प्रयास तथा जिले के सभी दीदी को उद्यम विकास से गरीबी से बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीदी अपना पहचान खुद बनाये जिससे जिला का उस विशेष उद्ययम मे पहचान बने। ग्रामीण महिलाओं को सरकार के तरफ से समुचित सहयोग प्रदान किया जा रहा है। एसडीओ के द्वारा छह दीदी दुर्गवती देवी, सुलेखा कुमारी, मंजू देवी, सुप्रिया देवी, रानी बेगम, रीना देवी को व्यक्तिगत ऋण का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया।

## उपायुक्त ऋतुराज ने किया पथलडीहा प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण

# शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : उपायुक्त ऋतुराज ने गुरुवार को कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा पंचायत स्थित राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय पथलडीहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का विस्तृत मूल्यांकन किया तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु कई आवश्यक निर्देश जारी किये। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय संचालन, कक्षाओं की स्थिति, साफ-सफाई, शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, प्रोजेक्ट 'रेल परीक्षा' की प्रगति, मध्याह्न भोजन, विद्यालय में उपलब्ध उपकरण एवं सामग्री, आधारभूत संरचना, स्मार्ट क्लास, इको क्लब गतिविधियां, शिक्षक-अभिभावक बैठक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सहित विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की। आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि सभी छात्र-छात्राओं को सिलेबस के अनुरूप बेहतर तैयारी कराई जाए। उन्होंने हर अध्याय की विस्तृत जानकारी देने, चैप्टरवार पढ़ाई कराने तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने पर बल दिया, ताकि बच्चों की शैक्षणिक समस्याओं का समाधान समय पर हो सके। साथ ही, पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्रों के आधार पर भी विशेष तैयारी कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर उपायुक्त ने संबंधित कर्मियों को त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने को कहा। उन्होंने विद्यालय में नियमित सफाई सुनिश्चित करने, सभी रजिस्टरों जैसे स्टॉक रजिस्टर, उपस्थिति पंजी आदि के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब को नियमित रूप से क्रियाशील रखने पर भी जोर दिया। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी शिक्षकों को समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।

■ उपायुक्त ने विद्यालय संचालन, कक्षाओं की स्थिति, साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति, प्रोजेक्ट 'रेल परीक्षा' की प्रगति, मध्याह्न भोजन, विद्यालय में उपलब्ध उपकरण व सामग्री, आधारभूत संरचना, स्मार्ट क्लास, इको क्लब गतिविधियां, शिक्षक-अभिभावक बैठक व विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सहित विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की



## एक झलक

### सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने धर्मेन्द्र को दी श्रद्धांजलि



**गिरिडीह** : गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गुरुवार को नयी दिल्ली के अम्बेदकर हॉल में दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र को श्रद्धांजलि दी। सांसद हेमा मालिनी द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने धर्मेन्द्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके अभिनय की चर्चा की। कहा कि धर्मेन्द्र अपनी अदाकारी और कलाकारी से जनमानस में अपनी अमिट छाप छोड़ गये हैं। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोकसभा, राज्यसभा के सांसद व फिल्म जगत सहित कई लोग शामिल हुए।

### महिला कॉलेज में छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित

**पश्चिमी सिंहभूम** : महिला कॉलेज चाईबासा के राजनीति विज्ञान विभाग में गुरुवार को स्नातक सेमेस्टर वन (2025-29) की नई छात्राओं के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्या रूपकला माधुरी खालखो ने विभाग के अन्य शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ रूबी कुमारी ने छात्राओं को अनुशासित जीवन के महत्व के बारे में जानकारी दी और कहा कि कॉलेज जीवन सीखने और आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण समय होता है। विभाग के प्रोफेसर सोनामाई सुंडी ने छात्राओं को बड़े सपने देखने, अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने और प्रतिदिन नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रियंका कुमारी और सुनीता सिंकु ने किया। समारोह में वरिष्ठ छात्राओं ने नवप्रवेशी छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

### निर्माणाधीन मकान से चोरी के मामले में 04 आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जोजोबेड़ा शिव मंदिर के पास निर्माणाधीन मकान से बुधवार देर रात हुई गेट और ग्रिल एंगल की चोरी की घटना को पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में सुलझाकर अपनी तत्परता का परिचय दिया। गुरुवार सुबह तड़के छापेमारी कर पुलिस ने चार आरोपितों को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। घटना उस समय उजागर हुई जब एक स्थानीय व्यक्ति ने चोरी के दौरान ऑटो पर लोड किए जा रहे गेट और ग्रिल की तस्वीर खींच ली। इस तस्वीर में आरोपित साफ-साफ दिख रहे थे, जो पुलिस के लिए बड़ा सुराग साबित हुआ। फोटो के आधार पर पहचान करते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और सुबह तक सभी आरोपितों को उनके ठिकानों से दबोच लिया।

## सर्वोदय विद्यालय में भौतिकी की लिखित परीक्षा आयोजित

# सर्वोदय सबको शिक्षा देने के लिए संकल्पित : अभिषेक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए राजकीय कृत +2 सर्वोदय विद्यालय, सतबरवा में अभिषेक तिवारी पीजीटी द्वारा भौतिकीय विषय भाग एक का लिखित परीक्षा सत्र का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में विद्यालय विज्ञान संकाय के लगभग 400 विद्यार्थियों ने नए वातावरण के साथ साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी तैयारी का बेहतर प्रदर्शन करने का भरसक प्रयास किया। विद्यार्थी जीवन में परीक्षा महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सीखने, आत्ममूल्यांकन और व्यक्तित्व विकास का मजबूत आधार है। इसका उद्देश्य केवल अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए सक्षम बनाना है। विद्यालय परिसर में आयोजित इस परीक्षा के दौरान सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने परीक्षा संचालन को सुचारु रूप से संपन्न कराया। छात्रों में परीक्षा को लेकर गहरी रुचि देखने को मिली तथा वे अपने प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरे नजर आए। प्रधानाध्यापक अविनाश चौधरी के अनुसार इस तरह के मॉक टेस्ट छात्रों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों ने भी छात्रों को बेहतर परिणाम के लिए निरंतर अभ्यास और अनुशासन का पालन करने की सलाह दी। IT के शिक्षक सुबोध कुमार का कहना है कि परीक्षा की तैयारी विद्यार्थियों में अनुशासन, नियमित अध्ययन और समय-प्रबंधन जैसी आदतों को विकसित करती है, जो जीवनभर उपयोगी साबित होती हैं।

# दिव्यांग बोर्ड, सदर अस्पताल कोडरमा में 12 मरीजों की जांच, 09 को मिला दिव्यांग प्रमाण पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : गुरुवार को सदर अस्पताल, कोडरमा स्थित दिव्यांग बोर्ड में कुल 12 मरीजों की उपस्थिति दर्ज की गई। जांच एवं मूल्यांकन के उपरांत 09 व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जारी किए गए प्रमाण पत्रों का श्रेणीवार यथा अस्थि दिव्यांगता-03, गूंगा/ बहरा (श्रवण/वाक दिव्यांगता)-04 और मानसिक दिव्यांगता-02 शामिल है। दिव्यांगता निर्धारण एवं प्रमाणन कार्य विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं तकनीकी टीम की उपस्थिति में संपन्न किया गया। जिसमें डॉ. रमण कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. मनोज कुमार, फिजिशियन, डॉ. प्रेमनाथ सिंह, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, राजीव रंजन, फिजियोथैरेपिस्ट, सुनील कुमार, कार्यालय सहायक, मनोज कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट और अनीश कुमार शामिल हैं। डॉ. रमण कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल, कोडरमा द्वारा जनहित में ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि दिव्यांगजन समय पर आवश्यक सेवाओं एवं प्रमाण पत्रों का लाभ प्राप्त कर सकें।


झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

**-: गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची से सूचीबद्ध क्रियाशील इच्छुक दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ताओं हेतु आम सूचना :-**

उपायुक्त, कोडरमा से प्राप्त निदेश के आलोक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची से सूचीबद्ध क्रियाशील इच्छुक दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू गाय/भैंस वितरण कार्यक्रम के तहत परिसम्पत्ति वितरण हेतु दुधारू पशु मेला, कोडरमा में आयोजित है। उक्त पशु मेला में विभागीय नियमों के अनुसार विभागीय मापदण्ड के अनुरूप दुधारू गाय/भैंस आपूर्ति के इच्छुक सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता (जो सभी अर्हत्ता पूरी करते हों) दिनांक – 19/12/2025 तक जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा/कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर आपूर्ति संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 368310 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26*D


### आरपीवाई बीएड कॉलेज में ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कोडरमा में गुरुवार को महाविद्यालय के आइक्यूएसी के तत्वावधान में सहायक प्राध्यापक विनोद यादव के नेतृत्व में 'ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स' पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि, ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के अंतर्गत स्वयं (SWAYAM) पोर्टल में आप सभी प्रशिक्षु ऑनलाइन बिना कोई शुल्क दिए अपने इच्छुक कोर्स को पूरा करके प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। हमारा महाविद्यालय स्वयं (SWAYAM) में लोकल चैप्टर के लिए रजिस्टर्ड है। आप प्रशिक्षु महाविद्यालय का नाम लोकल चैप्टर के रूप में चुनकर किसी भी कोर्स के लिए एनरोल हो सकते हैं। वहीं समन्वयक विनोद यादव ने स्वयं पोर्टल के बारे में पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयं पोर्टल पर शामिल संस्थानों, विभिन्न कोर्स, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, चयनित कोर्स में नामित होने, स्वमूल्यांकन, प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित सभी बातों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षुओं को बताए।

## गुमला नगर परिषद की टीम की बड़ी कार्रवाई

### 133 बंडल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में नगर परिषद गुमला की स्वच्छता एवं प्रवर्तन टीम ने आज विशेष जांच अभियान चलाते हुए बाजार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान टीम ने दुकानों एवं गोदामों की तलाशी में कुल 133 बंडल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किए एवं 2000 रुपये का आर्थिक दंड भी वसूला गया। नगर परिषद द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी कई दुकानदार प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग और बिक्री कर रहे थे। इसी के मद्देनजर परिषद ने सख़्ती दिखाते हुए यह कार्यवाही की। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक प्रतिबंध के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना एवं आगे और कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद ने आम नागरिकों और व्यापारियों से भी अपील की है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग तुरंत बंद करें और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

प्रथम निविदा आमंत्रण पी0आर0सं0–360731D

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना सं० –15/2025–26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :- | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :- | 20.12.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :- | 22.12..2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :- | 22.12..2025 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का सीनः– | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :- | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of water supply arrangement by Existing Boring (HYDT) and other allied works at RIMS Dr. Qtr. 1, 3 and 4, Bariatu Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 1156797.00 | 24000.00 | 2500.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 368268 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D


### सरस फूड फेस्टिवल 2025 में गुमला की महिलाओं की चमकदार उपस्थिति

#### सर्वेश्वरी महिला समूह का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सरस फूड फेस्टिवल 2025 (29 नवंबर-9 दिसंबर) में गुमला जिले के बिशुनपुर की सर्वेश्वरी महिला समूह ने अपनी उत्कृष्ट भागीदारी से झारखंड का मान बढ़ाया। फेस्टिवल में झारखंड की सखी मंडल की दीदियों द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत पारंपरिक, स्थानीय एवं स्वादिष्ट खाद्य उत्पादों की आकर्षक प्रस्तुति की गई, जिसे देशभर से आए आगंतुकों ने अत्यंत सराहा। इस अवसर पर सर्वेश्वरी महिला समूह की सदस्य अनीता देवी को नेशनल फूड काउंसलिंग में उनकी उत्कृष्ट सहभागिता और पलाश उत्पादों के सफल प्रदर्शन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल समूह के लिए, बल्कि पूरे गुमला जिले के लिए गर्व का विषय है। गुमला जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को सशक्त करने, बाजार से जोड़ने एवं राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का यह परिणाम है।

### एचईसी को बंद करने की पहल, भारत के सार्वजनिक क्षेत्र को कमजोर करने की साजिश : सीटू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने भारत की मातृ उद्योग के रूप में माने जानेवाली हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) को भारत सरकार द्वारा बंद करने की पहल की निंदा करते हुए इसे भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता को कमजोर करने की एक बड़ी साजिश बताया है। सीटू के झारखंड राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश का यह महान संस्थान जिसने देश को औद्योगिक ताकत, तकनीकी आत्मनिर्भरता और रणनीतिक मजबूती दी। जिसने इसरो के लॉन्च पैड बनाए, डीआरडीओ के रणनीतिक ढांचे तैयार किये, स्टील, कोल और माइनिंग सेक्टर की भारी मशीनरी खड़ी की और भारत के औद्योगिकरण की रीढ़ गढ़ी। उस एचईसी जैसे महत्वपूर्ण उद्योग को बंद करने का निर्णय सुनियोजित सरकारी षडयंत्र का परिणाम है। इन सबके बावजूद एचईसी के मजदूर व अधिकारी 28 महीने से बिना वेतन के एचईसी को चला रहे है; एचईसी केवल रोजी-रोटी नहीं, बल्कि देश की औद्योगिक आत्मा है। एचईसी को बंद करने का असली मकसद एचईसी की 5000 एकड़ से ज्यादा जमीनें, जहां लाखों वर्ग फीट में टाउनशिप पर कॉरपोरेट की नजर है. एचईसी को बंद करने की सिफारिश न केवल वहां के मजदूरों, बल्कि झारखंड के हजारों परिवारों, जिनकी जीवन जीविका एचईसी पर निर्भर है, उन पर हमला है, बल्कि भारत की औद्योगिक क्षमता को कमजोर करने की एक बड़ी साजिश है. जो राष्ट्र विरोधी कदम है। एचईसी के पुनरुद्धार की दिशा में सीटू की राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों द्वारा, संबंधित मंत्रालय को मांग पत्र भेजा जा रहा है।


झारखण्ड सरकार

खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय

(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

गेट नं - 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची - 834008

E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com

**संविदा के आधार पर क्रीड़ा प्रशिक्षक (बैडमिंटन) के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापनः-**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के नियंत्राधीन संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में क्रीड़ा प्रशिक्षक (बैडमिंटन) के कुल 02 (दो) (UR-1, ST-1) रिक्त पदों पर संविदा पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी प्रशिक्षकों से निर्धारित शर्त्तों एवं निर्देशों के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. मासिक मानदेय/संविदा राशिः ₹ 70,000/- (राँची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम में) शेष जिलों में – ₹ 67,600/- ।

3. इच्छुक एवं अहर्त्ताधारी आवेदक अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों के साथ खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के ईमेल आई०डी०:– directorsportsjharkhand@gmail.com पर अथवा निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची, झारखण्ड – 834008 के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 19.12.2025 तक जमा कर सकते हैं। इससे संबंधित विस्तृत विज्ञापन, शर्तें एवं दिशा–निर्देश खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के वेबसाईट – **sports.jharkhand.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 19 दिसम्बर, 2025 अपराह्न 5:00 बजे तक है। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/–
निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय,
झारखण्ड, राँची

PR 368338 Art Culture Sports and Youth Affairs (25-26)_D


# तिलैया थानान्तर्गत चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : अनुदीप सिंह, भापुसे, पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 08 दिसम्बर 2025 को अग्रसेन भवन गली से अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की गयी हीरो होण्डा मोटरसाईकिल नं. JH-02T-5116, जिसके संबंध में वादी मुमताज आलम पे. स्व. मंजूर आलम सा. ग्राम झांझरी थाना बरकठा जिला हंजारीबाग के आवेदन के आधार पर तिलैया थाना कांड सं0 371/25, दि० 08.12.2025 धारा 303 (2)/बी०एन०एस० दर्ज की गयी थी। उक्त चोरी की घटना में संलिप्त रहे अपराधी को झांझरी गली तिलैया के आसपास देखा गया हैं। ऐसी सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए छापामारी की गयी तथा काण्ड का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त बंटी पाण्डेय, उम्र 30 वर्ष, पिता बिरेन्द्र पाण्डेय, सा० झांझरी गली नियर मंजु बारा अस्पताल थाना तिलैया जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर कांड में चोरी गये काला रंग का मोटरसाईकिल जिसका चेचिस नं० MBLHAIIERB9F03947, इंजन नं.- HAIIEDB9F07365 उसके घर से बरामद किया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपी ने पूछताछ के कम में उक्त घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा बताया की वे अपनी बगैर रजिस्ट्रेशन की मोटरसाईकिल से रेकी कर मोटरसाईकिल की चोरी किये थे तथा अपने घर में छुपा कर रखे थे। तिलैया पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तारी**

1. बंटी पाण्डेय, उम्र-30 वर्ष, पिता बिरेन्द्र पाण्डेय, सा० झांझरी गली नियर मंजु बारा अस्पताल थाना तिलैया जिला कोडरमा।

**बरामद / जब्ती**

1. काला रंग का मोटरसाईकिल चेचिस नं.- MBLHAIIERB9F03947 इंजन नं.- HAIIEDB9F07365
2. काला रंग का मोटरसाईकिल चेचिस नं0- MBLHAR059H9 इंजन नं.-HAIIEPH9K12112

**छापामारी दल**

1. पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, तिलैया थाना।
2. स०अ०नि० सुजीत कुमार, तिलैया थाना।


कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 33/2025–26**

मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि।

दिनांक 10/12/2025

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विष्णुगढ़ | गाल्होबार | ग्राम केन्दुआडीह में बालेश्वर साव के घर से तुलसी सव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1266700.00 | 2500.00 | 25500.00 | दो माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 17.12.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 18.12.25 से 27.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.12.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 368324 District(25-26).D

## एक झलक

### पुलिस गोष्ठी के तुरंत बाद चोरों ने एसबीआई एटीएम पर किया हाथ साफ

**सारण :** वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष द्वारा आज जिले में अपराध गोष्ठी आयोजित किए जाने के कुछ ही घंटों बाद अज्ञात चोरों ने सोनपुर की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने गोविंद चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को निशाना बनाया और गैस कटिंग का इस्तेमाल कर लाखों की नकदी चोरी कर ली। पुलिस की उच्चस्तरीय बैठक के बाद हुई इस घटना ने स्थानीय पुलिस गश्त और खुफिया तंत्र की नाकामी को उजागर करते हुए सोनपुर की सुरक्षा- व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। चोरी की सूचना मिलते ही सोनपुर थाना पुलिस में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि चोरों ने चोरी को अंजाम देने के लिए गैस कटर का प्रयोग किया, जिससे एटीएम मशीन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चोर एटीएम में रखे कैश चुराकर फरार हो गए। हालांकि चुराए गए पैसों की वास्तविक राशि का खुलासा होना अभी बाकी है, लेकिन अनुमान है कि यह रकम लाखों में हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फिंगरप्रिंट ब्यूरो और फोटो ब्यूरो की विशेष टीमों को घटनास्थल पर बुलाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एवं मानवीय स्रोतों के आधार पर सभी संभावित पहलुओं की गहनता से वैज्ञानिक एवं तकनीकी जाँच कर रही है।

### जर्जर भवन में संचालित हो रहा सुगौली का आईसीडीएस कार्यालय

**पूर्वी चंपारण :** जिले के सुगौली प्रखंड परिसर स्थित आईसीडीएस कार्यालय की हालत बेहद बदहाल है। जहां मुख्य रूप से महिलाओं का हीं आना होता है। वहां शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था आज तक नही हो सकी है। यह भवन प्रखंड कार्यालय से सटा हुआ है। आश्चर्य की बात यह है कि जिस भवन में यह कार्यालय पिछले दो दशक से चल रहा है वह भवन भी विभाग का अपना नही है। स्थिति यह है कि भवन की छत से परतें उखड़ कर गिर रही हैं,जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कर्मचारियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वे लगातार भय के साए में काम करने को मजबूर हैं। स्थानीय कर्मियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सवाल यह है कि क्या जिम्मेवार विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।तब विभाग की कुम्भकर्णी नींद खुलेगी।सीडीपीओ अंजना ने बताया कि भवन के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का होना जरूरी है।जो नदारद है।


### जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने संभाला पदभार

**सारण :** जिले के विकास यात्रा को नई दिशा देने हेतु वैभव श्रीवास्तव ने आज जिले के 59वें जिलाधिकारी के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं को विभिन्न चरणों में तेजी से पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नव-नियुक्त जिलाधिकारी ने जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक के कार्यालयों के व्यवस्थित संचालन को उच्च प्राथमिकता बताया, जिससे आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में अधिकतम सहूलियत हो सके।

# केसरिया बौद्ध स्तूप में टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण जल्द करें पूरा : नीतीश

**एजेंसी**

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया में निमार्णाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया।मुख्यमंत्री ने यहां निर्माण कराए जा रहे ऑडिटोरियम, पर्यटकीय सुविधा आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सेंटर के निर्माण से पर्यटकों को सहूलियत होगी और बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों तथा बिहार के गौरवशाली गाथा को वे जान सकेंगे। निमार्णाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में 5डी थियेटर बनाया जा रहा



है जहां 48 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी। यहां महत्वपूर्ण बौद्ध शिक्षाओं से संबंधित फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। यह आगंतुकों के लिए परिचयात्मक क्षेत्र के रूप में कार्य करेगा। बिहार पेवेलियन बनाया जाएगा जहां बिहार के ऐतिहासिक विरासत से जुड़े फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। राज्य की सांस्कृतिक महत्ता को दशार्नेवाले शैक्षणिक डिस्प्ले का निर्माण किया जाएगा। यहां 90 से अधिक मूर्तियों को विशेष बॉक्सनुमा संरचनाओं में स्थापित किया जाएगा और खुले क्षेत्रों में कलात्मक मूर्तियों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही बिहार के विभिन्न ऐतिहासिक बौद्ध स्मारकों की 8 प्रतिकृतियां भी रखी जाएंगी। इन्हें परिसर के चारों कोनों में स्थापित किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का भ्रमण कर वहां के पर्यटकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने केसरिया बौद्ध स्तूप को सुरक्षित रखने एवं विकसित करने के लिए अनेक काम कराए हैं। इस परिसर को सुरक्षित रखें, इसका रख-रखाव एवं विकास के लिए कार्य करें। साथ ही पर्यटकीय सुविधाओं का भी ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने ग्राम ताजपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विभिन्न भागों की साफ-सफाई, मेडिकल सुविधा और दवा की उपलब्धता, निःशुल्क टीकाकरण आदि के बारे में वहां के चिकित्सक से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ख्याल रखें। सेंटर से जुड़नेवाली सड़क का और चौड़ीकरण करें ताकि यहां पहुंचने में सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने उच्च माध्यमिक विद्यालय, ताजपुर के मैदान में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। वहां मौजूद ग्रामवासियों का हालचाल पूछा। जीविका दीदी, रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका, ममता कार्यकर्ता, विकास मित्र, तालिमी मरकज और टोला सेवकों से बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अच्छे से काम करते रहें, आपकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। सभी ने मिल रही सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां छात्रावास में रह रही छात्राओं से बातचीत की और सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से कहा कि आपलोग अच्छे से पढ़ाई करें। सरकार आपको ठीक से पढ़ाने और आगे बढ़ाने के लिए ख्याल रख रही है। मुख्यमंत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के परिसर में बने पुस्तकालय का उद्‌घाटन कर निरीक्षण किया।

## हजारीबाग में एनआईए की छापेमारी, संदिग्ध आतंकी शाहनवाज आलम से जुड़ा है मामला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में एनआईए की टीम ने एक बार फिर ताबिश दिखाई है टीम हजारीबाग के पेलावल थाना अंतर्गत एक घर में पहुंची है ।जहां टीम घर के सदस्यों के साथ पूछताछ कर रही है. तीन गाड़ी से टीम गुरुवार सुबह-सुबह पहुंची। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है। बताया जाता है कि एनआईए की टीम के साथ एटीएस की टीम भी साथ में है जानकारी के अनुसार संदिग्ध आतंकी शाहनवाज आलम से जुड़े मामले में जांच करने हजारीबाग पहुंची है । इसकी गिरफ्तारी 2023 में हुई थी । एनआईए इनपुट्स आधार पर यह छापेमारी की जा रही है। शहनवाज आलम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अक्टूबर 2023 में दिल्ली से गिरफ्तार किया था.उसकी गिरफ्तारी पुणे क्रक्र मॉड्यूल मामले में हुई थी. वह मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले का रहने वाला है. इससे पहले, वह 2019 में हजारीबाग में डकैती और चोरी के कई मामलों में भी गिरफ्तार हुआ था और लगभग 8-9 महीने जेल में रहा था. दिसंबर 2020 में उसे जमानत मिल गई थी, जिसके बाद वह कथित तौर पर आईएस हैंडलर के संपर्क में आया. पुणे पुलिस की हिरासत से भागने के बाद एनआईए ने उस पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था ।

## प्रखंड क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल मैदान का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम : सुधीर मंगलेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड के बोंगई में स्थानीय विधायक ममता देवी के निर्देश पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल मैदान हेतु अंचल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया गया। सुधीर मंगलेश ने कहा कि दुलमी प्रखंड क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल मैदान का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे बच्चों और युवाओं को खेलकूद के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे वे जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकेंगे एवं आगे की प्रक्रिया हेतु विधायक ममता देवी से अतिशीघ्र पहल कर आग्रह किया। ग्रामीणों की



एकजुटता, अंचल कार्यालय की सक्रियता और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह सपना जल्द ही साकार हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि खेल मैदान के विकास से बोंगई सहित पूरे प्रखंड में खेल संस्कृति को नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध होगा। खेल मैदान निर्माण की दिशा में यह प्रयास तभी सफल होगा जब ग्रामीणों की एकजुटता, अंचल कार्यालय की सक्रिय भूमिका तथा जनप्रतिनिधियों के सतत सहयोग का संगम होगा। संयुक्त प्रयासों से बोंगई में एक सशक्त और गुणवत्तापूर्ण खेल परिसर तैयार किया जा सकेगा, जो क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। मौक पर छोटू गंझू, प्रदीप गंझू, धनेश्वर भोक्ता, विकास मुंडा, बिरसा बेदिया सहित कई मौजूद थे।

## चरस तस्करी मामले में दो को बारह वर्षों का सश्रम कारावास

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** एनडीपीएस न्यायालय प्रथम के विशेष न्यायाधीश रेशमा वर्मा ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्तों को बारह बारह वर्षों का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को दो लाख पांच हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा पश्चिम चंपारण के सेमराघाट सरिसवा बाजार निवासी फरमान अंसारी के पुत्र इसरफिल मंसूरी एवं गोपालपुर थाना के महेशड़ा निवासी जोखू मियां के पुत्र इद्रीश मियां उर्फ इद्रीश ठाकुर को हुई है। मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पटना ने विभागीय वाद ढेव/श/11/2020 दायर किया था, जिसमें 47वीं एसएसबी पंटोका




रामगढ़वा के तत्कालिन सामान्य निरीक्षक राजकुमार ने लिखित बयान दर्ज कराया था,जिसमें कहा था कि 10 अक्टूबर 2020 को गुप्त सूचना मिली कि नेपाल के विश्वा गांव की ओर से धुतहा मठ होकर सेमरा हाट सरिसवा बाजार तक एक सफेद रंग के पिकअप से मादक पदार्थ का तस्करी होता है। सूचना के आलोक में धुतहा मठ के समीप पुलिस नाका लगा दिया गया। रात्रि करीब दस बजे एक पिकअप उसी रास्ते से आई। पुलिस बल ने उसे रोकना चाहा परंतु वह भागने लगा।

## आजसू पार्टी कार्यालय रामगढ़ में आजसू छात्र संघ की प्रेस वार्ता हुई सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** आजसू पार्टी कार्यालय, रामगढ़ में आजसू छात्र संघ द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में समाजसेवी पियुष चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 17 दिसम्बर दिन बुधवार समय प्रातः 10:00 बजे से आजसू छात्र संघ शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन करने जा रहा है। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान न किए जाने के कारण छात्रों को हो रही समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति न मिलने से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की




शिक्षा प्रभावित हो रही है और उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आजसू छात्र संघ का यह आंदोलन इन्हीं समस्याओं के समाधान की माँग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप युवा आजसू प्रदेश संयोजक राजेश कुमार महतो, छात्र संघ जिला अध्यक्ष देवा महतो, कोषाध्यक्ष नितिश निराला, युवा आजसू जिला सह संयोजक मनोज महतो, रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष रोहित सोनी, युवा नेता हर्ष चौधरी, युवा आजसू प्रखंड संयोजक विशु रजवार, युवा आजसू प्रखंड प्रभारी कुणाल महतो, अरुण दांगी, रुपेश महतो, लालू महतो, अजय आस्था, शंकर पासवान, अजय पाण्डेय, अमित महतो आदि मौजूद थे।

### अवैध बालू और मिट्टी उत्खनन के खिलाफ छापामारी

**अररिया :** अवैध बालू मिट्टी के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध फारबिसगंज अनमुंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को विशेष छापेमारी अभियान चालाया गया। छापामारी दल में शामिल जिला खनिज विकास पदाधिकारी, खान निरीक्षक अररिया तथा बथनाहा सिंचाई विभाग के एसडीओ आदि मौजूद थे।छापामारी दल ने फारबिसगंज रामपुर शाखा नहर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नहर के आस-पास तत्काल अवैध खनन करते नहीं पाया गया।रामपुर नहर के आस-पास बांध को अवैध खनन कत्ताओं के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। इस संबंध में जिला प्रशासन के द्वारा अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा असमाजिक तत्वों तथा वाहनों को स्थानीय स्तर पर चिन्हित किया जा रहा है ।

**महुदा इंटर कॉलेज विवाद, चौथे दिन अनशन तुड़वाने पहुंचे सीओ**

## समझौता पत्र पर कई जनप्रतिनिधियों ने किये हस्ताक्षर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** महुदा इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार पर पिछले तीन दिनों से जारी धरना व अनशन के चौथे दिन गुरुवार को बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने अनशनकारी शिक्षक व द्वारपाल से वार्ता कर सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद बाघमारा सीओ एवं जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने दोनों अनशनकारियों को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। हालांकि अनशनकारियों ने साफ कहा कि भूख हड़ताल खत्म हुई है, धरना तब तक जारी रहेगा जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं। इसके बाद एक समझौता पत्र तैयार किया गया, जिस पर अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, महुदा पंचायत के मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, पादुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी, सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकांत महतो, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव सिंह सहित कई अन्य लोगों ने हस्ताक्षर किए। समझौता पत्र में आश्वस्त किया गया है कि



बर्खास्त कर्मियों की त्वरित बहाली की जाएगी तथा बर्खास्तगी के आदेश को रद्द किया जाएगा। वरीयता के आधार पर वरीय प्राध्यापक को प्रभारी प्राचार्य बनाया जाएगा। साथ ही 13 दिसंबर 2025 को होने वाली शासी निकाय की बैठक में महुदा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों को शामिल किया जाएगा। शासी निकाय को गलत तरीके से गठित बताया गया है, जिसे भंग कर पुनर्गठन की अनुशंसा की जाएगी। मांगें पूरी नहीं होने पर सभी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी।

## सांसद विवेक ने रेल सम्पकर्ता व यात्री सुविधा को लेकर रेलमंत्री से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नवादा :** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने गुरुवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर नवादा लोकसभा में रेल संपर्कता एवं यात्री सुविधा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद विवेक ने रेलमंत्री से यात्रियों की भीड़ को देखते हुए नवादा - बरबीघा - पटना रेलखंड पर एक और नई ट्रेन की मांग किया, साथ ही इस रूट पर चलने वाली नवादा - पटना फास्ट मेमो ट्रेन में अतिरिक्त 05 डब्बा जोड़ने का आग्रह किया।उन्होंने अतिआवश्यक बताते हुए तिलैया जंक्शन के समीप पीट लाइन निर्माण का आग्रह किया। साथ ही राजगीर - पटना फास्ट मेमो ट्रेन का तिलैया जंक्शन तक विस्तार के साथ



साथ बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का तिलैया - नवादा - वारिसलीगंज - शेखपुरा होते किऊल जंक्शन तक विस्तार का अनुरोध किया।सांसद ने कुसुंभा बिहार हॉल्ट पर नवादा - पटना फास्ट मेमो ट्रेन ठहराव का अनुरोध किया। साथ ही शेखपुरा के कुसुंभा बेलदरिया में छ.उ 13 गुमटी से छ.ळ 35/27 तक रेल लाइन के किनारे जन सुविधा हेतु सड़क निर्माण का आग्रह किया।

**नालंदा विश्वविद्यालय में एशियन डायलॉग ऑन रूरल डेवलपमेंट कार्यक्रम सम्पन्न**

## ग्रामीण विकास की चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने किये विचार-विमर्श

**एजेंसी**

**नालंदा :** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में गुरुवार को एशिया की साझी चुनौतियां और अवसर के विषय पर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला ससाकावा पीस फाउंडेशन (जापान), एशियन कॉन्फ्लुएंस (भारत), और मुसुबि-ते फाउंडेशन (जापानझभारत) के सहयोग से एकदिवसीय एशियन डायलॉग ऑन रूरल डेवलपमेंट कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बीते 07 दिसंबर से 11 दिसंबर तक नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में भारत, इंडोनेशिया, जापान, फिलिपींस और थाईलैंड के प्रतिभागियों, नीति



विशेषज्ञों और शोधकताओं ने ग्रामीण विकास से जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला के आखिरी दिन आज प्रतिभागियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में छह प्रमुख विषयों पर खास ध्यान दिया गया है। जनसांख्यिकीय परिवर्तन, जलवायु अनुकूलन क्षमता, डिजिटल समावेशन, संस्थागत नवाचार, युवा सशक्तिकरण और समावेशी आर्थिक विकास एवं सामाजिक स्थिरता। प्रतिभागियों ने ग्रामीण बिहार का अध्ययन भ्रमण और साथ ही बोधगया एवं नालंदा के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कर रहे हैं, जिससे उन्हें ग्रामीण जीवन की हकीकत, सांस्कृतिक विरासत और समुदाय आधारित विकास मॉडल समझने का मौका मिला है।

## सुगौली चीनी मिल का पथ क्रय केन्द्र अजगरी में हुआ शुरू

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** एचपीसीएल बायोफ्यूल लि.द्धारा सुगौली में संचालित चीनी मिल का पथ क्रय केन्द्र का शुभारंभ गुरूवार को बंजरिया प्रखंड के अजगरी मे हुआ। पथ क्रय केंद्र का उद्घाटन पैक्स अध्यक्ष दिलीप सिंह व उप गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर अधिकारी रणजीत सिंह ,तौल लिपिक सागर संगम मिश्रा क्षेत्रीय सुपरवाइजर सुजीत सिंह, संजय बर्मा,किसान राम विनय सिंह, अभिलाष कुमार सिंह ,रविन्द्र सिंह, पप्पू सिंह बिन्दा सिंह तथा मुगल सहनी सहित बड़ी संख्या गन्ना



उत्पादक किसान मौजूद थे। गन्ना क्रय केन्द्र खुलने पर किसान अभिलाष सिंह,रामविनय सिंह,रवीन्द्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि क्रय केन्द्र खुलने से किसानो को काफी सहुलियत होगी।मिल को गन्ना की आपूर्ति करने में समय और धन की बचत होगी। मौके पर उप गन्ना प्रबंधक संजीव सिंह ने बताया कि नये सत्र में मिल में पेराई का लक्ष्य है 45 लाख कुंटल रखा है ।

## पूर्णकालिक अधिकरण नहीं बनने से विस्थापितों के साथ नहीं हो रहा न्याय : चंद्र प्रकाश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह सांसद ने केंद्रीय कोयला मंत्री से मिलकर गठन का किया अनुरोध, केंदुआडीह में गैस रिसाव की ओर भी ध्यान कराया आकृष्ट गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मिलकर झारखंड में पूर्णकालिक अधिकरण के गठन की वकालत की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का केंदुआडीह व आसपास क्षेत्रों में हो रहे जहरीले गैस रिसाव, विस्थापन व पुनर्वास को लेकर भी ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय मंत्री से



कहा कि पूर्णकालिक अधिकरण के गठन नहीं होने से कोयला क्षेत्र की समस्याएं बनी हुई है। विस्थापितों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से पूर्णकालिक अधिकरण की मांग की जा रही है। देश के कई राज्यों में पूर्णकालिक अधिकरण का गठन हो चुका है, मगर झारखंड में ऐसा नहीं नहीं हो सका है। पूर्णकालिक अधिकरण नहीं होने की वजह से विस्थापित दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि इस मांग की पूर्ति की जानी आवश्यक है। उन्होंने केंदुआडीह आसपास के क्षेत्रों में हो रही जहरीली गैस रिसाव की चर्चा करते हुए कहा की दुर्घटनाएं भी हो रही है। प्रभावित क्षेत्र के लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं है। खनन गतिविधि पारदर्शी नहीं है। इसके कारण कई समस्याएं व परेशानियां उत्पन्न हो रही है। इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विस्थापितों के साथ अन्याय हो रहा है विस्थापितों का पुनर्वास अति आवश्यक है। हमारी हमारी यह मांग है कि स्थानीय स्तर पर जान, जीविका, स्वास्थ्य, सुरक्षा पर ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा झारखंड में कोयला उत्पादन काफी हो रहा है। बीसीसीएल में उत्पादन हो रहा है, हालांकि डिमांड में 20 प्रतिशत कमी आई है। डिमांड और सप्लाई पर ध्यान देने की जरूरत है। उत्पादन व्यर्थ नहीं जाए, इसका भी ध्यान रखने की जरूरत है। रखरखाव को भी दुरुस्त किया जाना आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि कोयला चोरी पर रोक लगे, यह भी जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार गंभीर है। सरकार कोयला क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर वचनबद्ध व कटिबद्ध हैं।

## पुलिस से मुठभेड़ में राकेश कुमार के पैर में मारी गोली



**एजेंसी**

**पटना :** राजधानी पटना में गुरुवार सुबह जानीपुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर में अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोपित अपराधी राकेश कुमार को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल राकेश को तुरंत पुलिस की निगरानी में पटना एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस का दावा है कि राकेश एक बैंककर्मी से रंगदारी मांगने के गंभीर मामले में वांछित था और लंबे समय से उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नजर थी। जानीपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि रंगदारी मांगने वाला आरोपी राकेश कुमार मुरादपुर इलाके में देखा गया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही राकेश घबरा गया और मौके से भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन राकेश ने भागते-भागते पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस सतर्क हो गई और पलटकर जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में राकेश के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे तुरंत अपने कब्जे में ले लिया और एंबुलेंस की मदद से एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एक झलक

### पाकिस्तान में फुटबॉल मैच में आपस में ही भिड़ गये खिलाड़ी

**कराची :** पाकिस्तान में एक फुटबॉल मैच में खिलाड़ी ही नहीं अधिकारी भी आपस में भिड़ गये। ये मैच पाक सेना और पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन के बीच हुआ इसमें हुई हाथापायी में कड़ी खिलाड़ी और अधिकारी घायल भी हुए हैं। इस मामले की जांच अब पाक ओलंपिक कमेटी कर रही है। सेमीफाइनल में जब दोनों टीमों के बीच जब झगड़ा चल रहा था तब मैच का प्रसारण हो रहा था, इसलिए लोगों ने भी ये सब देखा जिसके बाद सोशल मीडिया में भी इसके वीडियो आने लगे। ऐसे में अब प्रशंसकों ने दोनों टीमों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की है। यह लड़ाई तब शुरु हुई जब फुटबॉल फेडरेशन के कुछ सदस्यों ने सेना के खिलाड़ियों के सामने ही जीत का जश्न मनाना शुरु कर दिया। इससे उसके खिलाड़ी भड़क गये।। एक खेल अधिकारी ने कहा है उन्होंने इस घटना का संज्ञान लिया है और पाकिस्तान ओलंपिक एसोसिएशन भी इस मामले की जांच करेगा। इसका कारण है कि राष्ट्रीय खेल उसकी की के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने कहा, हम अपनी जांच करेंगे और लड़ाई भड़काने या शुरू करने में शामिल पाए गए खिलाड़ियों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में कुछ खिलाड़ी मैच रेफरी का पीछा करते हुए उसके चेंजिंग रूम में जाते दिखे और अन्य अधिकारियों और खिलाड़ियों द्वारा बचाए जाने से पहले उनके साथ मारपीट करते दिखे हैं। ये खिलाड़ी रेफरी द्वारा अपने विरोधियों को पेनल्टी किक दिए जाने से भड़के हुए थे।

### न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बढ़त हासिल की

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपना शिकंजा कस दिया है। मेजबान टीम ने दूसरे दिन पहली पारी के आधार पर 73 रनों की बढ़त हासिल करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय में वेस्टइंडीज के दो विकेट ले लिये थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर केवल 32 रन ही बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रैंडन किंग 25 गेंद पर 15 रन बनाकर और कावेम हॉज 3 रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल 14 पर आउट हुए जबकि एंडरसन फिलिप अपना खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं इससे पहले आज कीवी टीम ने अपनी पहली पारी 24 रनों से आगे खेलते हुए 9 विकेट पर 278 रन बनाकर घोषित कर दी। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे ने सबसे अधिक 60 रन जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे ने 61 रन बनाए। इन दोनों के अलावा केन विलियमसन ने 37, डेरिल मिचेल ने 25 रन बनाए। वहीं जकारी फॉल्क्स 23 रन बनाकर आउट नहीं हुए। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलिप ने 3, केमार रोच ने 2, जबकि जायडन सिल्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रिव्स और रोस्टन चेज ने 1–1 विकेट लिये। वहीं इससे पहले वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाये थे। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर कीवी टीम को 73 रनों की बढ़त मिली थी।

### बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में शुभमन हो सकते हैं प्रमोट

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की इसी माह 22 दिसंबर को होने वाली सालाना जनरल बैठक (एजीएम) में केन्द्रीय अनुबंध पर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसमें एकदिवसीय और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को प्रमोट कर ए प्लस ग्रेड में रखा जाना तय है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को डिमोट किया जा सकता है। इसका कारण है कि अब विराट और रोहित केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलते हैं। वहीं नियमों के अनुसार ए प्लस अनुबंध तीनों प्रारुप खेलने वालों को ही दिया जाता है। इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले इन दोनों ने ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

# साउथ अफ्रीका ने भारत को 214 रन का दिया टारगेट



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मैच न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जा रहा है। यहां पहली बार इंटरनेशनल मैच खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। साउथ अफ्रीका ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 202 रन बना लिए हैं। डोनोवन फरेरा और डेविड मिलर क्रीज पर हैं। 17वें ओवर की पहली बॉल पर अक्षर पटेल ने डेवाल्ड ब्रेविस को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। तिलक ने लॉन्ग ऑन पर डाइविंग कैच पकड़ा। इससे पहले, क्विंटन डी कॉक 90 रन बनाकर रनआउट हुए। उन्हें विकेटकीपर जितेश शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की बॉल पर रनआउट किया। चक्रवर्ती ने ऐडन मार्करम (29 रन) को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। उन्होंने 83 रनों की पार्टनरशिप को ब्रेक किया। चक्रवर्ती को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने अपनी पहली बॉल पर रीजा हेंड्रिक्स (8 रन) को बोल्ड किया था। अर्शदीप सिंह ने ओवर में 16 रन दिए 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने 16 रन खर्च कर दिए। उनकी पहली बॉल पर डोनोवन फरेरा और डेविड मिलर ने एक-एक छक्के मारे। इसी के साथ अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 54 रन खर्च कर दिए। उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

**बुमराह के ओवर में 15 रन आये, मिलर ने दो चौके मारे**

18वें ओवर से 15 रन आए। जसप्रीत बुमराह की बॉल पर डेविड मिलर ने दो चौके मारे। एक चौका लेग बाई का आया। तिलक वर्मा का डाइविंग कैच, ब्रेविस आउट।17वें ओवर की पहली बॉल पर अक्षर पटेल ने डेवाल्ड ब्रेविस को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। तिलक ने लॉन्ग ऑन पर डाइविंग कैच पकड़ा।

**डी कॉक 90 रन बनाकर रनआउट**

चक्रवर्ती ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की



**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह।

**साउथ अफ्रीका :** ऐडन मार्करम (कप्तान), रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसन, लूथो सिपामला, लुंगी एनगिडी और ओटनील बार्टमैन।

16वें ओवर की पहली बॉल पर क्विंटन डी कॉक 90 रन बनाकर रनआउट हुए। उन्हें विकेटकीपर जितेश शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की बॉल पर रनआउट किया।

**मार्करम ने चक्रवर्ती के ओवर में लगातार दो छक्के मारे**

**चक्रवर्ती** ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। चक्रवर्ती ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। 12वें ओवर में ऐडन मार्करम ने लगातार दो छक्के मारे। उन्होंने दूसरी और तीसरी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। वरुण ने मार्करम को ओवर की आखिरी बॉल पर अक्षर पटेल के हाथों कैच भी करा दिया। मार्करम 29 रन ही बना सके। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। अर्शदीप ने ओवर में 18 रन दिए, 7 वाइड फेंकी

अर्शदीप 3 ओवर में 38 रन दे चुके हैं। अर्शदीप 3 ओवर में 38 रन दे चुके हैं। अर्शदीप सिंह ने 11वें ओवर में 18 रन खर्च कर दिए। उन्होंने इस ओवर में 7 वाइड बॉल फेंकी। उनके ओवर की पहली बॉल पर डी कॉक ने 87 मीटर का छक्का लगाया। उसके बाद अर्शदीप का लाइन लेंथ बिगड़ गया। इसी ओवर में साउथ अफ्रीका ने 100 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया।

## हजारीबाग में खेले गये मुकाबले में झारखंड ने केरल को 06 रनों से हराया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए झारखंड और केरल के बीच के मैच में झारखंड ने एक रोमांचक मुकाबले में केरल की टीम को 6 रनों से पराजित कर दिया है। कूच बिहार अंडर -19 का यह मुकाबला झारखंड और केरल के बीच 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक खेला गया और अंतिम दिन झारखंड की टीम ने केरल को एक रोमांचक मुकाबले में 6 रनों से पराजित कर दिया। अगर मैच की बात की जाए तो झारखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन बनाए थे जिसके जवाब में केरल की टीम ने 333 रन बना दिए थे जिसमें शानदार शतक केरल के बल्लेबाज माधव कृष्ण ने बनाया था। दूसरी पारी में झारखंड की टीम ने 313 रन बनाए थे और 187 रनों का टारगेट केरल को दिया था। दूसरी पारी में झारखंड की तरफ से अनमोल राज ने तेज तर्रार 133 रनों की पारी खेली थी तो वहीं यश राठौड़ ने 255 गेंद पर 77 रन की एक सूझ बूझ भरी पारी खेली थी। 187 रनों का पीछा करने उतरी केरल की टीम 6 रन पहले ऑल आउट हो गई और इस प्रकार झारखंड ने यह मैच छह रनों से जीत लिया। हालांकि केरल के कप्तान और विकेटकीपर मानव कृष्णा ने हाथ डालने की भरपूर कोशिश की परंतु 71 रन बनाकर वह अनमोल राज का शिकार हो गए। झारखंड की तरफ से ईशान ओम ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए तो वहीं अनमोल राज ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दो विकेट भी झटके। जीत के बाद झारखंड के कोच साबिर अहमद काफी खुश दिखे।

## ओड़िशा के सार्थक आर्य ने अंडर-17 बॉयज का ताज जीता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ओडिशा के उभरते पैडलर सार्थक आर्य और पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास ने आज यहाँ पाँचवीं यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग के खिताब जीतकर एक शानदार सीजन का सफल समापन किया। दोनों खिलाड़ियों ने इस सत्र में यह दूसरा राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब अपने नाम किया। हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में हुए बॉयज अंडर-17 के फाइनल में, सार्थक आर्य ने अपनी दृढ़ता और धैर्य का परिचय देते हुए पश्चिम बंगाल के रूपम सरदार को 3-1 (11-6, 11-7, 4-11, 14-12) से पराजित किया। यह पंचकूला में जीती गई उनकी पिछली सफलता के बाद सीजन का उनका दूसरा राष्ट्रीय खिताब है। सार्थक ने टाई-ब्रेक की चुनौती को पार किया। सार्थक ने शुरुआती दो गेम जीतकर निर्णायक बढ़त बना ली थी। हालांकि, रूपम सरदार ने तीसरे गेम में वापसी की और चौथे गेम में स्कोर 10-10 तक खींचकर मैच को पाँचवें गेम तक ले जाने का प्रयास किया। एक रोमांचक टाई-ब्रेक में, जहाँ दोनों खिलाड़ियों ने कुछ मैच पॉइंट गंवाए, सार्थक ने अंततः 14-12 से गेम और मैच अपने नाम किया, जिससे एक कड़े संघर्ष का समापन हुआ। इससे पहले, सेमीफाइनल में सार्थक ने कर्नाटक के अथर्व नवरंगे को 3-1 से हराया, जबकि रूपम ने पीएसबीए के त्रिशाल राजकुमार को 3-1 से मात दी थी।




**सिंड्रेला का बेजोड़ वर्चस्व**

गर्ल्स अंडर-17 वर्ग में, सिंड्रेला दास ने अपने प्रदर्शन में बेजोड़ आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में अपनी हमवतन (पश्चिम बंगाल) अविशा कर्माकर को सीधे गेमों में 3-0 (11-6, 11-8, 11-9) से मात दी। यह मुकाबला पूरी तरह से एकतरफा वर्चस्व का उदाहरण रहा, जिसमें अविशा, जो हाल ही में अपने पहले फाइनल में पहुंची थीं, सिंड्रेला की तेज गति और अचूक सटीकता का सामना नहीं कर पाईं।

## सैमसन की प्रशंसा वाले गंभीर के पुराने पोस्ट वायरल होने के बाद प्रशंसकों ने उठाये सवाल

**एजेंसी**

**मुम्बई :** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अब तक भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलने के साथ ही मध्यक्रम सहित कई जगहों पर आजमाये गये हैं और उनका प्रदर्शन भी ठीक रहा है। इसके बाद भी उन्हें हमेशा ही बाहर कर दिया जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में भी शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें अवसर नहीं मिला। इसी को लेकर अब प्रशंसकों का गुस्सा फूटा है। इस बार प्रशंसकों ने अनोखे अंदाज में अपनी नाराजगी जतायी है। प्रशंसकों ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के तीन पुराने पोस्ट जारी किये हैं जिसमें गंभीर सैमसन की प्रशंसा करते दिख रहे हैं। ये पोस्ट 2019 और 2020 के हैं, तब सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे थे पर उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल पा रही थी। गंभीर ने तब सैमसन को न केवल बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज बल्कि उन्हें विश्व कप में नम्बर 4 पर बल्लेबाजी करने के योग्य बताया था।



**कप्तान हरमनप्रीत से मिल कर भावुक हुई मंधाना, बोली क्रिकेट ही सबसे अधिक पसंद**

## भारतीय जर्सी से मिलती है प्रेरणा : मंधाना



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना बुधवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मंधाना की मुलाकात टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर से हुई। शादी टूटने के बाद पहली बार किसी पब्लिक इवेंट में नजर आई मंधाना ने हरमनप्रीत को गले लगाया और कहा कि मुझे क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है। साथ ही कहा कि भारतीय जर्सी पहनने से बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। मंधाना ने हाल ही में सोशल मीडिया में पलाश मुछाल से शादी टूटने की बात कही थी। मंधाना ने कहा, क्रिकेट ने मुझे दो बातें सिखाई हैं। पहली ये कि हर दिन की शुरूआत शून्य से होती है और दूसरी ये कि अपने लिए नहीं अपनी टीम के लिए खेलो। उन्होंने कहा, विश्व कप में हमने तय किया था कि किसी को अपने लिए नहीं बल्कि साथी खिलाड़ियों के लिए खेलना है। इससे दबाव कम होता है और ऊर्जा बढ़ती है। मंधाना ने कहा कि जब आप सोचते हैं कि आपको अपने साथी के लिए अच्छा करना है, तो काम और भी आसान हो जाता है। मैं भी अपने बगल के खिलाड़ी के लिए, शतक बनाना चाहती थी, अपने लिए नहीं। गौरतलब है कि मंधाना अब 21 दिसंबर से श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलती हुई नजर आयेंगी। मंधाना को इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 21 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर तक चलेगी। इसके पहले दो मैच विशाखापट्टनम जबकि बचे हुए तीन मैच तिरुवनंतपुरम में होंगे।

## राज्य स्तरीय महिला हॉकी के लिए प्रयागराज की टीम घोषित

**प्रयागराज :** अयोध्या में 16 से 18 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महिला हॉकी के लिए प्रयागराज की टीम घोषित कर दी गई है। इलाहाबाद हॉकी संघ के उपसचिव मोहम्मद शाहिद कमाल खान के अनुसार टीम में वानिया सैफ, जैनब हसन, रिया गोंड, प्रियांशी प्रजापति, प्रिंसी यादव, निकहत परवीन, शिवानी सिंह, तबस्सुम बानो, संध्या भारती, मानसी यादव, संध्या, श्रीतिवारी, वर्तिका यादव, सृष्टि यादव, इशिता सिंह, रिया सोनकर को शामिल किया गया है। परी गुप्ता, वर्षा यादव, स्वाति पटेल, आरोही प्रजापति आरक्षित खिलाड़ी हैं। विनय कुमार टीम के प्रशिक्षक बनाये गये हैं। टीम 15 दिसम्बर को रवाना होगी।



बेल्जियम में यूईएफए चैम्पियंस लीग में फुटबॉल में खेलती हुई क्लब ब्रुगे और आर्सेनल की टीमें।

## 13 से 15 दिसम्बर तक भारत दौरे पर पहुंचेंगे मैसी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** अर्जेटीना के कप्तान और स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी के दौरे को लेकर प्रशंसक उत्साहित हैं। मेसी शनिवार 13 दिसंबर से तीन दिवसीय भारत दौरे पर रहेंगे। वह बहुप्रतीक्षित ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम कार्यक्रम के तहत भारत आ रहे हैं। वह अपने तीन दिवसीय दौरे में 13 से 15 दिसंबर तक चार प्रमुख शहरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मेसी के 1:30 बजे कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है। दिन भर शहर में उनके कई कार्यक्रम होंगे, जिनकी शुरूआत सुबह से ही हो जाएगी। कोलकाता दौरे में मेसी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से भी मुलाकात करेंगे। वह दोपहर 2 बजे हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। हैदराबाद में मेसी एक कार्यक्रम के साथ ही एक प्रदर्शनी फुटबॉल मैच में भी शामिल होंगे। इसके बाद मेसी के शानदार करियर का जश्न मनाने वाला एक भव्य संगीत कार्यक्रम भी रखा गया है।

## अब पहाड़ी पर आलीशान घर बना रहे धोनी

**एजेंसी**

**रांची :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब रांची की पहाड़ियों पर एक आलीशान घर बनाएंगे। ये घर एक पहाड़ी पर बनेगा। इसी कारण प्रशंसक इसे दूर से ही देख सकेंगे। धोनी शांत स्वभाव के हैं और माना जा रहा है कि दो और घर होने के बाद भी इसी कारण इस घर को वह बना रहे हैं ताकि शहर की भीड़भाड़ से दूर रहें। ऐसे में उनका ये घर भी आधुनिकता और सादगी का संतुलित उदाहरण रहेगा। वहीं प्रशंसक इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि ये घर बनने के बाद कैसा दिखेगा। धोनी के पास पहले से दो बंगले हैं। पहला हरमू में है जो उनका पुराना ठिकाना रहा है। वहीं दूसरा सिमरिया में स्थित है जहां वे फिलहाल परिवार के साथ रहते हैं। अब तीसरा बंगला शैंपू फार्म हाउस में पहाड़ी इलाके में बन रहा है। यह बंगला 1 एकड़ से अधिक की जमीन पर बन रहा है। इसे प्रशासन से मंजूरी मिल गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मूल रूप से चार मंजिला घर होगा। कुल 2210 वर्गफुट बिल्ट-अप एरिया के साथ यह बंगला आधुनिक डिजाइन और सुविधाओं से भरा होगा। इसमें बड़ा सा हॉल होगा और साथ ही मल्टी-कार गैरेज जहां कई कारें रखी जा सकेंगी। हर यूनिट में चार-चार बड़े कमरे होंगे जिससे ये बेहद आलीशान रहेगा। पहाड़ी पर होने से महेंद्र सिंह धोनी का यह बंगला प्रकृति के करीब होगा। इसका निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। बंगले के करीब ही सीआरपीएफ कैंप होने से सुरक्षा भी मजबूत रहेगी। निर्माण के बाद यह बंगला आसमान छूता दिखेगा, क्योंकि मुख्य सड़क नीचे है। इसी कारण धोनी के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। धोनी इसी बंगले में परिवार के साथ शांति से समय बिताएंगे।



## बीसीसीआई की बैठक में महिला क्रिकेटरों की फीस पर चर्चा

**एजेंसी**

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सालाना आम बैठक इसी माह 22 दिसंबर को होगी। एपेक्स कमेटी की इस बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच मामलों पर बात हो सकती है। इसमें घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस को बढ़ाने पर भी बात होगी। इस बार एकदिवसीय विश्वकप में महिला टीम की शानदार जीत से भी खिलाड़ी उत्साहित है और ऐस में उन्हे मैच फीस में बदलाव की उम्मीद है। बीसीसीआई भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुशी है और प्रतिभाओं को आगे लाने मैच फीस बढ़ाने पर फैसला ले सकता है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों के वेतन में समानता है पर घरेलू प्रतियोगिताओं में अब तक ऐसा नहीं हुआ है। वहीं इस बैठक में महिला क्रिकेटरों के केन्द्रीय अनुबंध पर भी बात होगी। इसके अलावा बीसीसीआई अंपायरों की मैच फीस में भी बदलाव करना चाहता है। उसकी भी लेकर इस बैठक में विचार किया जाएगा। इसके अलावा कई और मामले भी इस बैठक में उठेंगे।



# टिकटों की बिक्री हुई शुरू, कीमतें सिर्फ 100 से प्रारम्भ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस बार टिकटों की प्रारंभिक कीमतों को ऐतिहासिक रूप से कम रखा है, ताकि अधिक से अधिक प्रशंसक विश्व कप का रोमांच स्टेडियम में बैठकर देख सकें। भारत में टिकटों की शुरूआती कीमत ?100 (लगभग $1.11) और श्रीलंका में छह्क 1000 (लगभग $3.26) तय की गई है। https://tickets.cricketworld-cup.com/ पर शुरू होगी।

**टूर्नामेंट 07 फरवरी से 08 मार्च तक, भारत और श्रीलंका में होगी आयोजन**

**आईसीसी** टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। आठ प्रतिष्ठित स्टेडियमों में कुल 55 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का आगाज 7 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड मैच से होगा। इसके बाद कोलकाता में वेस्टइंडीज बनाम बांग्लादेश और मुंबई में भारत बनाम यूएसए जैसे रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

2 मिलियन से ज्यादा टिकट बिक्री पर आईसीसी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए टिकटों को अत्यंत सुलभ बनाया है। फेज-1 में 2 मिलियन से अधिक टिकट जारी किए जाएंगे, ताकि हर वर्ग का फैन स्वतः स्टेडियम का अनुभव ले सके।




**इन स्टेडियमों में होंगे मैच**

नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद, एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई, अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली, वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई, ईडन गार्डन्स, कोलकाता, आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, एसएससी ग्राउंड, कोलंबो, पल्लेकले इंटरनेशनल स्टेडियम, कैंडी।

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, हमारी कोशिश है कि हर फैन को वर्ल्ड-क्लास क्रिकेट का लाइव अनुभव मिले। सिर्फ 100 और LKR 1 000 से टिकट शुरू करने का उद्देश्य है कि यह विश्व कप अब तक का सबसे ज्यादा सुलभ और वैश्विक आयोजन बने। उन्होंने कहा कि 20 टीम और 55 मैचों के साथ यह इतिहास का सबसे समावेशी टी20 विश्व कप होगा।

**बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट ने दी**

## टी20 मैच : आज से शुरू होगी ऑफलाइन टिकट बिक्री

**धर्मशाला :** धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में 14 दिसम्बर को भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले टी-20 मैच को लेकर शुक्रवार को ऑफलाइन टिकटों की बिक्री शुरू होगी। जानकारी के अनुसार गेट के बाहर टिकट की बिक्री के लिए काउंटर लगाया जाएगा, जहां मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों को 1500 रुपए की सबसे सस्ती टिकट के साथ ऑफलाइन टिकट मिल सकेगी। सुबह 10 बजे से लगने वाले काउंटर में लाइन में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर क्रिकेट प्रेमी अपनी वैध आई.डी. (आधार कार्ड) बताकर मैच का टिकट प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा मैच को लेकर ऑनलाइन टिकट बुकिंग की प्रकिया जारी है। जहां पांच हजार, सात हजार, नौ हजार, 12500 व 20 हजार की टिकट उपलब्ध है। गौरतलब है कि 14 दिसम्बर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच टी 20 मैचों की सीरीज का तीसरा मैच धर्मशाला में खेला जाना है।

**प्रतिक्रिया**

**बीसीसीआई** के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा,100 की टिकट कीमतें प्रशंसकों के उत्साह को कई गुना बढ़ा देंगी। हमने दर्शकों के लिए आरामदायक, आधुनिक और विश्वस्तरीय अनुभव देने की पूरी तैयारी की है। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एश्ले डी सिल्वा ने कहा, हम भारत के साथ सह-मेजबानी को लेकर उत्साहित हैं। फेज-1 में टिकट जारी होने के बाद प्रशंसकों को सलाह है कि वे समय रहते अपनी सीटें सुरक्षित करें।

## एक झलक

### जेएसएमडीसी के कारण हुई 70.92 करोड़ के राजस्व की हानि

**रांची** : सीएजी की ओर से गुरुवार को जारी किए गए रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017–22 के दौरान झारखंड में चालू बालू घाटों के लिए मान्ये पटटाधारी के रूप में झारखंड राज्यू खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) को प्रक्रियाओं का पालन करना था और प्रति एकड 30 हजार रुपये की दर से लगान या हटाए गए बालू की मात्रा का स्वाममित्वा (जो अधिक हो) का भुगतान करना था। सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि जेएसएमडीसी ने राज्ये के 608 बालू घाटों में से 389 घाटों को चालू करने का प्रयास किया, लेकिन केवल 21 घाटों को ही सफलतापूर्वक चला सका। इस प्रकार वर्ष 2017–22 के दौरान 368 बालू घाटों को नहीं चलाया जा सका। इस कारण 368 गैर परिचालित घाटों के कारण राज्या सरकार को नवंबर 2019 से मार्च 2022 के दौरान इन घाटों (9,782.55 एकड क्षेत्र) के लिए 70.92 करोड रुपये के राजस्व की हानि हुई। सीएजी की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि झारखंड राज्य् खनिज विकास निगम ने वर्ष 2018–22 के दौरान झारखंड के केवल 22 बालू घाटों के पर हुई बालू की बिक्री से प्राप्त् आय का एक तिहाई से अधिक खर्च आईटी सोल्यूशन पर कर दिया। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार जेएसएमडीसी ने इस अवधि में केवल 22 बालू घाटों के लिए खनन योजना को तैयार की और इसके लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की थी। लेकिन इस दौरान अधिकतम 16 बालू घाट ही चालू थे। वहीं जेएसएमडीसी ने 200 घाटों के चालू करने के लिए आईटी सोल्यूशन की व्यवस्था की और इसपर अत्यधिक खर्च किया। सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि जेएसएमडीसी चाहता तो बालू घाटों के नेटवर्क लगाने की समय सीमा को संशोधित कर सकता था और उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण या छोटे पैमाने पर आईटी सोल्यूशन को लागू कर सकता था। साथ ही मुख्यालय स्तर पर कम संख्या में आईटी कर्मियों को तैनात कर सकता था, लेकिन जेएसएमडीसी ने ऐसा नहीं किया और इससे राजस्व की हानि हुई। उल्लेखनीय है कि सीएजी की रिपोर्ट को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने गुरुवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सदन के पटल पर रखा।

### धारावाहिक 'गणेश कार्तिकेय' में भगवान गणेश का शुभ विवाह

**मुंबई** : सोनी सब की पौराणिक गाथा, 'गाथा शिव परिवार की' गणेश कार्तिकेय के आने वाले एपिसोड में जब तुलसी (गीत जैन) भगवान गणेश से विवाह करने की इच्छा व्यक्त करती हैं, तो वह विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं। उनके मना करने से आहत होकर, तुलसी उन्हें शाप देती हैं, यह घोषणा करते हुए कि भगवान गणेश दो बार विवाह करेंगे और दो पत्नियों से बंधे रहेंगे। यह शाप ही वह चिंगारी बन जाता है जो एक गहरे ब्रह्मांडीय सत्य को प्रकट करता है : यह वह समय है जब भगवान गणेश का भगवान ब्रह्मा की पुत्रियों, रिद्धि और सिद्धि के साथ पवित्र मिलन होगा। भगवान गणेश का रिद्धि और सिद्धि के साथ विवाह केवल एक दिव्य घटना नहीं है, बल्कि पूरे शिव परिवार के लिए एक सुंदर, भावनात्मक क्षण भी है।

## 5जी की दौड़ में जियो सबसे आगे

# 23 करोड़ ग्राहक जोड़े, होम इंटरनेट में भी सबसे तेज बढ़त

- जियो-एयरटेल के कुल 40 करोड़ 5G यूजर, इसमें जियो की हिस्सेदारी सबसे अधिक
- जियो के 2.3 करोड़ होम ब्रॉडबैंड में से 95 लाख जियो एयर फाइबर पर

**नयी दिल्ली** : जियो देश में 5ऋ टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा खिलाड़ी बन कर उभरा है। उछरअ की नयी रिपोर्ट बताती है कि अब तक 23 करोड़ से ज्यादा ग्राहक जियो के 5G नेटवर्क से जुड़ चुके हैं, कोई भी भारतीय ऑपरेटर इतनी बड़ी तादाद में 5जी यूजर नहीं जोड़ सका है। रिपोर्ट के मुताबिक जियो का 5G स्टैंड-अलोन नेटवर्क पूरे देश में सबसे बड़ा और तकनीकी रूप से सबसे बेहतर है, और इसी नेटवर्क के दम पर जियो को 5G की दौड़ में सबसे आगे खड़ा दिखाई दे रहा है। कम्पनी के कुल 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों में से करीब आधे अब 5G सर्विस पर शिफ्ट हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जियो और एयरटेल मिल कर देश में 40 करोड़ से अधिक 5G उपयोगकर्ता जोड़ चुके हैं, और भारत के मोबाइल डेटा बाजार में इन दोनों कम्पनियों की सम्मिलित राजस्व हिस्सेदारी 81% तक पहुंच गयी है। 5G शुरू होने के बाद से बाजार की अधिकतर वृद्धि इन्हीं दो कम्पनियों के हिस्से में आयी है। इसमें से भी जियो ने 5जी के क्षेत्र में लीडर की भूमिका निभायी है। रिपोर्ट के अनुसार देश भर में 5ऋ स्मार्टफोन की लोकप्रियता भी तेजी से बढ़ी है। यह अब 91% का आंकड़ा छू चुकी है। 5जी के तेज नेटवर्क विस्तार को इसने और मजबूती दी है। जियो केवल मोबाइल 5G में ही नहीं, बल्कि घरों में इंटरनेट पहुंचाने की श्रेणी में भी सबसे आगे निकल गया है। कम्पनी के पास 2.3 करोड़ होम ब्रॉडबैंड ग्राहक हैं, और इनमें से 95 लाख घर अब जियो के 5G FWA (Fixed Wireless Access) यानी जियोएयरफाइबर पर चल रहे हैं। कम्पनी का लक्ष्य जियोफाइबर व जियोएयरफाइबर से 10 करोड़ ग्राहकों को जोड़ने का है। जियो का 5G FWA देश में होम इंटरनेट की तस्वीर तेजी से बदल रहा है और नये उपयोगकर्ताओं को जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम बन रहा है। भारत के लगभग 30 करोड़ घरों में से वायर्ड ब्रॉडबैंड कनेक्शन केवल 4.5 करोड़ घरों तक ही पहुंचा है। ऐसे में इस सेगमेंट में वृद्धि की बहुत बड़ी गुंजाइश है।

## हरे निशान पर बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स 427 अंक उछला

**नयी दिल्ली** : हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 426.86 अंक यानी 0.51 फीसदी उछलकर 84,818.13 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.55 अंक यानी 0.55 फीसदी बढ़कर 25,898.55 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स में शामिल 30 प्रमख कंपनियों में से कोटक महिंद्रा बैंक, इटर्नल, मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, सन फार्मास्यूटिकल्स और टेक महिंद्रा के शेयर में तेजी रही। वहीं, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, टाइटन, आईटीसी, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट दर्ज हुई है। इसके अलावा एशियाई बाजारों में जापान का निक्की 225, चीन का एसएसई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंग सेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 61.82 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

एक दिन पहले बुधवार को सेंसेक्स 275.01 अंक यानी 0.32 फीसदी टूटकर 84,391.27 के स?तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 81.65 अंक यानी 0.32 फीसदी गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ था।

## वी बिजनेस ने स्मार्ट गैस मीटरिंग सॉल्यूशंस के साथ आईओटी पोर्टफोलियो का किया विस्तार



**रांची** : भारत की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस और भारत की अग्रणी आईओटी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए स्मार्ट गैस मीटरिंग सॉल्यूशंस के साथ अपने एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की है। वर्ष 2018 में भारत में पहली बार स्मार्ट मीटर एनर्जी इकोसिस्टम में अग्रणी होने के नाते, वी बिजनेस अब भारत के तेजी से बढ़ते सीजीडी सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी आईओटी और एएमआई क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। यह यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने, ऑपरेशनल स्टैंडर्ड्स को बेहतर बनाने और एनर्जी वैल्यू चेन में डिजिटल मीटरिंग को अपनाने में तेजी लाने के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करने की वी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड का अनुमान है कि सीजीडी सेक्टर इस दशक के अंत तक कुल वॉल्यूम का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बनकर भारत का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस उपभोक्ता बन जायेगा। मांग में वृद्धि के साथ, स्मार्ट गैस मीटरिंग सीजीडी कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में उभरा है जो लीकेज, चोरी, मैनुअल बिलिंग त्रुटियों और हेराफेरी के कारण होने वाले लॉस्ट एंड अनअकाउंटेड गैस से निपटना चाहती हैं। वी बिजनेस का स्मार्ट गैस मीटरिंग सॉल्यूशन नैरोबैंड-आईओटी टेक्नोलॉजी और मजबूत कम्युनिकेशन नेटवर्क का लाभ उठाता है ताकि सीजीडी ऑपरेटरों को ऑपरेशनल दक्षता बढ़ाने और बिलिंग सटीकता में सुधार करने में मदद मिल सके। अरविंद नेवटिया, चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वी ने कहा कि डिजिटल मीटरिंग यूटिलिटीज के काम करने के तरीके को बदल रहा है, और स्मार्ट गैस मीटरिंग भारत के यूटिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन में अगली सीमा है। हमारी सिद्ध आईओटी और एएमआई विशेषज्ञता के साथ, हम सीजीडी ऑपरेटरों को उनके नेटवर्क को आधुनिक बनाने, अक्षमताओं को कम करने और बिना हिसाब वाली गैस को कम करने और राजस्व आश्वासन को बढ़ाने में बेहतर सेवा परिणाम देने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जम्मू ने समग्र कृषि विकास योजना के तहत एसआरईपी 2025 के लिए फ्लैग ऑफ सेरेमनी की

**जम्मू** : जम्मू ने समग्र कृषि विकास योजना के तहत एसआरईपी 2025 के लिए फ्लैग ऑफ सेरेमनी की। कृषि मंत्री ने फील्ड बेस्ड लर्निंग के महत्व पर जोर दिय। कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ऑफ जम्मू ने होलिस्टिक एग्रीकल्चर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत बाबा जित्तो ऑडिटोरियम चट्ठा में स्टूडेंट्स रूरल एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम 2025 के लिए फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया। जम्मू डिवीजन के सभी ज़िलों से लगभग 800 छात्र इस बड़े एक्सपीरिएंशियल लर्निंग इनिशिएटिव में हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर एग्रीकल्चर प्रोडक्शन डिपार्टमेंट रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट और पंचायती राज कोऑपरेटिव और इलेक्शन डिपार्टमेंट के मंत्री जाविद अहमद डार चीफ गेस्ट थे।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत में 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने को लेकर उत्साहित : सत्य नडेला



**बेंगलुरु** : अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने गुरुवार को कहा कि कंपनी बड़े बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) इकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट के यहां आयोजित कार्यक्रम में सत्य नडेला ने कहा कि हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें। यह 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश है। नडेला ने इसे एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा निवेश बताया। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने अपने संबोधन में देशभर में कंपनी के क्लाउड नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पास दुनियाभर में 70 से अधिक डेटा सेंटर क्षेत्र हैं। नडेला ने कहा कि भारत में हमारी उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। अब हमारे पास मध्य भारत, पश्चिम भारत, दक्षिण भारत में नेटवर्क है और हमने जियो के साथ भी साझेदारी की है। माइक्रोसॉफ्ट प्रमुख ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि 2026 में दक्षिण मध्य में हमारा एक नया डिजिटल सेंटर होगा। सबसे रोमांचक बात यह है कि यह पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है। उन्होंने एआई के बढ़ते उपयोग के इस युग में डिजिटल संप्रभुता एवं साइबर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। नडेला ने आगे बताया कि हाल में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई, जिन्होंने समाज, अर्थव्यवस्था एवं वृद्धि को गति देने के लिए इस निवेश (17.5 अरब अमेरिकी डॉलर) को लेकर काफी उत्साह दिखाया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबद्धता उनकी पिछली यात्रा के दौरान घोषित तीन अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त है। भारत में प्रतिभाओं की उपलब्धता के बारे में नडेला ने कहा कि कंपनी अपने कौशल विकास कार्यक्रमों पर और अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि हम अब समूचे भारत में दो करोड़ लोगों को एआई कौशल में प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। नडेला ने साथ ही कहा कि सरकार के ई-श्रम कार्यक्रम जैसी पहलें यह दशार्ती हैं कि एआई असंगठित श्रमिकों का उत्थान कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक गिटहब के साथ दुनिया का अग्रणी समुदाय बनने के लिए तैयार है।

## लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड और टाटा स्टील लिमिटेड ने गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर




**जमशेदपुर** : लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, बी. प्रभाकरण और टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक, श्री टी.वी. नारेंद्रन के बीच कच्चे माल की खान, परिवहन, पेलेट और इस्पात निर्माण जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी के अवसरों का अध्ययन करने के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रस्तावित साझेदारी का मकसद लॉयड्स मेटल्स और टाटा स्टील के व्यवसाय में मौजूद प्राकृतिक तालमेल का बेहतर इस्तेमाल करना है। यह समझौता ज्ञापन दोनों कंपनियों को एक ढांचा देता है, जिससे वे भारत के लौह अयस्क वाले राज्यों में नए इस्पात निर्माण प्रोजेक्ट, लौह अयस्क खनन, स्लरी पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर, पेलेट निर्माण, डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन उत्पादन और कम कार्बन वाले मूल्य वर्धित लोहे और इस्पात उत्पादों के निर्यात जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग का आकलन कर सकें। इसका लक्ष्य टाटा स्टील और लॉयड्स मेटल्स की ताकतों को मिलाकर घरेलू इस्पात सेक्टर में टिकाऊ और प्रभावी विकास को बढ़ावा देना है।

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 को मिला लाभ

**मुरादाबाद** : समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना वित्त वर्ष 2025-26 में मुरादाबाद में अब तक 1607 लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है। जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार इस योजना का मुख्य उद्देश्य परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु की दशा में उसके आश्रितों को जीवन निर्वाह के लिए एक मुश्त सहायता प्रदान करना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने गुरुवार को बताया कि विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत मृतक की आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा मृतक के परिवार की आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने की दशा में 46080 रुपए और शहरी क्षेत्र में निवासी होने की स्थिति में 56460 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना में मृतक की मृत्यु की तिथि से एक वर्ष के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने का प्रावधान है। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा पोर्टल upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाते हैं तथा निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले आवेदकों को एकमुश्त 30 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने आगे बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है।

## नाबार्ड के सर्वे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे में उल्लेखनीय सुधार का दावा

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के दो महीनों के सर्वे से पता चला है कि ग्रामीण इलाकों में आय बढ़ने से लोगों में जबरदस्त उम्मीद जगी है। सर्वे में 80 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने एक साल में लगातार ज?यादा खपत होने की बात कही है।

नाबार्ड के 8वें ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं मत सर्वेक्षण (आरईसीएसएस) के मुताबिक पिछले एक वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में उल्लेखनीय सुधार, आय में बढ़ोतरी और जीवन स्तर में बेहतर बदलाव के स्पष्ट संकेत मिले हैं। एक वर्ष के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उपभोग में वृद्धि, आय में बढ़ोतरी, घटती महंगाई और वित्तीय सतर्कता के बेहतर मानकों के साथ ग्रामीण भारत विकास की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। निरंतर कल्याणकारी सहायता और मजबूत सार्वजनिक निवेश इस गति को और बल दे रहे हैं। सितंबर, 2024 से नवंबर 2025 के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय मजबूती दर्ज की गई। सर्वे के मुताबिक ग्रामीण परिवारों में मासिक आय का 67.3 फीसदी हिस्सा अब उपभोग पर खर्च किया जाता है। यह सर्वेक्षण शुरू होने के बाद का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और इसमें जीएसटी दरों में सुधार का भी महत्वूपर्ण योगदान है। ग्रामीण परिवारों में से 42.2 फीसदी ने अपनी आय में वृद्धि दर्ज की है, जो अब तक के सभी सर्वेक्षणों में सबसे बेहतर प्रदर्शन है। केवल 15.7 फीसदी लोगों ने किसी भी प्रकार की आय में कमी का उल्लेख किया है, जो अब तक का सबसे न्यूनतम स्तर है। भविष्य की संभावनाएं काफी मजबूत नजर आ रही हैं, जिसमें 75.9 फीसदी लोगों को उम्मीद है कि उनकी आय अगले वर्ष बढ़ेगी जो सितंबर 2024 के बाद से सबसे ऊंचे स्तर का आशावाद है। पिछले वर्ष की तुलना में 29.3 फीसदी परिवारों में पूंजी निवेश में वृद्धि देखी गई है, जो पिछले किसी भी चरण में अधिक है जो कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों में संपत्ति सृजन में नई तेजी को दर्शाता है। निवेश में यह तेजी मजबूत उपभोग और आय में वृद्धि के कारण है, न कि ऋण संकट के कारण। 58.3 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने केवल औपचारिक ऋण स्त्रोतों का ही उपयोग किया है जो अब तक के सभी सर्वेक्षणों में अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सितंबर 2024 में यह 48.7 फीसदी था। हालांकि, अनौपचारिक ऋण का हिस्सा लगभग 20 फीसदी है, जो यह दशार्ता है कि औपचारिक ऋण की पहुंच को और व्यापक बनाने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है।

## पेज एक के शेष

**सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई तीखी नोक-झोंक...**

पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को किसी ने इस सम्बन्ध में गलत सूचना दी है। उन्होंने कहा कि वह 15 में वित्त आयोग के पैसे के लिए पिछले एक वर्ष से प्रयास कर रही हैं। इसे लेकर उन्होंने केन्द्र सरकार को कई बार पत्राचार भी किया है। उन्होंने कहा कि 15 में वित्त आयोग के 2700 करोड़ रुपये के लिए केन्द्र सरकार की ओर से शर्तें रखी गयी थीं, जिन्हें हमारी सरकार ने पूरा किया। इसे लेकर विभाग के सचिव और निदेशक के साथ पिछले छह माह से दिल्ली जाकर भी केन्द्रीय मंत्रियों से मिलने की कोशिश की, लेकिन मामले में केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री मिलने का समय ही नहीं देते हैं।

दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि राशि को लेकर केन्द्र सरकार की बाद में लगायी गयीं चार शर्तों को भी हमारी सरकार ने पूरा किया। बावजूद इसके केन्द्र की ओर से राशि नहीं दी जा रही है। विभागीय मंत्री ने कहा कि 24 नवम्बर को उन्होंने दूरभाष पर भी बात कर केन्द्रीय मंत्री से 15 वें वित्त आयोग के 1385 करोड़ रुपये देने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने इसे लेकर दिल्ली में केन्द्रीय सचिव विवेक भारद्वाज से मिल कर राशि देने का आग्रह किया था। इस पर उन्होंने राशि जल्द मुहैया कराने की बात कही, लेकिन फिर भी केन्द्र सरकार की ओर से अब तक राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी।

संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अफसोस की बात है कि केन्द्र सरकार की ओर से जान-बूझ कर राशि नहीं दी जा रही है।

**अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिये लोगों को मिलेगा तिलैया नहर का पानी : मंत्री...**

लेकिन उस समय डीवीसी को ही सभी अधिकार दे दिये गये। उन्होंने बताया कि तिलैया डैम 1953 में बना था और उस समय की शर्तों के मुताबिक डैम के 246 एमटीएम जल का उपयोग झारखंड को करने का अधिकार दिया गया था।

इस मामले को अल्प सूचित प्रश्न के तहत बरकटठा से भाजपा के विधायक अमित कुमार यादव ने उठाया था। उन्होंने सरकार से कोडरमा जिले के तिलैया नहर योजना के निर्माण कार्य के लिए जल्द डीपीआर बनाने की मांग की थी। विधायक ने कहा कि तिलैया नहर योजना का निर्माण कार्य 1950 से ही विचाराधीन है।

इसे लेकर वर्ष 2014-15 में डीपीआर बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन, यह अब तक नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि डीवीसी के सभी डैम झारखंड में बने हैं, लेकिन यह दुखद है कि इन डैमों से सिंचाई का कार्य झारखंड के किसान नहीं कर सकते हैं। डीवीसी के डैम के पानी का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल करता है।

**संथाल में दो अधिकारियों के बूते हो रहा सर्वे का काम, 50 वर्षों से काम पेंडिंग : हेमलाल...**

की नियुक्ति कर जल्द सर्वे का काम पूरा कराने की मांग की।

इसके जवाब में भू राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि मानव संसाधान की कमी के कारण सर्वे का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के अन्य प्रमंडलों में भी सर्वे का काम लम्बित है। मंत्री ने कहा कि राज्य में सीआई की परीक्षा का परिणाम जल्द आ जायेगा और कुछ पद प्रोन्नति देकर भी भरी जायेगी और सर्वे का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखड में सर्वे को लेकर अधिकारियों की टीम केरल और कर्नाटक भी गयी थी। इस काम के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण इसे रोकना पड़ा। मंत्री ने कहा कि वे कुछ सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संथाल में सर्वे के काम में तेजी लाने का प्रयास करेंगे, ताकि सर्वे का काम जल्द पूरा हो सके।

**कोयला खदान से उड़ते धूलकण पर होगा पानी का छिड़काव : योगेन्द्र...**

झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू की ओर से लाये गये गैर संकल्प के तहत पूछे गये सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि पाकुड़ जिला के अमडापाड़ा प्रखंड में कोयला खदान की धूल पूरे क्षेत्रवासियों को प्रभावित करती है। स्थानीय लोग टीबी (यक्ष्मा), हृदय रोग, अस्थमा सहित अन्य श्वांस से सम्बन्धित बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है। इसलिए सरकार कोयला खदान से होनेवाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में समुचित कदम उठाये। इसपर मंत्री ने जबाव देते हुए कहा कि जो बातें सदन में आयी हैं, उन पर राज्य सरकार आवश्यक कदम उठायेगी।

**डिजिटल एड्रेस इकोसिस्टम की विश्वसनीयता व राष्ट्रीय मानकीकरण पर डॉ. प्रदीप वर्मा ने उठाया महत्त्वपूर्ण प्रश्न...**

बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संचार मंत्रालय से निम्न प्रमुख बिन्दुओं पर स्पष्ट जानकारी मांगी।

- डाक विभाग द्वारा डिजिटल एड्रेस इकोसिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए हाल में उठाये गये सुधारात्मक कदम।
- एड्रेस-एज-ए-सर्विस मॉडल के तहत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण की वर्तमान प्रगति एवं कार्ययोजना।
- शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु डिजिटल पता कोड के मानकीकरण की स्थिति।
- प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने के बाद देश को अपेक्षित लाभ।

संचार राज्य मंत्री ने उत्तर देते हुए बताया कि मंत्रालय डिजिटल एड्रेसिंग सिस्टम को अधिक मजबूत, सुरक्षित, सटीक और उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहा है। डिजिटल पते के मानकीकरण, आधार के समान एक सार्वभौमिक डिजिटल पता पहचान तैयार करने तथा सरकारी एवं निजी सेवाओं को इस प्रणाली से जोड़ने की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि डिजिटल एड्रेस सिस्टम का मजबूत होना देश में ई-गवर्नेंस, सेवा प्रदायगी, आपदा प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स एवं डिलीवरी सेवाओं, तथा नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार लायेगा। उन्होंने सरकार से इस दिशा में शीघ्र, ठोस और प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा जतायी।

**सदन में कुशवाहा मेहता-देवेन्द्र कुंवर ने उठाया ओबीसी आरक्षण का मुद्दा...**

मामले पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

इसके पूर्व विधायक देवेन्द्र कुंवर ने मामला को उठाते हुए कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में पिछड़ों और अति पिछड़ों की आबादी कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक है। लेकिन, आरक्षण शून्य होने से इस बड़ी आबादी का अस्तित्व खतरे में है। वहीं, मामले में विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि ओबीसी की आबादी हझारखंड की कुल आबादी का 55 प्रतिशत है, लेकिन इस वर्ग को केवल 14 प्रतिशत आरक्षण का ही लाभ दिया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में ओबीसी वर्ग का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। कुशवाहा ने कहा की हेमन्त सरकार ने चुनावी घोषणा में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण करने की घोषणा की थी। इस पर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि 2022 में कोर्ट के निर्णय को देखते हुए आरक्षण को बढाकर 27 प्रतिशत किया गया था। बाद में इसपर कोर्ट का हस्तक्षेप हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने केन्द्र सरकार के समक्ष ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की मांग को भेजा है। वहां से रिपोर्ट आते ही आरक्षण को बढाकर 27 प्रतिशत कर दिया जायेगा। इस पर कुशवाहा ने कहा कि चुनाव के समय राज्य सरकार की ओर से जिस तरह बड़ी-बड़ी बातें कही गयीं। आरक्षण बढ़ाने की घोषणा हुई, तब तो सरकार ने केन्द्र सरकार का हवाला देकर घोषणा नहीं की थी। उन्होंने कहा कि मंत्री बतायें कि कब तक इस कार्य को सरकार पूरा कर लेगी।

इसके बाद प्रभारी मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने जब अपने कार्यकाल में ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटा कर 14 प्रतिशत किया, तब क्या झामुमो से पूछ कर किया था। इस बीच स्पीकर ने हस्तक्षेप किया। साथ ही, मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने भी कहा कि सदस्य कुशवाहा जितनी उम्मीद से मामले पर गम्भीरता दिखा रहे हैं। हेमन्त सरकार भी उतनी ही गम्भीरता से इस पर ठोस निर्णय लेने को चिन्तित है। इसे निश्चित रूप से किया जायेगा।

**रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पर जेएलकेएम विधायक ने उठाया सवाल...**

में मामला विचाराधीन या प्रक्रियाधीन है, बता कर मामले को टाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार स्पष्ट तौर पर बताये कि राज्य में रिक्तियों को कब तक पूरा किया जायेगा। इस पर कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग के प्रभारी मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि सरकार पूरी पारदर्शिता से नियुक्तियां कर रही है। नियुक्ति पत्र भी बांट रही है। अबतक 26 हजार नियुक्तियां सरकार ने की है और आगे भी नियुक्ति का दौरा जारी रहेगा। इस पर जयराम महतो ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र से दूसरे देश में मजदूरी करने गये, 10-12 लोगों की अबतक मौत हो गयी है। वे वहां कोई आईएएस या आईपीएस की नौकरी करने नहीं गये थे, बल्कि मजदूरी का काम करने गये थे। लेकिन, उस समय काफी दुख होता है जब विदेश से एक मजदूर अपने घर में फोन कर वहां हो रही गोलीबारी की खबरें सुनाता है और अपनी अंतिम फोटो, मृत्यु होने से कुछ ही समय पहले व्हाट्सअप पर भेजता है। मजदूर पत्नी को कहता है इसे देख लेना। शायद वह आगे जिन्दा न रहे। ये बातें सुन कर मृतक के घर में क्या बीत रही होगी। इसे महसूस करने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि मजदूर यह पीड़ा सिर्फ रोजगार के कारण सहता है। इसलिए सरकार एक कमेटी बना कर नियुक्ति करे, तभी स्थानीय लोगों को राज्य में रोजगार मिल सकेगा। इस पर मंत्री बिरुआ ने कहा कि कोर्ट के मामले में वह टिप्पणी करना नहीं चाहेंगे, लेकिन रिक्तियों को पूरा करने के लिए हमारी सरकार गम्भीर है।

**कांग्रेस ने भारत की संस्कृति, सोच और मूल्यों से किया समझौता : नड्डा...**

स्वतंत्रता के अस्त्र-शस्त्र धारण किए हुए चित्रित किया गया था। 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर 1937 तक की कांग्रेस कार्यसमिति की रिपोर्टों का हवाला देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि उस समय में प्रस्ताव में कहा गया था कि अन्य अंतरे कम जाने जाते हैं और शायद ही कभी गाये जाते हैं; उनमें ऐसे संकेत और धार्मिक विचारधाराएं हैं, जो भारत के अन्य धार्मिक समूहों की विचारधाराओं के अनुरूप नहीं हो सकतीं। समिति ने अपने मुस्लिम मित्रों की आपत्तियों को स्वीकार किया और निर्णय लिया कि जब भी यह गीत गाया जाये, केवल पहले दो अंतरे ही गाये जायें, वे पढ़ते हैं।

सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहा कि चर्चा तभी सार्थक होगी, जब 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय ध्वज के समान सम्मान दिया जायेगा। राष्ट्रीय गीत का दर्जा समान है।

**भारत का लोकतंत्र जीवंत और सशक्त : सुधांशु त्रिवेदी...**

के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करता है, तो चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए इसे रिश्वत माना जाता है, लेकिन जब सत्ताधारी दल ऐसा करता है, तो उसे उसी तरह नहीं देखा जाता।

चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यदि हम पूर्वी यूरोप से जापान तक देखें, तो वहां केवल तीन लोकतंत्र देश हैं...भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान। उनमें से भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां एक जीवंत और सशक्त लोकतंत्र है।

सदन में अपनी बात रखते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने 1952 के पहले आम चुनाव का जिक्र किया। इस चुनाव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर भी बॉम्बे (अब मुम्बई) नार्थ सीट से चुनावी मैदान में थे। लेकिन, उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें हरानेवाले कोई और नहीं, बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार नारायण काजोलकर थे। डॉ. त्रिवेदी ने दावा किया कि 34000 वोट रद्द करके उन्हें 15,000 वोट से हरा दिया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को एक पत्र लिखा था। सुधांशु त्रिवेदी ने सदन को बताया कि नेहरू ने माउंटबेटन को लिखा था, 'बॉम्बे निर्वाचन क्षेत्र में हमारी जीत स्वीकार कर ली गयी है। नेहरू ने कथित तौर पर कहा था कि अम्बेडकर 'हिन्दू कम्युनिस्टों' के साथ हाथ मिला रहे हैं। आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा कि सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह सब इंदिरा गांधी की चुनावी जीत पर अदालत में सवाल उठाये जाने का ही परिणाम था। उन्होंने सदन में कहा कि देश में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की शुरुआत राजीव गांधी के कार्यकाल में हुई थी, लेकिन कांग्रेस के पतन का कारण तकनीक नहीं, बल्कि पारदर्शिता थी। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'कांग्रेस का दौर तब खत्म हुआ जब देश में सीसीटीवी कैमरे आये, वोटर आईडी कार्ड लागू हुए, मीडिया स्वतंत्र हुआ, न्यायपालिका निष्पक्ष हुई और साक्षरता दर 50 प्रतिशत के पार पहुंची। कांग्रेस को वोट तब मिलते थे जब मतपेटियां लूटी जाती थीं। वह दौर था, जब बूथ कैप्चरिंग होती थी, गोलियां चलती थीं और लोग मारे जाते थे। तकनीक और जागरूकता ने उस लूट तंत्र को खत्म कर दिया है और अब वह दौर कभी वापस नहीं आयेगा। डीएमके सांसद एनआर इलांगो ने चुनावी सुधारों के कानूनी ढांचे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास एक पूरी तरह से सुरक्षित चुनावी प्रणाली नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा तैयार की गयी ईवीएम की डिजाइन ही सबसे बड़ी समस्याएं पैदा कर रही है। वे चुनाव आयोग की ईवीएम से सम्बन्धित FAQs की दो प्रविष्टियों का हवाला देते हुए बताते हैं कि पारदर्शिता की कमी है और तकनीकी चुनौतियां मौजूद हैं। वीवीपैट प्रक्रिया का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता और कंट्रोल यूनिट के बीच कोई सीधा सम्पर्क (इंटरफेस) नहीं है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने भी चर्चा में भाग लिया। तृणमूल कांग्रेस सांसद डोला सेन ने बांग्ला भाषा में चर्चा में भाग लिया। डोला सेन ने चुनाव आयोग के क्षेत्राधिकार, नागरिकता पर फैसले का हक और बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठिये जैसे मुद्दे उठाये। एआईएडीएमके सांसद थंबीदुरई ने भी चर्चा में भाग लिया। उन्होंने मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि राज्य में सत्ताधारी डीएमके सरकार प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रही है।

## एक झलक

### वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

**वॉशिंगटन :** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड ऑयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का 45 सेकंड का वीडियो जारी किया। वीडियो में दो सैन्य हेलिकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है।

### 09 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को ट्रम्प गोल्ड कार्ड के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपए) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डॉलर देना होगा। ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में पहले 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डॉलर (42 करोड़ रुपए) रखी थी। सितंबर में इसे घटाकर 1 मिलियन डॉलर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लैटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपए) है।

### पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया। उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है।

### मेक्सिको भी भारत पर 50% टैरिफ लगायेगा

**मेक्सिको सिटी :** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको दूसरे देशों पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। इसमें मुख्य रूप से चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। ये देश मेक्सिको के कुल आयात का बड़ा हिस्सा (2024 में $253.7 अरब) कवर करते हैं, और इनसे व्यापार घाटा $223 अरब है। इस नए कानून के अनुसार कारें, ऑटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1,400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा।

# कृषि विद्यार्थी तकनीक व नवाचारों के जरिये बनें राष्ट्र निर्माण के ध्वजवाहक : सिंधिया

एजेंसी

**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में गुरुवार को केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए। समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि आज से आप सबकी जिंदगी का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। विश्वविद्यालय में अर्जित ज्ञान, आत्मविश्वास एवं गुरुजनों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन आप सबके सुखद भविष्य का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि कृषि विद्यार्थियों के लिये नवाचार, साझेदारी और किसानों के प्रति संवेदनशीलता सफलता के प्रमुख आधार हैं। आप सब तकनीक व नवाचारों के जरिए राष्ट्र निर्माण के ध्वजवाहक बनकर उभरें। समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला एवं विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह सहित विश्वविद्यालय प्रबंधन के अन्य सदस्यगण, छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में स्नातक के 257, स्नातकोत्तर के 256 एवं पीएचडी के 30 विद्यार्थियों सहित कुल 543 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। साथ ही विश्वविद्यालय की 4 छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इनमें स्नातक की दो, स्नातकोत्तर की एक व पीएचडी की एक छात्रा शामिल है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा, जब कृषि को डिजिटल, तकनीक और एआई की शक्ति मिलेगी। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी इस दिशा में आगे आएं। उन्होंने तीन सूत्रों विजन (दृष्टि), कोलाबोरेशन (सहयोग) व कॉम्पेशन (संवेदनशीलता) के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता के गुर बताए। उन्होंने कहा कि अच्छे विजन से विद्यार्थी कृषि के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। इसी तरह सफलता के लिये कोलाबोरेशन अर्थात टीम के साथ सामूहिक सहयोग जरूरी होता है। अच्छी टीम गठित कर कार्य को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकता है। इन सबके लिये कॉम्पेशन अर्थात करुणा व संवेदनशीलता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौजवानों के लिये वर्तमान में सबसे अनुकूल समय है। भारत अंतरिक्ष से लेकर तकनीक के क्षेत्र में इतिहास रच रहा है। इस सुअवसर का विद्यार्थी फायदा उठायें। विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) व ड्रोन तकनीक को कृषि के क्षेत्र में प्रमुखता से अपनाएं। इस अवसर पर सिंधिया ने अपनी दादी राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया को याद किया। उन्होंने कहा कि राजमाता ने राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ अपना संपूर्ण जीवन समाज के कमजोर वर्गों और ग्रामीण उत्थान के लिए समर्पित किया।



कृषि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में कृषि विद्यार्थियों को 543 उपाधियां और 04 स्वर्ण पदक किये गये प्रदान

गुजरात में एआई क्रांति : मुख्यमंत्री ने किया एआई स्टैक का शुभारम्भ, स्टार्टअप्स को मिलेगा नया मंच

# प्रधानमंत्री की विजनरी लीडरशिप में एआई राष्ट्रीय प्रगति का मिशन : भूपेन्द्र

- रीजनल एआई कॉन्फ्रेंस में गिफ्ट सिटी-गूगल साझेदारी, केबल लैंडिंग स्टेशन एमओयू और एआई एक्सपीरियंस जोन आकर्षण का केन्द्र
- कृषि, स्वास्थ्य, सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट में एआई आधारित मॉडल से नये परिणाम ; 2026 की वैश्विक एआई समिट की तैयारी तेज




एजेंसी

**गांधीनगर :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्यव्यापी गुजरात यूनिफाइड डिजिटल स्टैक को ऑपरेशनलाइज कर डिजिटल गवर्नेंस को अधिक स्मार्ट, तेज तथा सिटीजन सेंट्रिक बनाने की मंशा व्यक्त की है। उन्होंने जोड़ा कि इसके परिणामस्वरूप नागरिकों को सभी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म से आसानी से मिलने के साथ विभागों के बीच डेटा शेयरिंग तेज बनने से योजनाओं के आउटकम का रीयल टाइम एनालिसिस भी हो सकेगा। भूपेन्द्र पटेल गुरुवार को गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आयोजित हो रही रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस का प्रारंभ कराते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉन्फ्रेंस अंतर्गत आयोजित एआई एक्सपीरियंस जोन का उद्घाटन कर विभिन्न स्टार्टअप स्टॉल्स का निरीक्षण किया। इस समारोह में उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अर्जुन मोढवाडिया उपस्थित रहे। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन केन्द्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राज्य सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उपक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में फरवरी-2026 में आयोजित होने वाली एआई इम्पैक्ट समिट के पूर्वार्ध तथा प्री-इवेंट के रूप में किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर गुजरात एआई स्टैक लॉन्च किया। इस एआई स्टैक के लॉन्च होने से सरकारी विभागों में 'प्लग-एंड-प्ले' एआई अपनाने के लिए 6 प्रमुख एआई टूल्स - कृषि एआई, योजना की पात्रता जाँच, प्रोक्योरमेंट चैटबोट, ग्रीवेंस क्लासीफायर, डॉक्यूमेंट एक्स्ट्रैक्टर तथा चैट मैनेजमेंट टूल से गवर्नेंस अधिक तेज, सटीक तथा नागरिकोन्मुखी बनेगा। गुजरात क्लाउड एडॉप्शन गाइडलाइन्स 2025 भी महानुभावों ने लॉन्च की। राज्य के डिजिटल गवर्नेंस को अधिक सुरक्षित, स्केलेबल तथा एआई रेडी बनाने के लिए ये गाइडलाइन्स 2025 में उपयोगी सिद्ध होंगी और Meity एम्पैनल्ड कम्प्यूट का उपयोग आसान बनेगा। इस कॉन्फ्रेंस में दो महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें गुजरात सरकार - गूगल और भाषिणी के बीच हुए एमओयू के अनुसार बहुभाषीय एआई, गुजराती भाषा मॉडलों और डिजिटल पब्लिक सर्विसेज के लिए रणनीतिक भागीदारी की जाएगी। इतना ही नहीं; गुजरात सरकार झ गिफ्ट सिटी तथा हेनोक्स द्वारा राज्य में केबल लैंडिंग स्टेशन्स (सीएलएस) स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया। इससे गुजरात वैश्विक डिजिटल कनेक्टिविटी का केन्द्र बनेगा तथा ग्रीन डेटा सेंटर्स को बल प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री की लीडरशिप में एआई केवल टेक्नोलॉजी का संसाधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति का मिशन बन गया है। गुजरात ने सदैव टेक्नोलॉजी प्रेरित विकास में अग्रसरता बनाए रखी है। उन्होंने जोड़ा कि जन सुख-समृद्धि में वृद्धि, पारदर्शिता तथा फ्यूचर रेडी गुजरात के लिए एआई सक्षम संसाधन है। भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री की विजनरी लीडरशिप में देश में गत एक दशक में बहुत बड़े बदलाव आए हैं। छोटे से छोटे व्यक्ति तक टेक्नोलॉजी पहुँची है और इंडिया एआई मिशन शुरू हुआ है।

# मप्र का बालाघाट जिला नक्सलवाद से मुक्त

## आखिरी बचे नक्सलियों ; दीपक और रोहित ने किया आत्मसमर्पण




एजेंसी

**बालाघाट/भोपाल :** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में अंतिम बचे हार्डकोर नक्सली दीपक ने गुरुवार को बिरसा क्षेत्र के कोरका में अपने साथी रोहित के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इसके साथ ही 90 के दशक से लाल आतंक का दंश झेल रहा बालाघाट जिला आधिकारिक तौर पर नक्सलवाद मुक्त हो गया है।नक्सल एसपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि दीपक पर 29 लाख रुपये और रोहित पर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। दोनों ने गुरुवार को कोरका कैंप पहुंचकर हथियार त्याग दिए और पुनर्वास की इच्छा जताई। एसपी शुक्ला ने बताया कि बालाघाट जिला 1990 से नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश को मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने की समय-सीमा तय की है, लेकिन बालाघाट ने इस लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लिया है। दीपक और रोहित ने राज्य सरकार की पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्हें मौजूदा नीति के तहत आर्थिक सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्स्थापना का आश्वासन दिया गया है।आत्मसमर्पण करने वाला दीपक उर्फ सुधाकर उर्फ मंगल उइके वर्ष 1995 से नक्सली संगठन से जुड़ा था। वह मलाजखंड दलम का डिप्टी कमांडर था और डीवीसीएम रैंक का माओवादी था। उसने अपने साथी रोहित एसीएम, दरेकसा एरिया कमिटी के साथ सार बटालियन सीआरपीएफ कैंप कोरका थाना में आत्मसमर्पण किया है। दीपक ने एक स्टेनगन भी जमा करवाई है। दीपक बालाघाट के ही ग्राम पालगोंदी का रहने वाला है। वह बेहद चालाक और रणनीतिकार माना जाता है, लेकिन बालाघाट पुलिस और सुरक्षाबलों की सघन सर्चिंग और लगातार नक्सलियों के सरेंडर से हारकर दीपक ने भी हथियार डाल दिए हैं। इसके साथ ही बालाघाट में नक्सलवादी दलम और उनसे जुड़े हार्डकोर माओवादी सभी का अंत हो गया है।बालाघाट जिले में नक्सलियों के आत्मसमर्पण की यह प्रक्रिया एक नवंबर को महिला नक्सली सुनीता के समर्पण से शुरू हुई थी।

### दिल्ली-एनसीआर की हवा बेहद खराब

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता दीपावली के बाद से ही खतरनाक स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लगातार प्रयास के बावजूद गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 307 रहा। यह बहुत खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 307 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। एनसीआर के अन्य इलाकों में प्रदूषण लगातार बहुत खराब श्रेणी के आसपास बना हुआ है। नोएडा का एक्यूआई 322, गाजियाबाद 343 और ग्रेटर नोएडा 301 रहा, जो 'बहुत खराब' श्रेणी को दर्शाते हैं।

# 05 राज्य में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

- मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फॉर्म भर सकेंगे; पहले 11 दिसम्बर लास्ट डेट थी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने गुरुवार को 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर यानी वोटर वेरिफिकेशन) की समयसीमा बढ़ा दी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी। आयोग ने बताया कि गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए समयसीमा गुरुवार को ही समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी। केरल में पहले ही आखिरी तारीख 18 दिसंबर कर दी गई थी जिसका ड्राफ्ट 23 दिसंबर को पब्लिश होगा। चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समयसीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

# शिमला रेलवे स्टेशन को मास्टर प्लानिंग के तहत किया जा रहा विकसित : रेल मंत्री




एजेंसी

**धर्मशाला :** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि हिमाचल प्रदेश को उत्तरी रेलवे जोन में कवर किया गया है और इस जोन के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 2,216 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया गया है, जिसमें से अब तक 919 करोड़ रुपए खर्च किये जा चुके हैं। रेल मंत्री ने यह जानकारी लोकसभा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के सवाल के जवाब में लोक सभा में दी। उन्होंने बताया कि अमृत भारत योजना के अन्तर्गत देश में 1,337 रेलवे स्टेशन विकसित किये जा रहे हैं जिसमें से हिमाचल प्रदेश के पालमपुर, शिमला, बैजनाथ पपरोला और अम्ब अम्बोटा स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने बताया की इसमें से पालमपुर, बैजनाथ पपरोला और अम्ब अम्बोटा रेलवे स्टेशनों को विकसित कर दिया गया है जबकि शिमला को मास्टर प्लानिंग के अन्तर्गत कवर किया जा रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि पंचरुखी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म, शेल्टर, बेंटिंग हॉल, पेयजल, शौचालय और यात्रियों के बैठने की उचित सुविधा प्रदान की गई है जोकि तय मापदण्डों से ज्यादा हैं। उन्होंने बताया कि अमृत भारत योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों पर वेटिंग हॉल, टॉयलेट, वाटर बूथ, बैठने की उचित व्यवस्था, लिफ्ट, एस्केलेटर/रैंप आदि की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रहीं हैं।

### रेलवे ट्रैक पर पोल डाल ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम

**बागपत :** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में दिल्ली-शामली रेलमार्ग पर शरारती तत्वों ने ट्रेन को पलटाने बड़ी साजिश सामने आई है। यहां बावली रेलवे हाल्ट और बड़ौत रेलवे स्टेशन के बीच में रेलवे ट्रैक पर लोहे का पोल डाल दिया। इस दौरान शामली की ओर जा रही मालगाड़ी के लोको पायलट की सतर्कता और इमरजेंसी ब्रेक लगाने से ट्रेन हादसा होने से टल गया। ट्रैक पर लोहे का पोल डाले जाने की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग से लेकर पुलिस में हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंचे रेलवे व पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। बड़ौत कोतवाली में गुरुवार को इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# 'छूमंतर' में नहीं दिखेंगी अनन्या पांडे



**मुम्बई :** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे इन दिनों अपने व्यस्त शेड्यूल और लगातार आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक तरफ वह कार्तिक आर्यन के साथ अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन में पूरी तरह व्यस्त हैं, जो इस क्रिसमस रिलीज होने जा रही है। दूसरी तरफ वह अमेजन प्राइम वीडियो की लोकप्रिय वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की तैयारी में लगी हैं। इसी बीच आई एक खबर ने उनके प्रशंसकों को निराश कर दिया है। अनन्या अब आगामी फिल्म 'छूमंतर' का हिस्सा नहीं रहेंगी। एक सूत्र के अनुसार, फिल्म की शूटिंग जनवरी 2026 में शुरू होने वाली थी, जो सीधे-सीधे 'कॉल मी बे 2' के शूट शेड्यूल से टकरा रही थी। चूंकि वेब सीरीज की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, इसलिए अनन्या और 'छूमंतर' के निर्माताओं ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। सूत्र ने बताया कि दोनों पक्षों ने भविष्य में साथ काम करने का वादा भी किया है। इन अभिनेत्रियों पर टिकीं निगाहेंअनन्या के फिल्म से बाहर होने के बाद कास्टिंग को लेकर काफी हलचल है। सूत्रों का कहना है कि पिछले हफ्ते तीन अभिनेत्रियों के साथ एक मॉक शूट भी किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जानकी बोडीवाला और श्रीलीला का नाम अब प्रमुखता से चर्चाओं में है, और उनमें से कोई एक अभय वर्मा के साथ इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकती हैं।

# कोचीन शिपयार्ड में बना है भारत का पहला हाइड्रोजन चालित जलयान

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में देश की पहले हाइड्रोजन चालित जलयान गंगा नदी में गुरुवार से विधिवत चलने लगा है। इस जलयान को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में निर्मित किया गया है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शहरी परिवहन के लिए डिजाइन की गई 24 मीटर लंबा यह कैटामरान वातानुकूलित केबिन में 50 यात्रियों को ले जा सकती है और 6.5 समुद्री मील की गति से चलती है। इसकी हाइब्रिड ऊर्जा प्रणाली में हाइड्रोजन ईंधन सेल, बैटरी और सौर ऊर्जा का संयोजन है, जिससे एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह आठ घंटे तक चल सकती है। यह जलयान इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग द्वारा प्रमाणित है। हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान की वाणिज्यिक सेवा की शुरुआत स्वच्छ और अधिक टिकाऊ समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल के नेतृत्व में, आईडब्ल्यूएआई मेरीटाइम इंडिया विजन 2030 और मेरीटाइम अमृत काल विजन 2047 के अंतर्गत उन्नत हरित प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक ईंधनों को अपनाने को बढ़ावा दे रहा है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के स्वामित्व वाला यह जलयान 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों में स्वच्छ, टिकाऊ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रयासों का समर्थन करती है। पायलट जलयान एफसीवी पायलट-01 को चालू करने के लिए, आईडब्ल्यूएआई, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इनलैंड एंड कोस्टल शिपिंग लिमिटेड ने तकनीकी सहायता, संचालन और निगरानी को रेखांकित करते हुए एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। इस समझौते में वित्तीय शर्तें, सुरक्षा प्रक्रियाएं, निगरानी तंत्र और पायलट चरण के दौरान आवधिक निरीक्षण के प्रावधान शामिल हैं। वाराणसी में शुरू हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान शहरी जल परिवहन को कई महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाता है, जिनमें यात्रियों और तीर्थयात्रियों के लिए शोर-मुक्त यात्रा, केवल जल उत्सर्जन के धुआं मुक्त, प्रदूषण मुक्त, और जलमार्गों के माध्यम से तेज आवागमन से सड़क पर भीड़भाड़ में कमी शामिल है।


एक बार ईंधन भरने के बाद आठ घंटे चलता है हाइड्रोजन जलयान

### पहले हाइड्रोजन चालित जलयान को केन्द्रीय मंत्री सोनोवाल ने दिखायी हरी झंडी

उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में देश के पहले हाइड्रोजन चालित जलयान का संचालन गंगा नदी में गुरुवार से शुरू हो गया। नमोघाट पर आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने इस जलयान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जलयान (वाटर टैक्सी) में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल खुद भी सवार होकर ललिताघाट तक गए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत देश में आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर एक परिवर्तनकारी बदलाव दिख रहा है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी की 'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता और हरित परिवहन के महत्व को बताती है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह जलयान हरित परिवहन के अगले युग को परिभाषित करेगा। जलमार्गों पर स्वच्छ तकनीकों को बढ़ावा देकर हम न केवल नवाचार को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि यह भी तय कर रहे हैं कि विकास पर्यावरण के प्रति हमारे दायित्व के साथ-साथ चले।

**नमोघाट से ललिताघाट श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गंगा गेट तक खुद भी बैठे**